

■ न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी - 12



■ इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार- 12



■ भारत की नई परमाणु-चालित पनडुब्बी 'आईएनएस अरिदमन' सेवा में शामिल - 13




■ भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव से मांगी माफी - 14


आज का मौसम

33.0⁰ अधिकतम तापमान

19.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.59

सूर्यास्त 06.32

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:09 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 4 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 129, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**प्रधानमंत्री का रोड शो**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पुडुचेरी में विशाल रोड शो किया, जिसने करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान उनके साथ पुडुचेरी के कई बड़े नेता भी मौजूद थे। ● एजेंसी

## न्यायिक अधिकारियों के घेराव का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मुख्य साजिशकर्ता समेत दो लोगों को शुक्रवार को सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई है। उसे तब गिरफ्तार किया गया जब वह एक विमान में सवार होने की कोशिश कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि वह कालियाचक कांड का मुख्य साजिशकर्ता है, जिसने बुधवार रात को सात न्यायिक अधिकारियों का बीडीओ कार्यालय के अंदर कई घंटों तक घेराव किया था। वह विमान में सवार होकर भागने की फिराक में था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (उत्तर बंगाल) के. जयरामन ने पत्रकारों को बताया कि मोफक्करुल इस्लाम उत्तर दिनाजपुर जिले के इटाहार का रहने वाला है और वर्तमान में कोलकाता में रह रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भाषणों के माध्यम से स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में कालियाचक पुलिस थाने में उसके खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इस भड़काऊ भाषण के बाद मोथाबारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालियाचक-2 ब्लॉक कार्यालय के अंदर सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। उन्होंने बताया, घटना के बाद हमने मोफक्करुल इस्लाम का पीछा किया और पश्चिम बंगाल आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) और सिलीगुड़ी पुलिस की मदद से उसे और उसके साथी को बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ तीन अलग-अलग जगहों पर स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कालियाचक घटना के संबंध में कुल 19 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एनआईए द्वारा जांच अपने हाथ में लेने के बावजूद वह अपनी जांच जारी रखेगी।



मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम (दाएं से दूसरे)।

- पश्चिम बंगाल पुलिस ने बागडोगरा हवाई अड्डे से दबोचा, दो अन्य आरोपी भी वहीं से गिरफ्तार
- मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई

### एनआईए की 24 सदस्यीय टीम जांच को मालदा पहुंची

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग द्वारा एनआईए को जांच सौंपे जाने के बाद एक टीम मामले की जांच के लिए मालदा पहुंची और मोथाबाड़ी और कालियाचक थाना क्षेत्रों का दौरा किया। आयोग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उठाया, जिसने इस मुद्दे पर बंगाल प्रशासन की कड़ी आलोचना की थी। एनआईए की 24 सदस्यीय टीम ने मोथाबाड़ी में पुलिस और अन्य कर्मियों से बात की और उस स्थान से सुराग एकत्र किए जहां भीड़ जमा हुई थी और सुरक्षा बलों द्वारा नाकाबंदी हटाने की कोशिश के दौरान वाहनों पर पथराव किया था। इस टीम का नेतत्व डीआईजी स्तर के एक अधिकारी कर रहे हैं।

**ब्रीफ न्यूज**

### सीबीएसई : छठी कक्षा में पढ़नी होंगी तीन भाषाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

(विस्तृत देश विदेश पेज पर)

### दिल्ली समेत कई राज्यों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार रात 9 :42 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजाकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5 .9 मापी गई।

### दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने का पूर्वानुमान

**नई दिल्ली।** आईएमडी ने शुक्रवार को कहा कि इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत पर एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिनकी तीव्रता शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को चरम पर रहेगी। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में ओलावृष्टि होने की संभावना है और कश्मीर घाटी में शुक्रवार व शनिवार को कुछेक स्थान पर भारी बारिश भी हो सकती है।

# पूरे पश्चिम एशिया में ईरान के हमले अमेरिकी विमान को भी मार गिराया

## पहली बार ईरान में गिरा अमेरिकी विमान, अभियान में एक पायलट बचाया

- खतरनाक मोड़ पर पहुंची पश्चिम एशिया जंग, इजराइल-अमेरिका ने तेहरान को निशाना बनाया

दुबई/तेहरान, एजेंसी

पश्चिम एशिया में चल रही जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। मिसाइल हमलों के बीच ईरान ने शुक्रवार को एक अमेरिकी फाइटर जेट गिराया दिया। जेट में सवार अमेरिकी पायलट दक्षिण-पश्चिमी ईरान में विमान से सुरक्षित बाहर निकल गए। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीतर किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है।

बाद में अमेरिका ने इजराइल की मदद से चालक दल के एक सदस्य को बचा लिया, जबकि दूसरे की ललाश जारी है। घटनाक्रम से अवगत तीन अधिकारियों ने बताया कि यह बचाव ऐसे समय हुआ जब अमेरिकी सेना तलाश एवं बचाव अभियान चला रही थी। इजराइल इस तलाश एवं बचाव अभियान में अमेरिका की मदद कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी दे दी गई है, लेकिन उन्होंने इससे अधिक कोई और ब्यौरा नहीं दिया। वहीं, ईरान ने समाचार चैनल के माध्यम से लोगों से आग्रह किया था कि वे किसी भी दुश्मन पायलट को पुलिस के हवाले कर दें और ऐसा करने वाले व्यक्ति को इनाम दिया जाएगा। अधिकारियों ने जनता से पड़ोसी प्रांत चहारमहल और बख्तियारी में भी पायलट की तलाश करने का आग्रह किया था।

ईरान ने शुक्रवार को समूचे पश्चिम एशिया में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे कुवैत में समुद्री पानी को पेयजल में बदलने वाला एक विलवणीकरण संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया और एक रिफाइनरी में आग लग गई। वहीं, अमेरिका और इजराइल ने हवाई हमले कर तेहरान को निशाना बनाया।



कराज शहर में हवाई हमलों से क्षतिग्रस्त हुआ पुल।

### थोड़ा और समय मिले तो होर्मुज से आसानी से मुनाफा कमा सकते : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अगर अमेरिका को ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान थोड़ा और समय मिल जाए तो वह आसानी से होर्मुज को फिर से खोल सकता है और तेल के पूरे प्रवाह पर नियंत्रण कर भारी मुनाफा कमा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। यह दुनिया के लिए एक खजाना साबित होगा?

### अबू धाबी में 5 भारतीय घायल

**नई दिल्ली।** अबू धाबी में शुक्रवार को एक मिसाइल के मलबे से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल हैं। पिछले सप्ताह, अबू धाबी में यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों के मलबे की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक भारतीय भी शामिल था। रियाद में 18 मार्च को हुए ईरानी हमले में एक और भारतीय नागरिक मारा गया था।

### अमेरिका ने शीर्ष अधिकारी को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी और दो अन्य जनरलों को पदों से हटा दिया है। ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के बीच सेना के शीर्ष अधिकारियों को हटाए जाने के कारणों की जानकारी नहीं दी गई है।

## घुसपैठियों को निकालेंगे, 'लव-लैंड जिहाद' नहीं पनपने देंगे : मुख्यमंत्री

- असम के चुनावी रण में गरजे योगी कांग्रेस-यूडीएफ पर सीधा वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव से पहले ही मैदान छोड़कर भाग चुकी है, जबकि यूडीएफ घुसपैठियों के सहारे असम की जनसांख्यिकी बदलने की साजिश कर रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि एनडीए सरकार असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देगी। चुनाव को विकास बनाम तुष्टिकरण की लड़ाई ठहराते हुए योगी ने यूपी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां नो कर्फ्यू, नो दंगा की स्थिति है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को असम के बारपेटा और बरछला विधानसभा क्षेत्र में की चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जय श्रीराम के उद्घोष के बीच यूडीएफ को घुसपैठ की जननी बताया। कहा कि कांग्रेस उसकी सहयोगी बनकर राज्य की सुरक्षा में सेंध लगा रही है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे दलों को सबक सिखाएं और भाजपा को मजबूत जनादेश दें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकास और विरासत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास कर रही है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट और शिक्षा संस्थानों का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे असम समेत पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। योगी ने दावा किया कि यूपी में अब माफिया और अराजक तत्वों पर सख्ती से नियंत्रण किया गया है, जिससे आम जनता सुरक्षित महसूस कर रही है।




असम के बारपेटा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### साजिश करने वालों को बख्शेंगे नहीं

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि एक-एक घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर करने की प्रक्रिया जारी है और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि असम को घुसपैठ और अराजकता का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। दंगाइयों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और राज्य की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा हर हाल में की जाएगी।

### विकास, सुरक्षा व सांस्कृतिक पहचान को दें समर्थन

योगी ने कहा कि यह चुनाव विकास बनाम तुष्टिकरण की लड़ाई है। एक ओर एनडीए सरकार है, जो सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और यूडीएफ हैं, जिनके पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही काम करने की क्षमता। असम के चाय बागान श्रमिकों और युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य केवल भाजपा ही कर सकती है। अंत में योगी ने असम की जनता से अपील की कि वे विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान के लिए एनडीए को समर्थन दें।

## दोस्त बने दुश्मन : पेट में गोली लगने से किशोर की मौत, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शहर से सटे सुआगाड़ा मोहल्ले में कक्षा 11 के छात्र अंश कुमार झा (17 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। दोस्त उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में लेकर भटकते रहे। इस मामले में दोस्तों पर ही हत्या और साजिश के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने दोनों दोस्तों को नामजद कर तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। उधर, पोस्टमार्टम के बाद शव घर लेकर पहुंचे परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। उनका कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती। वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हरकत में आई पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तब जाकर परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार किया।

सुआगाड़ा निवासी अनिल कुमार झा ने बताया कि 30 मार्च की शाम करीब आठ बजे अंश गांव के ही दोस्त शुभम कुमार और नितिन सिंह मिक्कू के साथ घर से निकला था। देर रात उसने फोन पर परिजनों को बताया कि वह लखनऊ में एक दोस्त की मां का इलाज कराने आया है। अगले दिन सुबह घर लौटने की बात कही। अगले दिन सुबह बताया कि लखनऊ से लौट रहा है। उसी दिन दोपहर ढाई बजे बात हुई तो उसने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने के कारण शहर के छाउछ स्थित जनशक्ति हॉस्पिटल में भर्ती है। परिजनों का आरोप है कि जब वह अस्पताल पहुंचे तो अंश के साथ मौजूद शुभम कुमार और नितिन सिंह मिक्कू सहित डॉक्टर ने सही जानकारी नहीं दी। पूछने पर बताया कि वह पटाखे से झुलस गया है। उसी का इलाज चल रहा है। 31 मार्च की रात हालत गंभीर होने पर अंश को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां एक्सरे जांच में सामने आया कि उसके पेट में गोली लगी है। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ती गई और दो अप्रैल की सुबह उसकी मौत हो गई।



मृतक अंश कुमार

- पेट में लगी थी गोली डॉक्टर और दोस्तों ने छिपाई बात, दो दिन एक से दूसरे अस्पताल भटकाते रहे

"मामले की रिपोर्ट दर्ज कर शुभम कुमार, नितिन सिंह उर्फ मिक्कू और अन्य तीन साथी अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नामजद दोनों आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

– विवेक तिवारी, सीओ सिटी

## केंद्र का दावा, गंगा का पानी स्नान करने योग्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- प्रदूषण के स्तर में आ रही है कमी उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल

केंद्र सरकार ने दावा किया है कि गंगा का पानी निगरानी किए गए सभी स्थलों पर स्नान के मानकों पर खरा उतरता है और इस नदी में प्रदूषण का स्तर घट रहा है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 2025 (जनवरी से अगस्त) के औसत जल गुणवत्ता आंकड़ों के आधार पर, नदी का पीएच और घुलित ऑक्सीजन स्तर सभी स्थानों पर स्नान के मानदंडों को पूरा करता है।

पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन) किसी तरल पदार्थ या विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता को मापकर उसकी अम्लीयता या क्षारीयता बताने वाला एक पैमाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) पांच राज्यों के कुल 112 स्थासनों पर गंगा नदी की जल गुणवत्ता की निगरानी करता है, जिनमें उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, झारखंड में चार और पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल हैं। हालांकि, उप्र के कुछ हिस्सों- जैसे फर्रुखाबाद से कानपुर के पुराना राजापुर तक, रायबरेली के डलमऊ व गाजीपुर के तारीघाट तक मिर्जापुर के निचले हिस्से- में यह मानकों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता।

## होर्मुज : भारत में तेल-गैस की आपूर्ति बढ़ाएगा रूस

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की।

मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री सीतारमण से भी मुलाकात की। गुरुवार शाम वह प्रधानमंत्री मोदी से भी मिले। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नई दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं एलएनजी की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्ध के बीच होर्मुज के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, उर्वरक, संपर्क एवं परिवहन के अलावा प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा महत्वपूर्ण खनिजों में नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा की।



- रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री ने एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री जयशंकर से की चर्चा
- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई

**रोमांचक**

### आज सूर्य की तेज लपटों से गुजरेगा धूमकेतु, नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुईं


## बच निकला तो दिन की रोशनी में नजर आएगा धूमकेतु एमएपीएस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** धूमकेतु सी/2026 ए1 (एमएपीएस) शनिवार को सूर्य की लपटों के बीच से गुजरने जा रहा है। यह बचेगा या खत्म हो जाएगा, इसका पता कुछ समय बाद चलेगा। जिंदा रहा तो दिन में भी नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। इस धूमकेतु पर दुनियाभर के खगोलविदों के साथ नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद भी नजर बनाए रखे हैं। इस धूमकेतु का 4 अप्रैल को सूर्य के निकट (पेरिहेलियन) पहुंचना संभव है।

दरअसल, धूमकेतुओं की दुनिया में 'धूमकेतु एमएपीएस' इन दिनों छाया हुआ है। एक ओर नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुई हैं तो वहीं, एरीज से स्थापित जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से भी इस पर नजर रखी जा रही है। इस धूमकेतु को दुर्लभ माना जा रहा है। आकार में काफी बड़ा होने के कारण उम्मीद जताई जा रही है कि यह जीवित बच निकलेगा और जीवित रहा तो दिन के उजाले में भी देखा जा सजेगा, जबकि रातों को कुछ अलग अंदाज में चमक बिखेरेगा।

गणना है कि यह धूमकेतु सूरज की सतह से लगभग 1.63 लाख किलोमीटर दूर से गुजरने वाला है। इतनी कम दूरी का मतलब सूरज की भयानक तपिश में डूब जाना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य की तेज गर्मी के साथ सूरज का अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण से इसके अंदर के बर्फ और गैस उबलकर फट सकती है। पूर्व में धूमकेतुओं को इस तरह से फटते हुए देखा जा चुका है। जिस कारण इसके सुरक्षित बच निकलने की संभावना कम है। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आकार में बड़ा होने के कारण यह बच निकलेगा। जिस कारण यह धूमकेतु वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस धूमकेतु को सीधा देखने की कोशिश कतई नहीं करें। जिससे आंखों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। नासा सोहो अंतरिक्ष दूरबीन से इसका सीधा प्रसारण दिखा रहा है।



### इतिहास रचने को तैयार

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार बहुचर्चित धूमकेतु एमएपीएस बच निकला इतिहास बना जाएगा। सभी को इसके सूर्य के करीब पहुंचने का इंतजार है। अगर यह बच निकला तो सूर्य की तेज रोशनी से बाहर आते ही कुछ दिन बाद चमक बिखेरने लगेगा। बहरहाल अभी इसके भविष्य को लेकर कहना मुश्किल है।

### अंतरिक्ष एजेंसी संयुक्त मिशन पर

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी), नासा, ईएसए और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी का एक संयुक्त मिशन है। इसके माध्यम से 2021 से अंतरिक्ष के रहस्यों को उजागर किया जा रहा है। नैनीताल स्थित एरीज संस्थान सौर मंडल से बाहर के एक दुर्लभ धूमकेतु (3I/एटलस) के अध्ययन में भी अंतर्राष्ट्रीय खगोलविदों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिले से दो हजार शिक्षक दिल्ली रवाना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 4 अप्रैल को दिल्ली में प्रस्तावित विशाल शिक्षक आंदोलन रैली में प्रतिभाग करने के लिए जनपद से लगभग 2 हजार शिक्षक-शिक्षिकाएं शुक्रवार की शाम का बस, कार और ट्रेन के माध्यम से दिल्ली रवाना हो गए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने बताया कि यह आंदोलन सेवा नियमावली के विपरीत टीईटी अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करना अन्यायपूर्ण और नियम विरुद्ध है। आंदोलन में जनपद से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश वाजपेई, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, रविन्द्र पाल प्रजापति, डॉ. विनय गुप्ता एवं संघ की प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी सहित सभी विकास खंडों के अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मंगरे लाल, विश्राम सिंह, बृजेश कुमार वर्मा तथा बेसिक शिक्षक संघ सहित अन्य शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

### परशुराम जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार

**तिलहर, अमृत विचार :** मोहल्ला निजामगंज स्थित भगवान परशुराम धाम पर ब्राह्मण समाज के लोगों की बैठक आयोजित कर आगामी 20 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तय किया गया कि जन्मोत्सव के अवसर पर यज्ञ-पूजन के बाद नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शोभायात्रा सुबह करीब साढ़े दस बजे मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। इसमें भगवान परशुराम और राम दरबार सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए जल्द ही संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में शामिल हो सकें। बैठक में असीम मिश्रा, सुनील शर्मा, अभिषेक मिश्रा, अनुज मिश्रा, अनुराग मिश्रा, अरविंद मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेले में महिला के कुंडल नोचकर भागा उचक्का

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चिलौआ मेले में एक उचक्का एक महिला के कान के कुंडल नोचकर भाग गया। फर्रुखाबाद जिले की सरला का मायका अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव साहिबगंज में है। वह अपने मायके आई हुई थी। शुक्रवार की सुबह वह चिलौआ मेले में मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए आयी। मंदिर में भीड़ होने के कारण एक उचक्का उसके एक कान से सोने के कुण्डल नोचकर भाग गया, जो भीड़ में गायब हो गया। महिला ने मंदिर में तैनात पुलिस कर्मचारियों को जानकारी दी। उसका आरोप है कि पुलिस ने टाल मटौल की। उसने थाना अल्हागंज में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### झोलाछाप का जाल: बिना डिग्री इलाज करने वालों का नेटवर्क, स्वास्थ्य विभाग में भी संपर्क

# डिग्रीधारी डॉक्टरों के सहयोग से सीखा इलाज का ककहरा, अब खुद बने डॉक्टर

**अमृत विचार अभियान**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में बड़ी संख्या में ऐसे झोलाछाप हैं, जिन्होंने डिग्रीधारी डॉक्टरों के सहयोग से इलाज का ककहरा सीखा और अब खुद को डॉक्टर बताकर लोगों का इलाज कर रहे हैं। ये लोग पहले एमबीबीएस, बीएमएस और बीयूएमएस डॉक्टरों के साथ काम करते थे, लेकिन अब बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री के ही उपचार करने लगे। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का फायदा उठाकर ये लोग मरीजों का भरोसा जीतते हैं और इलाज करते हैं।




- एमबीबीएस, बीएमएस, बीयूएमएस डॉक्टरों के सहयोगी खुद को बता रहे डाक्टर

स्थिति यह है कि अब ये झोलाछाप खुद को पूरी तरह डॉक्टर बताकर काम कर रहे हैं और कई जगहों पर इनका नेटवर्क भी बन चुका है। बताया जाता है कि इनमें से ज्यादातर के संपर्क स्वास्थ्य विभाग तक हैं, जिससे इनके खिलाफ कार्रवाई प्रभावी ढंग से नहीं हो पाती। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी पकड़ मजबूत होती जा रही है और लोग मजबूरी में इनके पास इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऐसे झोलाछाप के नामों की कोई स्पष्ट सूची जारी नहीं की जाती, जिससे इनकी पहचान और इनके खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बिना डिग्री इलाज करने वालों पर नियंत्रण को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### मेडिकल स्टोर से थोक में खरीद रहे दवा

जिले में झोलाछाप के बढ़ते नेटवर्क के पीछे मेडिकल स्टोर से थोक के भाव दवाएं मिलना एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। झोलाछाप आसानी से मेडिकल स्टोर संचालकों से कम रेट पर दवाएं खरीद लेते हैं और उसी आधार पर इलाज करते हैं। बताया जा रहा है कि यदि मेडिकल स्टोर संचालक चाहें तो वह झोलाछाप को कम रेट पर दवाएं देने से इनकार कर सकते हैं। ऐसा होने पर झोलाछाप के लिए दवाएं सस्ती दर पर उपलब्ध नहीं होंगी और उनकी प्रैक्टिस पर सीधा असर पड़ेगा। इससे बिना मान्यता इलाज करने वालों की गतिविधियों पर भी रोक लग सकती है। ऐसे में मेडिकल स्टोर की भूमिका अहम मानी जा रही है, जहां से दवाओं की आपूर्ति नियंत्रित कर इस समस्या पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को बनाया मुद्दा

झोलाछाप का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के बीच वह लोगों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा रहे हैं, ऐसे में यदि उन्हें प्रशिक्षण और सीमित अधिकार मिल जाएं तो वह और बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं।

### ट्रेनिंग की मांग को लेकर बना लिया संगठन

झोलाछाप समय-समय पर सरकार से खुद को ट्रेनिंग दिलाए जाने की मांग उठाते रहे हैं। उनका कहना है कि यदि उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए तो वह अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से जनता का इलाज कर सकेंगे। उनका तर्क है कि वर्तमान में वह अनुभव के आधार पर उपचार कर रहे हैं, लेकिन औपचारिक ट्रेनिंग मिलने से उनकी कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। झोलाछाप का कहना है कि उन्हें सिर्फ सामान्य बीमारियों के इलाज की ही इजाजत दी जाए। उनका दावा है कि वह गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं करेंगे और केवल सामान्य रोगों तक ही सीमित रहेंगे। इसी मांग को लेकर प्रदेश के कई जिलों में झोलाछाप ने अपना संगठन भी बना लिया है, जो सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

### हाईस्कूल, इंटर का मूल्यांकन शत प्रतिशत पूरा

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार को शत प्रतिशत पूरा हो गया है। 18 मार्च से छह केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य चल रहा था। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि सभी छह मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन पूरा हो चुका है। 15 दिन में बोर्ड से आवंटित सभी 4 लाख 34 हजार 936 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई हैं। डीआईओएस ने बताया कि शुक्रवार को इस्लामिया इंटर कालेज में इंटर की शेष 62 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। इस तरह कुल हाईस्कूल की 279594 और इंटर की 157342 उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षकों ने जांची हैं। डीआईओएस ने बताया कि 15 दिन में 382 परीक्षक उपस्थित रहे। अब अंकेक्षण कार्य दो से तीन दिन कराया जाएगा।

# मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना

#### ईसाई समुदाय ने परंपरागत ढंग से मनाया गुड फ्राइडे, गिरजाघरों में हुईं विशेष प्रार्थना सभाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में ईसाई समुदाय ने गिरजाघरों में गुड फ्राइडे परंपरागत ढंग से मनाया। विशेष प्रार्थना सभाओं में प्रभु यीशु के वचनों का पाठ कर गीत गाते हुए मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की गई।

शुक्रवार को गोविंद गंज स्थित सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च में पास्टर अमित लाल की अगुवाई में दोपहर 12 बजे विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभु यीशु के सात वचनों का पाठ किया गया। इन वचनों को पास्टर अमित लाल, पास्टर पीएच लाल, सपना मैसी, पास्टर दारा सिंह, पूर्व पास्टर अशोक श्रेष्ठ, कलीसिया के सदस्य विवेक मनजीत ने पढ़ा।

पास्टर अमित लाल ने कहा कि इन सारे वचनों का एक ही उद्देश्य था कि प्रभु यीशु मसीह हमारे गुनाहों के लिए पृथ्वी पर आए थे और हमारे लिए सताए गए और सूली पर चढ़ाए गए। इस उपलक्ष्य में हम 40 दिन के व्रत के बाद जिस दिन उन्हें सूली पर चढ़ाया गया था, उसे गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं।



गोविंद गंज स्थित सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च में वचनों का पाठ करते पास्टर अमित लाल।

- पास्टर के साथ प्रभु यीशु के सात वचनों का किया पाठ, गीत गाए

कार्यक्रम में सुबोध, अजय, अर्पित, विनीत आनंद, रंजीता सिंह, दीपा सिंह, स्नेहलता, सुनीता मिल्टन, अर्चना, एंजलीना सिंह, रितु प्रसाद, ऐश्वर्या सिंह, श्रीमती श्रेष्ठा, नीलम हैरिसन, शशि निर्दोष, रेनू सनवालिया, सुनीता सिंह, मोहिनी स्टुअर्ड, आराधना सिंह, वान्या आदि ने मसीही गीत गाकर प्रभु के आशीष वचनों को पूरा कराया। अंत में पास्टर अमित लाल ने प्रभु यीशु का संदेश सुनाते हुए मानव कल्याण और विश्व शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयवंत सनवलिया, राजेश मिल्टन, विजय प्रताप सिंह, रवि सिंह, रितिक सिंह, अविनाश सिंह, अजय एडवर्ड, अभय सिंह, उत्कर्ष सिंह, आशीष सागर, सुबोध सागर और चर्च के सेवादार आयुष्मान का सहसोग रहा।

### ईसा मसीह के बलिदान को याद किया

शुक्रवार को रोजा स्थित मैथोडिस्ट चर्च में पास्टर अतुल जैनवियर की देखरेख में गुड फ्राईडे पर प्रार्थना सभा हुई। प्रार्थना सभा में सलीब के सात वचनों का साइमन, विवेक सिंह, अतुल जैनवियर, उदय प्रताप सिंह, एलिशा सिंह, विनीत सिंह, टैनिसन थॉमस ने पाठ किया। प्रभु यीशु के गीत गाए। पास्टर अतुल जैनवियर ने कहा कि ईसाई धर्म का सबसे खास त्योहार गुड फ्राइडे है। इस दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद किया जाता है। जब उन्हें सूली पर चढ़ाया गया था। गुड फ्राइडे, ईस्टर से ठीक पहले मनाया जाता है। उन्होंने देश-दुनिया में अमन, भाईचारे और सद्भावना की प्रार्थना की। आयोजन में हैनसन, फ्रेंडिस, बलवीर सिंह, राहुल, उल्मन, आलविन उल्मन आदि का विशेष सहयोग रहा।



# क्रय केंद्रों पर मौजूद रहकर सुनिश्चित करें कार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर डीएम की बैठक, केंद्र प्रभारियों को निर्देश

**अमृत विचार :** गेहूं खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम शाहजहांपुर की ओर से की गई, जिसमें अपर जिलाधिकारी-जिला खरीद अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, पुवायां, जलालाबाद, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, सभी मंडी सचिव, संबंधित क्रय एजेंसी प्रभारी व गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में खरीद व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम की ओर से केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने क्रय केंद्रों पर सुबह 09 बजे से शाम 06 बजे तक मौजूद रहकर गेहूं खरीद का कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही केंद्रों पर गेहूं लेकर आने वाले किसानों से सरल और सौम्य व्यवहार करने व उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए। जिला खरीद अधिकारी एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि जिला में गेहूं खरीद के लिए विभिन्न तहसीलों में केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें तहसील सदर में 40, तिलहर में 45, पुवायां में 76, जलालाबाद में 20 और कलान में 05 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों से गेहूं की खरीद की जाएगी।

### कंट्रोल रूम व हेल्प डेस्क नंबर जारी

खरीद संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम और हेल्प डेस्क नंबर जारी किए गए हैं। किसान 05842-221986 और व्हाट्सएप नंबर 9519063411 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में भी एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका नंबर 05842-462754 है।

# केमिस्ट एसोसिएशन की नगर इकाई गठित

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन शाहजहांपुर की नगर इकाई का गठन पुवायां में गरिमामय समारोह में किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संचित सिंह सहित नगर के कई प्रमुख केमिस्ट, दवा विक्रेता एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से अनुज मिश्रा को अध्यक्ष, रोहित वैश्य को महामंत्री तथा नितिन मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव-नियुक्त महामंत्री रोहित वैश्य ने कहा कि संगठन के माध्यम से केमिस्टों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही सरकारी विभागों के सहयोग से आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने नवगठित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक चेतराम अग्रवाल के भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया गया तथा उनका स्वागत भी किया गया। साथ ही संगठन की एकता एवं विकास पर विशेष बल दिया गया।



नई इकाई गठन के मौके पर हर्ष जताते पदाधिकारी। • अमृत विचार

- अनुज मिश्रा अध्यक्ष, रोहित वैश्य महामंत्री निर्वाचित

बैठक में नगर के अनेक केमिस्ट एवं दवा विक्रेता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से पवन मिश्रा, पंकज मिश्रा (जिला उपाध्यक्ष), अमित शुक्ला, नाजिम मंसूरी, नितिन मिश्रा, संजीव मिश्रा, हर्षित सक्सेना, मोबीन अहमद, सुजन गुप्ता, जितेंद्र पाल, पूनम पांडेय, मुस्तकीम इदरीसी, विवेक शर्मा, विवेक सिंह, सर्वजीत सिंह, शिवम गुप्ता, अभिषेक रस्तोगी, रहमत अली, अतुल पांडेय, शिवम मिश्रा, कल्याण सिंह, रजा शाह अंसारी, रिजवान, सुनील एवं नदीम आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और केमिस्टों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# निगम के निर्माण कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्य तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। गांधी भवन प्रेक्षागृह को रंगमंच के रूप में तैयार करने के साथ यूट्यूब स्टूडियो और ई-लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की जानकारी ली गई, जिसे 30 जून 2026 तक जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

प्लेनेटोरियम और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए डीएम ने बताया कि इससे बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास होगा और शहरवासियों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। इस परियोजना को 2 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। सीएम ग्रिड (तेल टंकी रोड) का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे अप्रैल माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इस सड़क पर पहली बार बिजली और अन्य तारों को अंडरग्राउंड किया गया है तथा इसे चौड़े फुटपाथ और आधुनिक लाइटिंग के साथ विकसित किया जा रहा है।



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी।

- डीएम ने गांधी भवन, प्लेनेटोरियम स्मार्ट रोड का किया निरीक्षण

हॉकी फील्ड के निरीक्षण में बताया गया कि दिसंबर 2026 तक अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑस्टोटर्फ मैदान तैयार होगा, जिसमें फ्लड लाइट की सुविधा भी रहेगी। इसके साथ ही पास में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और सीनियर केयर सेंटर का निर्माण भी किया जा रहा है। नगर निगम के नए कार्यालय भवन का कार्य भी अंतिम चरण में है, जो इस माह के अंत तक उपयोग के लिए तैयार हो जाएगा। इसके निकट 1500 क्षमता वाला कन्वेंशन सेंटर, 40 दुकानों वाला अर्बन फूड प्लाजा और ओपन एयर थिएटर भी विकसित किया जा रहा है।इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### स्मार्ट सिटी रोड पर हटवाएं अतिक्रमण

केरुगंज से मघईटोला होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग तक बन रही स्मार्ट सिटी रोड का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। गर्रा नदी के पुल को ऊंचा करने, बाढ़ से बचाव के लिए चांदापुर चौराहे पर नहर चौड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग पर बॉक्स कल्वर्ट निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा करने को कहा गया। सर्किट हाउस के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

# बालाजी धाम में भजनों पर झूमे भक्त

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** नगर के खुटार रोड स्थित प्रसिद्ध बालाजी धाम में गुरुवार रात भगवान बालाजी की पावन ज्योति के समक्ष भव्य जागरण का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। महावीर स्वामी विराजमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे

जागरण में प्रसिद्ध भजन गायिका श्याम सखी सिस्टर एवं भजन गायक शुभम रंगीला ने मधुर भजनों से ऐसा समा बांधा कि पूरी रात श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। मेरे बालाजी सरकार समेत अन्य भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। आयोजक समिति के महेश गुप्ता ने भगवान बालाजी की आरती कर जागरण की शुरुआत कराई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान का गुणगान किया और वातावरण जयकारों से गूंज उठा।

जागरण में क्षेत्राधिकारी परवीन मलिक पत्नी के साथ पहुंचे। खुटार बालाजी धाम के महंत ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

आयोजन में गोविंद अग्रवाल, पुष्पेंद्र गुप्ता (लकी), जेपी गुप्ता सहित कमेटी के अनेक सदस्य मौजूद रहे। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भरा रहा। पूरी रात

जागरण के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## वेद मार्ग ही विश्व की समस्याओं का हल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आर्य समाज मंदिर (रजि.) टाउनहॉल रोड का 149 वां वार्षिकोत्सव की शुक्रवार को शुरुआत हुई। प्रातः काल में यज्ञोपरांत वैदिक भजनोपदेशिका गीता आर्या ने वेद मंत्रों की व्याख्या करते हुए ईश्वर भक्ति के गीतों के माध्यम से मानव कल्याण का मार्गदर्शन किया। बदायूं के वैदिक प्रवक्ता स्वामी विजय देव नैष्ठिक ने बताया कि वेद मार्ग ही आज विश्व की सभी समस्याओं का हल है। उन्होंने कहा कि सब की उन्नति में अपनी उन्नति है। इसलिए हम विश्व कल्याण की कामना करते हैं। इन्हीं कारणों से हम विश्व गुरु कहलाए कार्यक्रम में जितेन्द्र नाथ आर्य, भुवनेश आर्य, संजय गुप्ता, गायत्री दीक्षित, प्रदीप शास्त्री, वेद पाल सिंह, आनन्द आर्य, सुशीला देवी आदि रहे।

**राजनीति** | संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री ने सवर्ण समाज के मुद्दों को लेकर भरी हुंकार

# अधिकार मोर्चा 2027 में 403 सीटों पर लड़ेगा चुनाव


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक व पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने महानगर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में सवर्ण समाज के मुद्दों को लेकर हुंकार भरी।

शुक्रवार को यहां पहुंचे अग्निहोत्री ने यूजीसी रेगुलेशन और एससी/एसटी एक्ट को लेकर सरकार पर निशाना साधा। कहा कि सामान्य वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। सुनियोजित तरीके से सामान्य वर्ग को कमजोर किया जा रहा है और उनके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ऐसे में सवर्ण समाज को अब राजनीतिक विकल्प के रूप में खुद को स्थापित करना होगा।

उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का विस्तार 14 राज्यों तक हो चुका है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि जो भी उनके विचारों के साथ है, उसका पार्टी में स्वागत है। साथ ही घोषणा की कि एससी/एसटी एक्ट से प्रभावित लोगों को न्याय मिलने तक उनकी पार्टी की ओर से 'विष्णु तिवारी' नाम से 21 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी, सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी (गुल्लू बाबू) आदि मौजूद रहे। इस दौरान उन्हें फरसा भेंट किया गया। कार्यक्रम के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने नगर निगम प्रांगण स्थित नवनिर्मित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।



शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री। • अमृत विचार

### अलंकार ने परशुराम मंदिर में माथा टेका

**जलालाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक व पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने गुरुवार शाम भगवान परशुराम मंदिर में माथा टेककर दर्शन किए। मंदिर के महंत सत्यदेव पांडे से आशीर्वाद लेने के बाद उन्होंने समाज के लोगों से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में अग्निहोत्री ने कहा कि गैर सनातनी तंत्र हावी हो गया है। इस समय की सरकार ब्राह्मण-विरोधी है, जो समाजों को बांटकर प्रायोजित नैरेटिव चला रही है। उन्होंने एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए हिंदू-मुस्लिम विभाजन की राजनीति बंद करने की अपील की। इस मौके पर विश्वदीप अवस्थी, मनोज कुमार अवस्थी, राजीव कुमार शर्मा समेत दर्जनों समर्थकों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

# रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ भाकपा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कलेक्ट्रेट में जनसमस्याओं को लेकर नारेबाजी, ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार:** शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने व रसोई गैस की कालाबाजारी समेत कई जन समस्याओं को लेकर शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व अखिल भारतीय नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

सह सचिव रामशंकर लाल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता जीआईसी खेल मैदान में जमा हुए। यहां से जन समस्याओं के विरोध में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान रामशंकर लाल ने कहा कि प्रतिमा तोड़ने के आरोपियों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चले। जिला मंत्री मोहम्मद सलीम ने कहा कि बड़े प्रतिष्ठानों में कामर्शियल के बजाय घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है, जिसकी वजह से ब्लैक मार्केटिंग हो रही है, जिस वजह से आम जन परेशान हैं। नौजवान सभा के जिला सचिव नीलकमल विजयी ने कहा कि ऑनलाइन गैस बुक करने पर ओटीपी नंबर नहीं आ रहा है जिसकी वजह से रेहड़ी, खोमचे वाले, चाय की दुकानें, मिठाई की दुकान व छोटे होटल या तो बंद हो गये हैं या बंदी की कगार पर हैं।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते भाकपा व नौजवान सभा के कार्यकर्ता।

## सिटी ब्रीफ

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च की रात में वह नाबालिग बेटी के साथ घर में सो रही थी। रात में गांव का एक युवक दीवार फांदकर घुस आया। आरोपी ने बेटी को गलत नीयत से पकड़ लिया। गला और गर्दन दबाने का प्रयास किया। इसी बीच उसका छोटा बेटा जाग गया और रोने लगा। बेटे की आवाज सुनकर घर वाले सतर्क हो गए और महिला जाग गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी अमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### ढाबा स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद के थाना काठ थाना के गांव पाठंगी निवासी नरेंद्र यादव ने तिलहर थाना में दी तहरीर में बताया कि वह तहसील तिलहर में पूर्ति निरीक्षक है। उन्हें बुधवार दोपहर सूचना मिली कि हाईवे पर न्यू स्वागत ढाबे पर घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने पुलिस फोर्स के साथ ढाबे पर छापा मारा। मौके पर एक इंडेन का घरेलू सिलेंडर का प्रयोग हो रहा था। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत धारा 3/7 का अपराध है। उन्होंने सिलेंडर जब्त कर लिया है। तिलहर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार व प्रदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### घर में घुसकर महिला को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी ऊषा देवी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च की दोपहर साढ़े तीन बजे मोहल्ले के सुल्तान व उनका लड़का फैजी इमरान, चांद मिया, फैजान ने बच्चों से कहासुनी पर एक राय होकर उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने गालियां देते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। वह जान बचाकर घर में घुसी तो आरोपी भी पीछे से आ गए और उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया। साथ ही घरेलू सामान तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### खुटार में फर्जी तरीके से हो रहा कबाड़ की दुकानों का संचालन, पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहीं दुकान, कोई नहीं दे रहा ध्यान

संवाददाता, खुटार



खुटार में एक कबाड़ गोदाम पर काटे जा रहे ट्रैक्टर व कंबाइन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** खुटार नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कबाड़ की दुकानों की भरमार है। यह कारोबार दिन पर दिन बढ़ रहा है। कबाड़ की दुकानों में बाइक, इंजन, पंखा आदि सामान चोरी का पहुंचाया जा रहा है। जिस कारण गिरोह चोरी की वारदातों को अंजाम देकर कबाड़ पर सा मान की बिक्री करते है।

इसके साथ ही खुटार में बिना रजिस्ट्रेशन के दर्जनों कबाड़ चल रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने को तो दूर जांच करने की जरूरत नहीं समझती। खुटार के कबाड़ व्यापारी दुकान के बगैर रजिस्ट्रेशन और बिना जीएसटी के अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं। जहा कबाड़ व्यापारियों को इन्हें पुलिस प्रशासन का खौफ नहीं है। दस्तावेजों को पूरे करने की बजाय ऐसे ही सामान खरीद कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। माना जा रहा है कि अधिकतर कबाड़ा व्यापारी चोरी के वाहनों को सस्ते दामों में खरीद लेते हैं। इसके बाद वाहनों को खपाने के लिए काटकर अलग-अलग पार्ट्स में महंगे दामों पर बिक्री कर दिया जाता है। वही, खुटार में आए दिन ट्यूबल पर लगे पंखे, इंजन, बिजली मोटर के तार, बाइक, संकेतक बोर्ड आदि सामान चोरी कर कबाड़ पर बेचा जा रहा है। मामले में पुलिस कबाड़ों पर जांच करने की जहमत तक नहीं करती है।

- चोरी के वाहनों को काटने का हो रहा काम, राजस्व को लग रही चपत

खुटार बंडा रोड पर सबसे ज्यादा चोरी और बगैर रजिस्ट्रेशन का सामान बिक्री होता है। जबकि यहां पर कोई भी कबाड़ रजिस्टर्ड नहीं है। खुटार पूरनपुर, मैलानी, पुवायां, गोला रोड, गांव रामपुर कलां, सीतापुर सहारू, प्रीतमपुर, नरौठा देवीदास सहित कई जगहों पर अवैध कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं। स्थानीय पुलिस कभी-कभी कबाड़ स्वामियों को हिदायत देती है। लोगों का कहना है कि पुलिसकर्मियों की शह पर कबाड़ स्वामियों का कारोबार तेजी से चल रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित कबाड़ से राजस्व को भी चपत लगाई जा रही है।

#### परिवहन विभाग से बिना निरस्त दस्तावेज खरीदे जा रहे कंडम वाहन

किसी भी वाहन को कंडम घोषित करवाने के लिए परिवहन विभाग को पूरे दस्तावेजों के साथ आवेदन करना पड़ता है। वाहन की आरसी बुक के साथ ही बीमा, प्रदूषण व फिटनेस का प्रमाण पत्र देना होता है। इस प्रक्रिया के लिए कुछ शुल्क निर्धारित होता है। उसे जमा करने के बाद विभाग की तरफ से वाहन का पंजीयन निरस्त कर उसे कंडम घोषित कर दिया जाता है। फिर भी वाहनों को ऐसे ही खरीदकर कंडम के तौर पर लेने का काम करते हैं।

> खुटार में कितने कबाड़ बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। इसकी जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी यदि बिना रजिस्ट्रेशन के कबाड़ चल रहे हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।- जय वर्धन, सीटीओ शाहजहांपुर

#### इन जगहों पर कटते हैं वाहन

खुटार पुवायां, बंडा, पूरनपुर, मैलानी, गोला बाईपास रोड पर वाहनों को काटने का काम धड़ल्ले से होता है। जहां अवैध कारोबार कर पुलिस प्रशासन के आंखों में धूल झोंकने का कार्य किया जा रहा। खास बात यह है कि गाड़ी का कोई भी पार्ट्स अगर बेकार होता है तो मालिक दुकान पर जाने की जगह कबाड़ पर जाता हैं। जबकि यहां से कोई बिल नहीं दिया जाता है। फिर भी कबाड़ियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों का आरोप है कि ऐसा कर आरोपी सरकार को चूना लगा रहे हैं।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स की मासिक बैठक आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 4 अप्रैल को प्रातः 10 बजे मन्नत लॉन लोदीपुर में आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी जिला मंत्री संत कुमार विश्वकर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित याचिका के 10 बिंदुओं के बाबत हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा की जाएगी तथा पेंशनर्स परिचय पत्र का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मासिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं और मूलभूत मुद्दों पर चर्चा कर समाधान पर विचार विमर्श किया जाएगा। अधिकारियों को प्रेषित करने वाली समस्याएं तय की जाएंगी।

# चोरी की छह बाइक समेत तीन आरोपी पकड़े

संवाददाता, तिलहर




पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को पकड़कर बाइक चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर कुल 6 बाइक बरामद की है। क्षेत्र में बेची गईं बाइकों का पुलिस सुराग लगा रही है।

- कोतवाली पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का खुलासा

शुक्रवार को कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि सुबह जैतीपुर मार्ग पर कुछ लोग चोरी की बाइके बेचने आ रहे हैं। कोतवाल ने एसआई नितिन कुमार और मो.मारूफ के नेतृत्व में एक टीम को लगा दिया गया। इसी दौरान टीम को जैतीपुर मार्ग पर 2 बाइकों से 3 युवक सामने से आते दिखे। युवकों को रोकने का इशारा किया तो वह नहीं रुके। पुलिस ने दौड़ाकर बाइक सवारों को पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी कटरा के रमापुर गांव निवासी रामलखन उर्फ नन्हे, अवनीश व फीलनगर गांव निवासी इमरान खां है।कोतवाल प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन स्प्लेंडर प्लस और तीन एचएफ डीलक्स हीरो सहित कुल 6 बाइकें बरामद की है। बाइक लिफ्टर गिरोह की गिरफ्तारी और उनसे बाइकें बरामद होने की जानकारी क्षेत्र में फैलने पर कई पीड़ित कोतवाली पहुंचे और अपनी बाइकों के बारे में पुलिसकर्मियों से पूछताछ करते नजर आए।

#### चोरी की बाइक समेत एक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी इसरार खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत दिनों उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने गुरुवार की शाम वाहन चोर हिमांशू शर्मा निवासी छतुईया थाना उझानी जिला बदायूं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। अभियुक्त पर पहले से विभिन्न धाराओं के दस मुकदमें दर्ज है। उसने साथी कुलदीप के साथ मिलकर बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में अपराध निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक अशोक कुमार, दीपू सिंह आदि स्टाफ शामिल था।

## चोरी के तार समेत तीन गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही

**अमृत विचारः** पुलिस ने गोदाम से बिजली के तार चोरी के मामले में तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे 33 किलोग्राम बिजली का तार व बाइक बरामद की है। चोरों ने तार ले जाने में बाइक का प्रयोग किया था।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पैनाखुर्द निवासी गौरव ने निगोही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 33/11 केवीए लाइन डालने का काम करवाता है। उसका गोदाम संडा खास में गोदाम है। बुधवार की रात चोर गोदाम से 50 किलो तार चुराकर ले गए थे। चोर जान से मारने की धमकी देते हुए तार बाइक पर रखकर ले गए। विरोध करने आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। पुलिस ने कुन्नू उर्फ अर्जुन तथा नरवीर निवासी उदरिया थाना निगोही तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने निगोही रेलवे क्रॉसिंग के पास से आरोपी नरवीर, गोविंद व बंटू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी का 33 किलोग्राम बिजली का तार, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक ऋषिपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पंकज कुमार आदि थे।

- 33 किलोग्राम तार बरामद, घटना में प्रयुक्त बाइक भी मिली

## हूटर बजाती कार ने डीएम की गाड़ी को मारा कट, कार सीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पुलिस हिरासत में ली गई कार

**अमृत विचारः** शहर में एक कार चालक ने डीएम की कार के आगे हूटर बजाते हुए तेज रफ्तार में कट मारा। डीएम के निर्देश पर पुलिस ने कार का पीछा किया। ट्रैफिक और सदर बाजार पुलिस ने कार का काफी दूर तक पीछा किया और और चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया।


डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह शुक्रवार की दोपहर बाद सरकारी कार से किसी कार्य से जा रहे थे। जीआईसी तिराहे पर कार काफी तीव्रता से हूटर बजाते हुए डीएम की कार को कट मारती हुई निकली। कट मारने से डीएम की गाड़ी बाल-बाल बच गयी। डीएम ने वायरल से सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह और टीएसआई विनय पाण्डेय को वायरलेस से सूचना देते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार का नंबर बता दिया गया था। सदर बाजार पुलिस और टीएसआई विनय पांडेय जीआईसी तिराहे पर पहुंच गए और सीसीटीवी कैमरे से कार को ट्रेस किया। कुछ देर बाद कार जीआईसी तिराहे से खिरनी बाग चौराहे की तरफ मुड़ी तो टीएसआई और सदर बाजार पुलिस ने कार को रुकवाने का प्रयास किया। चालक ने टीएसआई पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर कार पकड़ ली। शीशे पर वीआईपी लिखा हुआ था और अधिवक्ता का लोगो लगा था। टीएसआई ने बताया कि कार चालक आयुष त्रिपाठी निवासी बहादुरपुर थाना सदर बाजार है। उन्होंने बताया कि सदर बाजार पुलिस ने कार सीज कर दी और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

- टीएसआई पर चढ़ाने का किया प्रयास, चालक के खिलाफ रिपोर्ट

## कमरे में दुपट्टे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, जैतीपुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** अगरौली गांव में एक महिला का शव कमरे में कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मायके पक्ष वालों ने ससुराल वालों पर आरोप लगाया कि दहेज के लिए उसे परेशान करते थे और मारकर लटका दिया है।



मृतका ज्योति।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव अगरोली निवासी विकास सिंह की पत्नी ज्योति(26) ने गुरुवार की रात नौ बजे एक कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। वह रात साढ़े नौ बजे विकास सिंह अपने घर पर आया और देखा कि पत्नी का शव एक कमरे में लटका हुआ है। इस दौरान परिवार और गांव वाले एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर मृतका का भाई सोनू निवासी बन्नू नगरिया थाना मदनापुर परिवार वालों के साथ पहुंच गया। उन्होंने बताया कि उसने बहन ज्योति की शादी चार साल पहले विकास निवासी जैतीपुर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। बहन को मारा पीटा करते थे। उसकी बहन के शरीर पर चोट के निशान है। बताया कि वह पहुंचा तो शव चारपाई पर रखा मिला था। बहन को ससुराल वालों ने मारकर कुंडे से लटका दिया। सूचना पर थाना प्रभारी ने मायके वालों से पूछताछ की। ससुराल वालों ने कहा कि ज्योति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतका का एक बेटा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- भाई ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

## दो बाइकों की टक्कर, मां-बेटी गंभीर घायल

**तिलहर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित ग्राम कपसेडा के पास शुक्रवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें मां और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्राम बिहारीपुर मुड़िया निवासी हरिश्चंद्र पत्नी निर्मला देवी और पुत्री शिवांशी के साथ बाइक से मेला देखकर वापस घर लौट रहे थे, तभी बिलहरी गांव के पास सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के दौरान निर्मला देवी और शिवांशी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर में भर्ती कराया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिवार में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## दो बाइकें भिड़ने से गिरे युवक की ट्रक से कुचलकर मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/मिर्जापुर

**अमृत विचारः** मिर्जापुर क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार नीचे गिर गया। गुजर रहे ट्रक से दबकर बाइक सवार की मौत हो गई। हरदोई जिले का रहना वाला था।



मृतक अमन।

हरदोई के थाना पाली के मोहल्ला बाजार निवासी अमन(24) गुरुवार की शाम मिर्जापुर के गांव हीरानगर बाइक से ननिहाल में जा रहा था। जरियनपुर चौराहे के निकट सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक से नीचे गिर गया। तीव्रता से जा रहे ट्रक उसे कुलचलता हुआ निकल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने अमन को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मिर्जापुर से रिश्तेदार पहुंच गए। इधर, देर रात हरदोई से परिवार वाले मिर्जापुर पहुंच गए। परिवार वालों ने बताया कि मृतक अमन बीए पास था। उसकी 19 फरवरी को तिलक हुआ था, लेकिन शादी की तारीख तय नहीं हुई थी। शादी को लेकर घर में तैयारी चल रही थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पिटना मच गया। मृतक अमन चार भाइयों में सबसे बड़ा था। चालक ट्रक लेकर भाग गया। मिर्जापुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- अमन का हो गया था तिलक, शादी की चल रही थी तैयारी

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, तिलहर



हादसे के बाद मौके पर जांच करती पुलिस और जुटी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी से करीब 200 मीटर दूरी पर शुक्रवार शाम अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर हादसा हुआ।

घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल युवक को तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक की पहचान आधार कार्ड के आधार पर विपिन कुमार मौर्य पुत्र बाबूराम मौर्य निवासी मंसूरपुर गौटियां के रूप में हुई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हाईवे पर जमा भीड़ को हटाकर सर्विस रोड को खाली कराया। हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जांच की जा रही है और जल्द ही वाहन की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### गड्ढे के कारण गिरी बाइक, तीन घायल

**कलान, अमृत विचार :** मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम भुर्जिया निवासी शेर सिंह और रिंकू सिंह बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र निवासी गोठा से बहनोई सुंदर सिंह को लेकर आ रहे थे। इसी दौरान कलान क्षेत्र के ग्राम विचोला स्थित मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बड़े-बड़े गड्ढों के बीच अचानक गोवंश सामने आ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। हादसा शुक्रवार शाम करीब 6 :30 बजे हुआ, जिसमें बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल पीएचसी कलान लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर पहुंचा कांग्रेस शिष्टमंडल, बंधाया ढांढस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कांग्रेस अध्यक्ष की बेटी से फोन से वार्ता कराते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता।

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में पांच सदस्यीय शिष्टमंडल आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीति के गदियाना स्थित घर पहुंचा। पीड़ित परिवार को ढांढस बांधते हुए जिलाध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से प्रीति की बेटी से फोन पर वार्ता कराई। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने घटना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दुख साझा किया और कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है। इस सरकार में सर्वाधिक अत्याचार छोटे कर्मचारियों पर हो रहा है।

जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला गदियाना निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीति पिछले कई माह से चल रहे एसआईआर कार्यक्रम में बीएलओ की ड्यूटी कर रही थी। काम के दबाव व अधिकारियों की लगातार प्रताड़ना के कारण कई माह से बीमार प्रीति ने कई बार ड्यूटी से मुक्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। कोई सुनवाई नहीं हुई। बृहस्पतिवार को उनका निधन हो गया। जिस पर उनकी बेटी ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना दुख जाहिर किया। वीडियो को प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया से भी पोस्ट किया गया। शिष्टमंडल में ज़िला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, एनएसयूआई उपाध्यक्ष प्रत्यूष मिश्रा शामिल रहे।

- मृतका की बेटी से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की फोन पर बात ढांढस दिया

**बैठक**

### एसपी बोले- अपराधियों और वांछित अभियुक्त के खिलाफ चलाएं अभियान

# कानून व्यवस्था से नहीं किया जाएगा कोई भी समझौता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



थाना प्रभारियों की मीटिंग लेते नवागत एसपी सौरभ दीक्षित। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन में राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की मीटिंग में निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था से किसी प्रकार समझौता नहीं किया जाएगा तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में थाना प्रभारियों की मीटिंग में परिचय लिया। उन्होंने शान्ति एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त करें, संदिग्ध व्यक्ति और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करें। थाना पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण किया जाए। कोई फरियादी पुलिस कार्यालय में नहीं आना चाहिए। एसपी ने निर्देश दिए है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों में कानून का भय होना चाहिए। वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। महिला संबंधी अपराधों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने तथा ऐसे मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कि किसी निर्दोष को बेवजह परेशान न किया जाए। रात में हौटलों और ढाबों की चेकिंग की जाए। मीटिंग में एएसपी सिटी, एएसपी ग्रामीण, सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

- पुलिस लाइन में ली राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक

#### 2017 बैच के आईपीएस

नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने मीडिया को परिचय देते हुए कहा कि 2017 बैच के आईपीएस है। वह मूल रुप से गोरखपुर के रहने वाले है। कानपुर में आईआईटी सिविल इंजीनियरिंग से किया था। मुम्बई में जाब कर रहे थे। उन्होंने दिल्ली में आकर आईपीएस की तैयारी की। उन्हें पहली बार में यूपी कैडर मिला। रामपुर में अंडर ट्रेनिंग पोस्टिंग हुई। आगरा, प्रयागराज के अलावा कासगंज में पोस्टिंग हुई। यहां एक साल रहने के बाद फिरोजाबाद में पोस्टिंग हुई, दो साल रहने के बाद शाहजहांपुर पोस्टिंग हुई। एसपी ने कहा कि पुलिस का जनता के साथ मधुर व्यवहार होना चाहिए। अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# मिला सहारा तो दूर हुई जिंदगी की खामोशी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोलने सुनने में असमर्थ दो बच्चों का किया गया ऑपरेशन
- बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से मिला इलाज

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रयास से ब्लॉक खुटार गांव कांवरिया के दिवांश और शिवांश दोनों बच्चों का कुछ दिन पहले कोकलिया एडवांस सर्जिकल सेंटर लखनऊ में कॉक्लियर इंप्लांट किया गया था। मुफ्त सर्जरी और इलाज से अब इन बच्चों की ख़ामोशी बोल पड़ी है।

जिले के ब्लॉक खुटार गांव कांवरिया निवासी बृजेश का 4 वर्षीय बेटा दिवांश जन्म से ही सुन व बोल नहीं सकता था। आरबीएस के टीम ने बच्चों को चिन्हित कर निः शुल्क लखनऊ में मुफ्त इलाज व ऑपरेशन का बीड़ा उठाया।

इसी तरह ब्लॉक खुटार के गांव कांवरिया निवासी ब्रजेश के चार वर्षीय बेटा शिवांश भी बोलते सुनने में असमर्थ था इन दोनों बच्चों की जिंदगी की खामोशी दूर करने के लिए लखनऊ पहुंचाया गया। 26 मार्च 2026 को कॉकलियर एडवांस सर्जिकल सेंटर डॉ करन भाटिया, रमेश अवस्थी के द्वारा पता चला कि कान से दिमाग की नस जुड़ी नहीं है। डॉक्टरों ने कॉक्लियर इंप्लांट की सलाह दी। आरबीएसके टीम के जिला प्रबंधक संतोष कुमार सिंह के समझाने व जिला दिव्यांगजन अधिकारी से समन्वय कर विभाग से बजट पास कराकर दोनों बच्चों के अभिभावक सर्जरी के लिए तैयार हो गए।

कॉक्लियर इंप्लांट आरबीएसके जिला प्रबंधक ने बताया कि 26 मार्च को ऑपरेशन के दौरान कान की सर्जरी करके ट्रांसप्लांट किया गया। दिमाग और कान के नस को कनेक्ट किया गया। सफल ऑपरेशन के बाद स्पीच थेरेपी के जरिए जब बच्चों के कान तक आवाज पहुंची तो चिकित्सा के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

# शिक्षा अब पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि तकनीक आधारित

## वरुण अर्जुन विवि में आयोजित संगोष्ठी में जुटे कई स्कूलों के शिक्षक-प्रधानाचार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विवि में शैक्षिक परिदृश्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से भविष्य की प्रौद्योगिकी पर आधारित संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लेक्चर और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के महत्व के साथ नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों पर चर्चा की गई।


संगोष्ठी में उपस्थित विशेषज्ञ व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पाल ने एआई फॉर ऑल कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि शिक्षा अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक आधारित हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे सुरक्षित तरीके से डिजिटल दुनिया का उपयोग कर सकें और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें।

- एआई व नई शिक्षा नीति में भविष्य पर रखे विचार

नर्सिंग, फार्मेसी, एलाइड हेल्थ और फॉरेंसिक साइंस से जुड़े पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। उप-प्रधानाचार्य दीपक पचौरी ने बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, पोस्ट बेसिक बीएससी और एमएससी नर्सिंग की प्रक्रिया समझाई। सहायक प्रोफेसर प्रिया उपाध्याय ने बीफार्म और डीफार्म कोर्स तथा लैटरल एंट्री की जानकारी दी। उप-प्रधानाचार्य नेहा गुप्ता ने डीएमएलटी और एक्स-रे टेक्नीशियन जैसे कोर्स बताए, जबकि सहायक प्रोफेसर सुनुबिया रहमानी ने बीएससी फॉरेंसिक साइंस की जानकारी दी। मैनेजमेंट कॉलेज के इंचार्ज शुभेंद्र प्रताप सिंह ने बीसीए ऑनर्स एआई-मशीन लर्निंग, बीबीए, बीएचए, एमएचए और एमपीएच जैसे कोर्सों पर प्रकाश डाला।

संवाद सत्र में राजकीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने फॉरेंसिक साइंस, नई शिक्षा नीति और छात्रवृत्ति को लेकर सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने जवाब दिया। कार्यक्रम में प्रति-कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. हनमंत गणपति बोबडे, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंडित श्यामा राव पवार और प्रमोशन एवं मार्केटिंग प्रभारी इंजीनियर सचिन चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, प्रयोगशालाओं, डिजिटल लाइब्रेरी और रोबोटिक्स लैब का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की सराहना की।

### चिकित्सा शिक्षा के अवसरों पर डाला प्रकाश

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य और डीन डॉ. कर्नल रवींद्र नाथ शुक्ला ने चिकित्सा शिक्षा के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए एमबीबीएस, एमडी-एमएस और एमएससी मेडिकल साइंसेज के पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि एमबीबीएस में प्रवेश नीट और एमडी-एमएस में प्रवेश नीट पीजी के माध्यम से मेरिट के आधार पर होता है, जबकि एमएससी में विवि के मानदंडों के अनुसार प्रवेश दिए जाते हैं। वहीं उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और छात्रों को मिलने वाले व्यावहारिक प्रशिक्षण की जानकारी दी। प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार ने गुणवत्तापूर्ण इलाज और स्वास्थ्य शिविरों पर जोर दिया।

# मिर्जापुर के युवक ने बनाया स्टार्टअप 'इन्विजिया एक्स', मिली सरकारी मान्यता

संवाददाता, मिर्जापुर

- ध्रुव प्रताप सिंह की कंपनी को डीपीआईआईटी से स्टार्टअप मान्यता
- प्राइवेसी आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विकसित कर रही कंपनी

**अमृत विचार:** मिर्जापुर के युवा उद्यमी ध्रुव प्रताप सिंह ने अपने स्टार्टअप इन्विजिया एक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से उनके स्टार्टअप को आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि छोटे शहरों से निकलकर नवाचार के जरिए पहचान बनाने वाले युवाओं के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है।

इन्विजिया एक्स एक उभरता हुआ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जिसे उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और प्राइवेसी-केंद्रित डिजिटल अनुभव देने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है। वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर डेटा सुरक्षा और प्राइवेसी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच यह प्लेटफॉर्म इन चुनौतियों का समाधान देने की दिशा में कार्य कर रहा है।

कंपनी की स्थापना 13 फरवरी 2026 को की गई थी और कम समय में ही इसने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। फिलहाल प्लेटफॉर्म की वेबसाइट लाइव हो चुकी है, जहां हजारों उपयोगकर्ता जुड़ चुके हैं। कंपनी जल्द ही अपना मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च करने की तैयारी में है।

संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव प्रताप सिंह ने उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि सरकार से मान्यता मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और इससे आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

# जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल में पहुंचे 50 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल मैच का आयोजन कृभको फर्टिलाइजर क्रिकेट मैदान पर किया गया। जिसका आरंभ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने किया।

ट्रायल में लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जूनियर चयन समिति प्रमुख कमलकांत कनौजिया ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखते हुए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की गाइडलाइन के अनुसार शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर 16 टीम का चयन किया। बल्लेबाजी में विमल, सत्यम, मृत्युंजय, युवराज और तस्लीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, गेंदबाजी में यश यादव, माही पटेल, अनिकेत, दक्ष शर्मा ने प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा।


जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल मैच के दौरान मौजूद प्रतिभागी खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- चयन समिति प्रमुख कमलकांत कनौजिया ने परखीं प्रतिभा

इस मौके पर शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु भूषण जौहरी, कोऑर्डिनेटर डॉ मनोज यादव, अमित चौधरी, प्रतेश, सौरभ मलिंगा, दिनेश शर्मा, वत्सल, फिरोज समेत कई लोग उपस्थित रहे।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# उत्साह से भविष्य की ओर बढ़ते नन्हे कदम

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत मंझारा बढ़ऊ के प्राथमिक विद्यालय पापरि, विकास खंड मिर्जापुर में गुरुवार को परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायक पंक्तियों के साथ की गई, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की नई ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।


परीक्षा परिणाम वितरण के दौरान बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

- प्राथमिक विद्यालय पापरि में परीक्षा परिणाम वितरण बच्चों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान गोविंद दीक्षित, प्रधानाचार्य अजीत कुमार बाथम, सहायक अध्यापक श्रद्धा द्विवेदी, रोहित द्विवेदी, मुकेश कुमार मिश्रा, गौरव मिश्रा तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरिता दीक्षित मौजूद रहीं। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य अजीत कुमार बाथम ने कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है, जिसके सहारे बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। वहीं ग्राम प्रधान गोविंद दीक्षित ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिनाइयों से घबराए बिना लगातार प्रयास करते रहें।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का संकेत है।

# आमने-सामने भिड़े दो ट्रक, एक चालक की मौत

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** ईसानगर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा सिसैया-लखीमपुर हाईवे पर रंजीत नगर पुल के आगे हुआ। बोझिया गांव के पास रात करीब 10 बजे दोनों ट्रक आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और चालक बुरी तरह फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। वहां चालक विनोद कुमार (40) पुत्र लालसिंह निवासी शामली को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे ट्रक चालक मो. यूसुफ निवासी रसूलपुर, मुरादाबाद का इलाज जारी है, जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव बुंधेली नानकार निवासी मुन्ना लाल (45) सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्ती शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 15 से बिना एचएसआरपी वाहनों का नहीं मिलेगा पीयूसी
- प्रदूषण केंद्रों पर सूचना पट्ट लगा जानकारी देना अनिवार्य

**अमृत विचार:** 15 अप्रैल से बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों को प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

परिवहन आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी निर्देशों के तहत अब बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगे वाहनों पर सख्ती बढ़ाई जा रही है। सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी क्रम में वीएएचएएन पीयूसीसी पोर्टल पर तकनीकी व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत 15 अप्रैल 2026 से बिना एचएसआरपी लगे वाहनों का प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

अपर परिवहन आयुक्त राजस्व डॉ. आरके विश्वकर्मा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 15 अप्रैल के बाद किसी भी प्रदूषण जांच केंद्र पर ऐसे वाहन का पीयूसीसी निर्गत न किया जाए, जिसमें हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगी हो। सभी प्रदूषण जांच केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने केंद्र पर प्रमुख स्थान पर स्पष्ट और पठनीय सूचना पट्ट लगाएं, जिससे आमजन को नियम की जानकारी मिल सके। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि इस आदेश के पालन में किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता पिटाई प्रकरण में चार नामजद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोप: जातिसूचक शब्द कहे, फाइलें फाड़ दी, सीट को लेकर विवाद

**अमृत विचार:** कचहरी परिसर में सीट को लेकर हुए विवाद में अधिवक्ता ने सदर बाजार थाना में तीन अधिवक्ताओं और चार अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने थाना सदर बाजार में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार को कचहरी परिसर में सीट पर बैठे थे। इस पर पड़ोसी अधिवक्ता अनीत त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी व रामकुमार त्रिवेदी, मुंशी विक्रांत तथा चार व पांच जूनियर अधिवक्ताओं ने प्रदीप कुमार जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि अपने सामने नहीं बैठने देगें। विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उनपर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोप है कि अनूप व अनीत ने उसके सिर व हाथ पर डंडों से कई प्रहार किया। वह जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने उसे पकड़कर पीटा। पहने हुए कपड़े फाड़ दिए और सीट पर रखी आवश्यक फाइलें फाड़ दी। साथ ही कुर्सी तोड़ दी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अनीत त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी, राम कुमार त्रिवेदी, विक्रांत मुंशी तथा चार व पांच जूनियर अधिवक्ताओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बिजली चेक करने गई टीम को पीटा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के गांव हारगुरैया निवासी अमिन कुमार ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि बुधवार की दोपहर एक बजे टीम के अर्जुन सिंह, पृथ्वीराज व विजय के साथ स्मार्ट मीटर निगेटिव वैलेश चेक करने गए थे। वह मोहल्ला सरदार नगर में अमरपाल के कनेक्शन को देखा तो इनकमिंग केबिल आउट गोइंग केबिल्स जोड़कर मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी करते मिले। उन्होंने अमरपाल से बिजली चोरी के बारे में पूछा तो वह नाराज हो गया। आरोपी ने उसके साथी को गालियां देने लगे और परिवार वालों के साथ अर्जुन को पीटकर घायल कर दिया। उसने बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह तोमर ने बताया कि आरोपी अमरपाल, अक्षय, विजय वहादुर समेत चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### शराब की ओवररेटिंग का वीडियो वायरल

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया की देशी शराब की दुकान में काफी समय से ओवररेटिंग होती आ रही है। दुकान का एक वीडियो सामने आया है। एक युवक दुकान पर शराब का पौवा खरीदने गया। आरोप है कि सेल्समैन ने 75 रुपये के पौवा के 85 रुपये मांगे। युवक ने कहा कि उसके पास अतिरिक्त 10 रुपये नहीं हैं। अन्य लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने हंगामा करते हुए नारेबाजी की। सेल्समैन की सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची। लोगों को शांत कराया।

### किशोरी लापता, दर्ज हुई रिपोर्ट

**जय नगला, अमृत विचार :** बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया कि उनकी 14 साल की बेटी 31 मार्च को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटी है। कई जगह तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल पा रहा है। युवक ने तहरीर देकर अनहोनी की आशंका व्यक्त की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। थाना प्रभारी अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करके किशोरी की तलाश की जा रही है।

### मां-बेटे से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला शर्की निवासी शशांक राठौर पुत्र ओमपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उदयवीर, चंद्र प्रकाश, चिरौंजी सिंह, पुरुषोत्तम उनके ताऊ के बेटे हैं। प्लाट बेचने को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई थी। उन लोगों ने शशांक की मां और बेटी को धक्का मारकर गिरा दिया। वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बच्चों ने निकाली रैली

**बिल्सी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय वनबेहटा के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली रैली। बच्चों और शिक्षकों ने ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जागरूकता रैली में बच्चे शिक्षा प्रेरक नारे लगा रहे थे, मेहनत करो चाहे मजदूरी पढ़ना लिखना बहुत जरूरी। मम्मी पापा भूल न जाना स्कूल में चलकर नाम लिखाना।

# नए वित्तीय वर्ष में सृजित होंगे 31.18 लाख मानव दिवस

## मनरेगा के तहत खर्च किए जाएंगे 13,098.96 लाख रुपये

- मनरेगा योजना के तहत पूरे साल की बनाई गई कार्ययोजना, शासन को भेजा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** नए वित्तीय वर्ष के लिए जनपद में मनरेगा के तहत कार्ययोजना तैयार की गई है। योजना के तहत करीब 13,098.96 लाख रूपये का बजट श्रमिकों पर खर्च किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। इसे शासन की ओर से स्वीकृत कर लिया गया है। नए स्वीकृत प्रस्ताव के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में 31.18 लाख मानव दिवस सृजित किए जाएंगे।

बीते वित्तीय वर्ष में 25.70 मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य मिला था। श्रमिकों के रोजगार मांगने पर 10 लाख से अधिक से मानव दिवस सृजित किए गए थे। जिले में 15 ब्लॉकों में 1036 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायतों में अधिकांश विकास कार्य मनरेगा योजना के तहत कराए जाते हैं। गुजरे वित्तीय वर्ष 2025-2026 में मनरेगा योजना से कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। अब नए वित्तीय वर्ष में भी मनरेगा योजना के तहत विकास कार्य कराने के कीर्तिमान स्थापित करने की पहल हुई है। इसमें बड़े स्तर पर कृषि से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। गरीब किसानों के खेतों का समतलीकरण कराने के साथ ही उनको कृषि से जुड़ी परियोजनाओं से जोड़ा जाएगा। मिट्टी और पक्के काम के साथ पशुपालकों के लिए भी मनरेगा योजना का लाभ दिया जाएगा। पशुपालकों के लिये बाड़े बनाए जाएंगे। इसके अलावा गोआश्रय स्थलों का भी कायाकल्प होना है। नए वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजना के तहत कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई थी जिसमें

### 2,28,261 हैं जॉब कार्डधारक

जिले की सभी 1036 ग्राम पंचायतों में 2,28,261 जॉब कार्ड धारक हैं। इनमें से 1,49,525 जॉब कार्ड धारक सक्रिय हैं। इनके द्वारा ग्राम प्रधान और सचिव से रोजगार मांगा जाता है। गुजरे वित्तीय वर्ष में 70 हजार से अधिक परिवारों को सौ दिन रोजगार दिया गया था।

> मनरेगा से श्रमिकों को रोजगार देने के लिए बजट तैयार कर लिया गया है। 31.18 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। भेजी गई कार्ययोजना को शासन से स्वीकृति मिल गई है। बजट मिलने पर कार्य शुरू करा दिए जाएंगे।
>
> **अखिलेश कुमार चौबे,** प्रभारी डीसी मनरेगा

मनरेगा मजदूरों के लिए 31.18 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। करीब 13,098.96 लाख रुपए मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। गुजरे वित्तीय वर्ष 2025-2026 में विभाग को शासन की ओर से 25.70 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसे मार्च माह तक पूरा कर लिया गया था।

## किसानों की आय का साधन बनेगी गौशालाएं

**आसफपुर/ ओरछी , अमृत विचारः** विकासखंड आसफपुर में अनुश्रवण,मूल्यांकन समिति की बैठक शुक्रवार को हुई जिसमें बीडीओ ने गौशालाओं की समीक्षा की। बीडीओ और पशु चिकित्साधिकारी ने प्रधानों और सचिवों को गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाने के आदेश दिए। साथ ही, हरे चारे की व्यवस्था करने को कहा।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीप वार्ष्णेय ने बताया कि गौशालाओं में साल भर हरे चारे की उपलब्धता रहेगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर किसानों, स्वयं सहायता समूह, एफपीओ और एनजीओ आदि से ग्राम स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायतों की गौशालाओं का अनुबंध किया जाएगा। इससे किसानों को अपना हरा चारा बेचने का माध्यम हो जाएगा। साथ ही, उनकी आय भी बढ़ जाएगी। संबंधित ग्राम सचिव स्थानीय स्तर पर उक्त किसानों को गौशालाओं से गोबर व जैविक खाद भूसे के बदले उपलब्ध कराएंगे। बीडीओ ने राकेश निराला ने बताया कि सभी गौशालाओं में यथाशीघ्र सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। साल भर का भूसा संकलित करे।

# बिजली की अघोषित कटौती शुरू अंधेरे में डूब रहे शहर व गांव

- शहर से लेकर गांवों तक में मचा हाहाकार
- अनुरक्षण कार्य के नाम पर काटी जा रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचार :** जनपद में अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग रोकने का प्रशिक्षण दिया गया है फिर भी गांव-गांव भारी पैमाने पर बिजली कटौती हो रही है। कटौती का दंश झेल रहे उपभोक्ता गर्मी से परेशान हैं। विभागीय अधिकारी अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली रोके जाने की बात कह रहे हैं जबकि कुछ गांवों में तीन-तीन दिन से लोग अंधकार में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

बिजली विभाग अनुरक्षण कार्य होने की बात कह रहा है। विभाग का कहना है कि जर्जर लाइनें बदली जा रही हैं लेकिन अघोषित कटौती को रोकने के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। कई कई दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण हंगामा कर रहे हैं। उझानी क्षेत्र के कस्बा कछला और हुसैनपुर में पिछले दो दिन से एक या दो घंटे बिजली दी जा रही है। हुसैनपुर निवासियों का आरोप है कि दिन में दो घंटे बिजली मिल रही है। विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। रात को बिजली चार पांच घंटे गुल रहती है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। दिन में भी बिना बिजली के परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है क्षेत्र के लाइनमैन कर्मियों को इसकी सूचना दी जाती है फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

उझानी के ही ग्राम पीरनगर में शुक्रवार को सुबह आठ से दोपहर 12 तक बिजली गुल रही। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में चार से पांच घंटे की कटौती प्रतिदिन होती है जिससे गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीर नगर निवासी विनोद शर्मा ने बताया कि उनके गांव व आस पास के गांवों में भी बिजली संकट बना हुआ है। नलकूपों को दी जानी वाली बिजली नहीं मिल रही है। किसानों की फसलें सूख रहीं हैं। विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं हैं।

### शहर में शाम को कई बार गुल होती है बिजली

शहर में पनबड़िया बिजली घर से मिलने वाली बिजली आपूर्ति देर रात को गुल हो जाती है जिससे शहर के कई मोहल्लों में अंधकार बना रहता है। बाहर से आने वालों को अंधेरे में भारी दिक्कत होती है। बिजली कटौती शाम सात बजे से रात को दस बजे तक कई बार होती है। अघोषित बिजली कटौती से लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। शाम को बिजली गुल होने से अप्रिय घटनाओं का भय बना रहता है।



> कुछ स्थानों पर अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह से सिविल लाइन क्षेत्र में लाइन पर काम किया गया है। पेड़ की टहनियां काटी जा रही हैं। कुछ लाइनें बदली गई हैं। अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ रही है।
>
> **अरविंद गौतम**-अधिशासी अभियंता प्रथम

# भूमि बैनामा कराने की प्रक्रिया हुई समयबद्ध, आएगी पारदर्शिता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** भूमि और अन्य संपत्तियों का बैनामा कराने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इसे समयबद्ध बनाया गया है। भूमि बैनामा कराने की प्रक्रिया में प्रशासन के जरिये ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग प्रणाली में बदलाव किया गया है। अब ऑनलाइन स्लॉट बुक कराने के बाद निर्धारित समय से एक घंटे के अंदर बैनामा कराना अनिवार्य होगा। अगर निर्धारित समय के अंदर बैनामा नहीं हो पाता है तो बुकिंग स्लॉट स्वतः ही निरस्त हो जाएगा। इसके बाद अगले दिन दोबारा से नया स्लॉट बुक कराना होगा। बैनामा कराने की प्रक्रिया को समयबद्ध किए जाने से रजिस्ट्री कार्यालयों में अनावश्यक भीड़ कम हो गई है। साथ ही, लोगों को अपनी बारी आने का इंतजार भी नहीं करना पड़ रहा है।

सरकार की ओर से नए वित्तीय वर्ष में कई योजनाओं में बदलाव किया गया है जिससे योजनाओं को पारदर्शी बनाया जा सके। जमीनों और संपत्तियों का बैनामा कराने की प्रक्रिया में भी बदलाव करते हुए समय निर्धारित कर दिया है। जिले की चार तहसीलों बिसौली, दातागंज, सहसवान, बिल्सी और मुख्यालय पर रोजाना बड़ी संख्या में जमीनों और संपत्तियों की खरीद-फरोख्त होती है। इन जमीनों के बैनामा कराने के लिए तहसीलों और मुख्यालयों पर लोगों की रोजाना भीड़ जमा होती है। निबंधन कार्यालयों में बैनामा कराने आने वाले लोगों को भीड़ के कारण लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था जिससे अब छुटकारा मिल गया है।

- स्लॉट बुकिंग कराने के एक घंटे के अंदर भूमि का कराना होगा बैनामा
- निर्धारित समय के भीतर रजिस्ट्री नहीं हुई तो बुकिंग स्लॉट स्वयं हो जाएगी निरस्त, दोबारा करानी होगी बुक
- रजिस्ट्री कराने की नई व्यवस्था से लोगों को घंटों इंतजार करने की परेशानी से मिलेगा छुटकारा

निबंधन कार्यालयों में जमीनों के बैनामा कराने की प्रक्रिया में एक अप्रैल से नई व्यवस्था शुरू कर दी गई है। लोगों को घंटों इंतजार करने की परेशानी से छुटकारा मिला है। सब रजिस्ट्रार ने बताया कि नई प्रक्रिया से रजिस्ट्री कार्यालय में भीड़ नियंत्रित करने के साथ ही कामकाज भी बेहतर हो रहा है। सब रजिस्ट्रार ने बताया कि पूर्व में लोग स्लॉट बुक करा लेते थे, लेकिन समय पर उपस्थित नहीं होते थे। इसकी वजह से अन्य लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी को दूर करने के लिए शासन स्तर से ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया में बदलाव किया है। इससे कार्यालय में लगने वाली अनावश्यक भीड़ कम हो गई है। सब रजिस्ट्रार ने बताया कि यदि किसी कारणवश देरी होती है और समय निकल जाता तो सिस्टम स्वतः स्लॉट को निरस्त कर देगा और उसी दिन रजिस्ट्री कराना संभव नहीं हो पाएगा। इसके लिए उन्हें दूसरे दिन फिर से स्लॉट बुकिंग करानी पड़ेगी।

### स्लॉट बुक कराने से पूर्व प्रलेखक पूरी रखें औपचारिकताएं

बैनामा प्रक्रिया को समयबद्ध कर दिया गया है। प्रक्रिया के समयबद्ध होने पर प्रलेखकों को जमीनों का बैनामा कराने के लिए स्लॉट बुक कराने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज, गवाह व अन्य औपचारिकताओं को तैयार रखना होगा। उन्हें एक घंटे की समय सीमा अंदर ही दस्तावेजों का सत्यापन, हस्ताक्षर व अन्य औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी जिससे समय पर बैनामा हो सके।

> बैनामा कराने की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। जमीनों के बैनामा कराने के लिए एक घंटे का समय निर्धारित किया गया है। स्लॉट बुक कराने के एक घंटे के अंदर बैनामा कराना होगा। अगर समय रहते बैनामा नहीं हुआ तो स्लॉट स्वतः: निरस्त हो जाएगी। अगले दिन दोबारा से स्लॉट बुक करानी होगी। तभी बैनामा हो पाएगा।
>
> **नदीम,** सब रजिस्ट्रार, उप निबंधन कार्यालय

# म्याऊं में बिजली संकट, तीन दिन से अंधेरे में डूबा है क्षेत्र

संवाददाता, म्याऊ

- बिजली का लोड बढ़ने से अक्सर टूट रहीं जर्जर लाइनें

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सौंधा मई में बिजली की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। तीन दिन से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है जिससे लोग गर्मी से परेशान हैं। जर्जर लाइन के कारण हर दिन तार टूटते हैं जिससे कई-कई दिन बिजली गुल रहती है।

म्याऊ क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली संकट बना हुआ है। अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से उन्हें पीने के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। मोटर न चलने से पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों को बूंद-बूंद भर पानी को तरसना पड़ रहा है। ग्रामीण इधर-उधर से पानी ला रहे हैं। घरों में पानी नहीं होने से खाना बनाने में दिक्कत हो रही है। क्षेत्र के गांव सोंधा मई में पिछले तीन दिन से बिजली नहीं आ रही है। गांव के बाहर रखे ट्रांसफार्मर से तार टूट गया है जिससे गांव की बिजली आपूर्ति ठप है। सूचना देने के बाद भी लाइन को ठीक नहीं किया गया। गांव के ज्ञानेश, मनवीर, राजीव,अमित,पंकज,कन्हैया आदि का कहना है कि उन्हें बिजली विभाग पर भरोसा नहीं है, क्योंकि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है, उन्ही तारों पर जोड़-गांठ कर काम चलाया जा रहा है। कुछ घंटे बाद तार गर्म होकर जल जा रहे हैं, जिससे बिजली ठप हो जा रही है ।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से उन्हें गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। बच्चों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है, और महिलाओं को घर के कामों में मुश्किल हो रही है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्राम प्रधान सुखदेव ने कहा कि जल्द लाइन ठीक कराई जाएगी। क्षेत्रीय अवर अभियंता बालकृष्ण प्रजापति का कहना है कि जर्जर लाइन के कारण समस्या हो रही है, लेकिन जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# व्यापारी के घर आग से नुकसान

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** नगर बिसौली के एक व्यापारी के घर में अचानक आग लग गई। मोहल्ले के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक आग से पूरा सामान जलकर राख हो गया। साथ ही, घर को भी क्षति हुई है। व्यापारी के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। व्यापारी ने षड्यंत्र के तहत आग लगाने की आशंका व्यक्त की है।

गुरुवार शाम बिसौली के अधिकतर लोग मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर खुशियां मना रहे थे वहीं नगर के व्यवसायी मोनू महाजन अपने घर में लगी आग पर काबू पाने की जद्दोजहद में बदहवास थे। आग लगने के दौरान घर पर कोई मौजूद नहीं था। मौके की स्थिति देखकर लोगों ने कहा कि पूजा के दीपक से आग लगी होगी लेकिन व्यापारी ने इसे षड्यंत्र बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति षड्यंत्र के तहत द्वेष भावना से उनके घर में जानबूझकर आग लगाई गई है जिसमें पुलिस और जिला स्तरीय भाजपा नेता का हाथ है। उन्होंने कहा कि एक भाजपा नेता के कहने पर उन्हें बार-बार पर पुलिस झूठे मामलों में फंसा रही है। उन पर गुंडा एक्ट के अंतर्गत भी कार्रवाई करा दी गई है। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाए हैं। आरोप लगाया गया है कि आग लगाने वाले लोग उनके पूरे परिवार को जलाकर मारना चाहते थे। शिकायत पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया।



आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जानकारी करती पुलिस।

# फली लेने पेड़ पर चढ़े हलवाई की करंट लगने से मौत

संवाददाता, विजय नगला

- परिजनों के अनुसार दुकान मालिक के कहने पर पेड़ पर चढ़ा था युवक

**अमृत विचार :** देशी दवा के लिए सेमर की फली लेने के लिए पेड़ पर चढ़े युवक को हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। युवक पेड़ से नीचे गिरा और मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।



पुरुषोत्तम उर्फ संजय

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव अहिरामई गोटिया निवासी पुरुषोत्तम उर्फ संजय (20) पुत्र कालीचरन सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में बुधवाई मार्ग स्थित मिठाई की दुकान पर हलवाई का काम करते थे। वह सुबह काम पर जाते और शाम को वापस लौट आते थे जिससे उनके परिवार का पालन पोषण होता था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को दुकान के मालिक ने उन्हें देशी दवा में प्रयुक्त होने वाली सेमर की फली लेने के लिए भेजा था। पुरुषोत्तम ममता बारात घर के सामने सेमर के पेड़ पर चढ़ गए। वह पेड़ के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गए। वह पेड़ से नीचे गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते पहुंचे। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गवर्मेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

**बदलता मौसम** बारिश होने की संभावना के चलते गेहूं की कटाई हो रही प्रभावित

# आसमान पर छाए बादल, किसान हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव की वजह से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल को काटना शुरू कर दिया है। ऐसे में आसमान में छाए बादल अन्नदाताओं की बेचैनी बढ़ा रहे हैं।

शुक्रवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर तक सूरज नहीं निकला। दोपहर के बाद तेज हवाएं चलने लगीं। साथ ही, धूप निकल आई। मौसम में आए बदलाव के कारण खेतों में काम की रफ्तार अचानक तेज हो गई। सुबह से ही बादल छाए रहने का असर किसानों की दिनचर्या पर साफ दिखा। कई लोगों ने अपने अन्य काम स्थगित कर सीधे खेतों का रुख किया। कहीं कटाई जारी रही तो कहीं मड़ाई का काम तेजी से निपटाया गया। किसान फसल को जल्द सुरक्षित करने की कोशिश करने में जुट गए। पिछले कुछ दिनों से मौसम के लगातार बदलने की वजह से किसानों की चिंता अधिक बढ़ गई है। गांव विजय नगला निवासी किसान हरपाल, श्यामलाल, मोहन स्वरूप और गांव घटपुरी निवासी शैलेश, तेजपाल आदि ने बताया कि खेतों में गेहूं की कटाई चल रही है। किसान जल्द से जल्द फसल को घर लाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहा है। ऐसे में मौसम का स्थिर रहना बेहद जरूरी होता है। ऐसी स्थिति में अगर हल्की बारिश होती है और तेज हवा चलती है तो नुकसान हो सकता है। खेत में पककर तैयार खड़ी खराब हो जाएगी। कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति 4 किलोमीटर प्रति घंटा रही व दिशा दक्षिण-पश्चिम रही। अगले दो दिनों तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। बारिश के संकेत नहीं है। तेज हवाएं चलती रहेंगी। कृषि अधिकारी ने किसानों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि किसान मौसम साफ रहने के दौरान ही कटाई और मड़ाई का काम पूरा कर लें जिससे नुकसान की आशंका कम हो जाएगी।

- कभी बारिश कभी धूप वाला बना हुआ है मौसम, तापमान में उतार-चढ़ाव



खेतों में गेहूं की कटाई करते किसान। • अमृत विचार

## चयनित होने पर अभय और अरुण सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को ऑडिटोरियम में योग कक्षा में अभय वर्मा व अरूण प्रकाश को सेवा में चयन होने परी सम्मानित किया गया। उनका फूल-माला पहनाकर लोगों ने बधाई दी।

योग कार्यक्रम के दौरान योग शिक्षक गिरधारी सिंह राठौर ने बताया कि अभय वर्मा का चयन असिस्टेंट कमिश्नर पद पर हुआ है। अरुण प्रकाश सिंह का चयन एसोसिएट प्रोफेसर ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में हुआ है। इन दोनों को सम्मानित किया गया है। अभय वर्मा ने अपनी कामयाबी के पीछे अपनी कड़ी मेहनत माता-पिता का सहयोग व विषम परिस्थितियों में हार न मानने को दिया है। अरुण प्रकाश सिंह ने बताया कि जो भी कार्य करें। हम भगवान को साक्षी मानकर करें।

न्यूज ब्रीफ

### चोरी के मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस चेकिंग कर रही थी। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव शदुल्लापुर भीतारा निवासी प्रमोद पुत्र पूरन लाल को पकड़ा। उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसने वह मोबाइल फोन दिल्ली निवासी अमर माथुर से चोरी किया था। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### दो सिपाहियों पर चौकी पर मारपीट का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नई सराय निवासी अरबाज ने बताया कि वह गुरुवार को बड़े सरकार की दरगाह पर जरूरतमंदों को खाना बांटने गए थे। आरोप है कि वहां से लौटते समय दो सिपाहियों ने रोक लिया। उनकी जेब से पांच हजार रुपये निकाल लिए। उन्हें जबरन पुलिस चौकी ले गए और मारपीट की। जिसकी वजह से उनका हाथ टूट गया।

### प्रथम सेनाध्यक्ष सैम मानेकशॉ की जयंती मनाई

**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति के तत्वावधान में प्रथम सेनाध्यक्ष एवं फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती कृष्णानगर गली नंबर दो में मनाई गई। कवि माधव मिश्र ने कहा कि सैम मानेकशॉ ने भारतीय सेना को सक्षम बनाया और 1965 एवं 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया गया। वे भारत के पहले फील्ड मार्शल थे। अध्यक्षता ब्रह्मचारी स्वामी योगेश्वर स्वरूप ने की व संचालन बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, ओम शंखधार, कल्याण सिंह, रामकिशोर अग्रवाल, दिनेश चन्द्र गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, वेदराम मौर्य, आनन्द प्रकाश यादव, ललित शर्मा, अरविन्द कुमार, नत्थू सिंह आदि मौजूद रहे।

# गंगा में छोड़ा गया पानी, उफान देख ग्रामीण परेशान

## पहाड़ों पर हुई बारिश के बाद नरौरा से छोड़ा गया पानी, कछला में बढ़ा पानी, उसहैत क्षेत्र में नष्ट हुई पालेज

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



कादरचौक क्षेत्र में गंगा में बढ़ा हुआ पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर बेमौसम हुई बारिश ने मैदानी इलाकों में परेशानी पैदा कर दी है। नरौरा से छोड़ा गया पानी उसहैत और कछला क्षेत्र में तबाही मचा रहा है। किसानों की पालेजों में पानी भर गया है। गंगा में उफान को देखते हुए स्थानीय लोग हैरान हैं। बाढ़ खंड का कहना है कि दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

पिछले कुछ दिनों सै आसमान में बादल छाए हुए हैं। कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई है। पहाड़ों पर बारिश हो रही है। बारिश का पानी ऊंची पहाड़ियों से होकर बिजनौर डेम में आ रहा है। हरिद्वार की ओर से पानी बैराज में आ रहा है जिससे नरौरा बैराज में पानी बढ़ रहा है। पानी का फ्लो कम करने को बुधवार की रात को करीब 15 हजार क्यूसेक पानी गंगा में डिस्चार्ज किया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह को भी पानी छोड़ा गया जिससे गंगा नदियों में उफान आ गया है। गंगा में पानी बढ़ने से कछला और उसहैत क्षेत्रों में गंगा किनारे पानी बढ़ने लगा है। खेतों में तैयार हो रही पालेज पानी में डूब चुकी है। कई फसलें भी पानी भी समा गई हैं। गंगा का पानी आसपास की फसलों को अपनी चपेट में ले चुका है जिससे किसान परेशान हैं। गंगा का जलस्तर भी बढ़ गया है हालांकि अभी गंगा काफी नीचे है फिर भी स्थानीय लोगों में भय बना हुआ है। दो दिन से लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए पालेज नष्ट होने के कगार पर है।

बाढ़ खंड के सहायक अभियंता नेशपाल ने बताया कि ऊपर से आ रहे पानी ने कुछ समस्या पैदा कर दी है। दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी। परेशान होने की जरूरत नही है। उसहैत और कछला में पानी बढ़ा है जिससे लोग घबराए हुए हैं। अब अधिक पानी नहीं आएगा।

### गंगा किनारे पालेज को हुआ नुकसान

कछला और उसहैत हुसेनपुर आदि क्षेत्रों में 80 प्रतिशत किसान पालेज लगाते हैं। तरबूज और खरबूजा इस समय तैयार हो चुका है लेकिन पालेज में पानी भर जाने से भारी नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। किसानों का कहना है कि चार पांच दिन तक पानी भरा रहने से पालेज पूरी तरह नष्ट हो जाती है। लेकिन अभी पौधा जीवित है। अधिक नुकसान नहीं है।

## बाढ़ खंड ने शुरू की तटबंधों की मरम्मत

- पांच बिन्दुओं पर होगा तटबंधों का कायाकल्प
- शासन से मिला 28 करोड़ का बजट, विभाग ने दिए ठेके

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन से बाढ़ खंड को करीब 28 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं जिससे तटबंधों का कायाकल्प किया जाएगा। विभाग ने धन मिलते ही तटबंधों की मरम्मत शुरू कर दी है। महावा नदी सहित पांच स्थानों पर बांधों की मरम्मत की जाएगी। जबकि दातागंज के गांव गौटिया के बाहर पानी रोकने के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। बाढ़ खंड के अधीन जनपद के सात तटबंध हैं जिनकी बाढ़ खंड हर साल मरम्मत करता है ।बांधों की मरम्मत को सरकार से बजट दिया जाता है जिससे सभी प्वाइंटों पर काम किया जाता है। इस साल कुछ देरी से विभाग को बजट दिया गया है जिससे अब काम शुरू हुआ है। बाढ़ खंड को इस साल 28 करोड की धनराशि स्वीकृत की गई है जिससे सभी बांधों का कायाकल्प किया जाएगा। बाढ़ खंड के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल सहसवान की महावा नदी सहित पांच स्थानों पर काम किया जाएगा जिसमें उसहैत के जटा बांध, कछला क्षेत्र में हुसैनपुर बांध, महावा नदी का तटबंध, उसावां और दातागंज क्षेत्र के गौटिया गांव में काम किया जाना है। इसके लिए विभाग ने कई टेंडर कराए हैं जो अब काम कर रहे हैं। इनमें उसहैत के जटा गांव का बांध अति संवेदनशील है। इस पर मिट्टी भरी बोरी डाली जाएगी उसके ऊपर पत्थर डाला जाना है। इसके बाद सहसवान की महावा नदी का बांध 14 किमी लंबा है इस बांध को बारिश में रोकना एक बड़ी चुनौती है इसलिए इस पर डवल काम किया जाएगा। उधर कछला के हुसैनपुर बांध को भी विभाग ने पूरी तरह मजबूत और सुरक्षित बनाने का काम शुरू कर दिया है। रामगंगा क्षेत्र दातागंज में आता है इस क्षेत्र में अनेको स्थानो पर बाढ़ का पानी रोकने की चुनौती है। ग्रामीणों को बाढ़ के कहर से बचाने को काम किया जाता है। गोटिया गांव के बाहर मजबूत बांध बनाया जाता है जिससे गांव को बाढ़ से बचाया जा चके। हर साल इधर बाढ़ के चलते लोगों को दिक्कत होती है। रामगंगा का पानी दातागंज हजरतपुर क्षेत्र में तबाही मचाता है। इसको रोकने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने शुक्रवार को बताया कि शासन से धन स्वीकृत हो चुका है।

### जिम्मेदारों की निगरानी में हो रहा काम

इस बार बाढ़ खंड ने चिन्हित स्थानों का सर्वे दो बार किया है जिससे मरम्मत कार्य एक बार में ही पूरा कर लिया जाए। विभाग के जिम्मेदारों की निगरानी में काम शुरू किया गया है चिन्हित स्थानों पर का पूरा होने के बाद निरीक्षण किया जाएगा बाहर की टीम देखेगी अगर कोई कमी नजर आती है तो उसको फिर से पूरा कराया जाएगा।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रेम-प्रसंग के चलते बेरहमी से मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान शुक्रवार को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों का साथ देने का आरोप लगाया। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव बोंदरी निवासी सूर्यकांत उर्फ छोटू कुछ साल से परिवार के साथ नगर उझानी के मोहल्ला श्रीनारायणगंज में रहते थे। वह समय-समय पर गांव आते-जाते रहते थे। गांव निवासी एक युवती से उसका प्रेम-प्रसंग हो गया था। 28 मार्च की सुबह कुछ लोग उन्हें साथ ले गए और उनके साथ मारपीट कर मरणासन्न हालत में उनके घर पर डाल गए थे। सूर्यकांत की मां सीमा ने पुलिस को तहरीर दी थी। घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल ले जाया गया। शुक्रवार को घायल ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता उदयराज ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की।

## संविलियन विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल हुआ घोषित



मेधावी बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिसौली**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सुजानपुर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा एक से आठ तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। विदाई में कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट किए गए। इससे पूर्व कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 8 की छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही, विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल चलो अभियान का आरंभ किया गया। विद्यालय स्टाफ द्वारा गांव में स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों से संपर्क किया गया।

## दातागंज क्षेत्र में 5 करोड़ 19 लाख से बनेगी सड़कें

**दातागंज,अमृत विचार :** जनपद के भाजपा विधायकों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर लगातार शासन को प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। जिन पर राज्य सरकार स्वीकृति देकर विकास कार्यों को गति दे रही है। दातागंज विधान सभा क्षेत्र में पांच करोड़ 19 लाख से कई सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

गुरुवार को दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया ने कहा कि भाजपा शासन में हर वर्ग व क्षेत्र का विकास हो रहा है। केंद्र व राज्य सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है। भाजपा जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयासरत हैं।

# तापमान बढ़ा, बाजारों में होने लगी चश्मों की मांग

- पिछले एक सप्ताह में धूप के चश्मों और टोपी की बिक्री में 40 प्रतिशत का आया उछाल
- सूरज के तीखे तेवरों की वजह से शहर के लोगों का होने लगा है हाल बेहाल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



चश्मों की बिक्री करता दुकानदार

**अमृत विचार:** गर्मी धीरे-धीरे अपनी रौ में आने लगी है। तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। न्यूनतम तापमान भी 23 से 24 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। सूरज की तीखें किरणें लोगों को बेहाल करने लगी हैं। सूरज की बढ़ती तपिश से बचने लिए बाजार में धूप के चश्मों की मांग बढ़ने लगी है। चश्मों के साथ टोपी की भी मांग लोग कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह के दौरान बाजारों में धूप के चश्मे और टोपी की बिक्री में 30 से 40 से 50 प्रतिशत का उछाल आया है। लोग धूप से बचने के लिए चश्मों की खरीदारी करने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं।

मार्च माह के दौरान मौसम उतार चढ़ाव वाला बना रहा है। अप्रैल माह की शुरुआत में भी मौसम का ऐसा ही हाल है। दो दिन पूर्व हुई बूंदा-बांदी के बीच तापमान में खास अंतर नहीं आया। तापमान लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूरज की किरणें सुबह से लोगों को परेशान करने लगी हैं। सूरज की रोशनी लोगों की आंखों पर चुभने लगी है। जिससे बचने के लिए लोग चश्मा की खरीद कर रहे हैं। चश्मों के साथ-साथ सिर को धूप से बचाने के लिए टोपी की भी खरीदारी की जा रही है। चश्मा विक्रेता हरिओम गुप्ता ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार चश्मों की मांग जल्दी शुरू हो गई है। लोग फैंसी के बजाय अब ऐसे चश्मे मांग रहे हैं जो आंखों और चेहरे को पूरी तरह कवर कर सके। दोपहर की लू से बचने के लिए लोगों ने केवल आधुनिक संसाधनों पर ही नहीं बल्कि पारंपरिक तरीकों पर भी भरोसा जताया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गमछा, सूती टोपी बिक्री तेज हो गई है। महिलाएं जहां चेहरे को कवर करने के लिए बड़े स्कार्फ और ओढ़नी की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं पुरुष पसीने और धूप से बचने के लिए सूती गमछे को सबसे आरामदायक मान रहे हैं।

### बाजार में सौ रुपए से लेकर 500 रुपए तक के बिक रहे चश्मे

बाजार में साधारण से लेकर ब्रांडेड लुक वाले चश्मे उपलब्ध हैं। 100 से 500 रुपये तक की रेंज में चश्में दुकानों पर उपलब्ध है। धूप से सिर को बचाने वाली टोपी भी 50 रुपये से लेकर 250 रुपये तक की बिक रही हैं। बाजार में चेहरे को ढकने के लिए कॉटन के स्कार्फ और गमछों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। गमछा 50 रुपए से लेकर 250 रुपए का बाजार में उपलब्ध है। गमछा की बिक्री करने वाले व्यापारी हर्षित रस्तोगी करते हैं कि पिछले साल के मुकाबले इस बार गर्मी जल्दी और तेज पड़ रही है। सूरज की तेज किरणें लोगों को परेशान कर रही हैं। इनसे बचने के लिए लोग गमछे की मांग कर रहे हैं। इसकी बिक्री पहले से दोगुनी हो गई है।

सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बबासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला

कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174

## संगठन को मजबूती देंगे पदाधिकारी



नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यालय पर एससीएसटी कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा और विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सूरज पाल सिंह सोलंकी एडवोकेट का कार्यकर्ताओं ने स्वागत स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि हम इन तीनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का पूर्ण रूप से सहयोग करते हुए संगठन को खड़ा करने में पूरा सहयोग करेंगे।

सुरेश राठौर ने कहा कि तीनों जल्द से जल्द अपनी बनाकर पार्टी को मजबूती देंगे। उपाध्यक्ष सुनीता सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि हम संगठन बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि हम पर जो हाईकमान ने विश्वास जताया है, हम उनकी अपेक्षाओं पर पूरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सेवादल के रामचंद्र मौर्य, बिसौली विधानसभा युवा कांग्रेस की अध्यक्ष पूजा, एहसान गाजी, राम प्रताप, दिनेश कुमार, जगत कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सोनपाल वर्मा ,प्रदीप कुमार, नरेश पाल आदि मौजूद रहे।

## यूपीएसआई के अभ्यर्थियों ने सहसवान विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



सहसवान विधायक को ज्ञापन सौंपते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित उपनिरीक्षक भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों ने मांग करनी शुरू कर दी है। अभ्यर्थियों ने बोर्ड अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन सहसवान विधायक ब्रजेश यादव को सौंपा।

अभ्यर्थियों का कहना है कि पूर्व की भर्तियों में केवल सफल उम्मीदवारों की सूची जारी की जाती रही है, जिससे असफल अभ्यर्थियों को अपने प्राप्तांक की जानकारी नहीं मिल पाती। इससे पारदर्शिता को लेकर सवाल उठते हैं और अभ्यर्थी यह नहीं जान पाते कि वे कितने अंकों से पीछे रह गए। ज्ञापन में मांग की गई है कि यूपीएसआई भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा परिणाम घोषित करते समय अभ्यर्थियों के सफल और असफल के स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, नॉर्मलाइज्ड मार्क्स और विषयवार अंक भी जारी किए जाएं, जिससे भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़े और अभ्यर्थियों का बोर्ड पर विश्वास मजबूत हो।

इस मौके पर नरेश यादव, अवनेश यादव, गुड्डु यादव, सुभाष , सर्वेंद्र, आदित्य, तिलकराज आदि अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## बैलों से भरी डीसीएम पकड़ी, दर्ज हुई रिपोर्ट

**संवाददाता, बिसौली**



बिसौली क्षेत्र में डीसीएम में लदे बैल।

**अमृत विचार :** क्षेत्र में शुक्रवार को बैलों से भरा डीसीएम पकड़ा गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। बैलों को पशुपालकों के सुपुर्द किया गया है।

बिसौली के गोरक्षक बजरंग दल के कार्यकर्ता विभु शर्मा को किसी ने गो तस्करी की सूचना दी। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर रेहड़िया पर एक डीसीएम को रोक लिया। चालक को थाने ले जाया गया। एसएचओ सुरेंद्र कुमार की पूछताछ में पता चला कि बिजनौर के नगीना क्षेत्र के गांव महेशपुर उर्फ हीरावली निवासी रणवीर सिंह पुत्र रूपचंद ट्रक से आठ बैलों को किसानी के लिए जिला कासगंज के पटियाली में लगे मेला से खरीदकर डीसीएम से ला रहे थे। उनके और भी साथी 15 और बैल बाजार से खरीदकर नगीना के लिए निकले हैं। कुछ देर में पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा पहुंचे। रणवीर ने सिर्फ बाजार से खरीद की रसीद ही दिखाई। पशु चिकित्सक का प्रमाण पत्र, अनुमति पत्र आदि मानक पूरे न करने पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। बैलों को पशुपालकों के सुपुर्द किया गया।

**उदासीनता** गैर पंजीकृत अस्पतालों के चिन्हीकरण के निर्देश का पालन नहीं, नहीं हो रही कार्रवाई

# बिना पंजीकरण चल रहे निजी अस्पताल

- पिछली बार भी चिह्नित करने की हुई थी बात लेकिन कार्रवाई किसी पर नहीं

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पतालों का मकड़जाल है। कई बार अवैध अस्पताल पर कार्रवाई करने को चिन्हीकरण शुरू किया गया लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से ऊपर से दिए गए निर्देश विफल होते रहे। इस बार प्रभारी सीएमओ ने सख्ती के साथ काम करने की बात कही है। अभियान चलाने को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्यप्रणाली के चलते बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ों अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं। घटनाएं घटित होने के बाद कार्रवाई0 की जाती है। इसके बाद सब कुछ वैसा ही रहता है। समय-समय पर अवैध अस्पतालों को चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए गए, लेकिन कार्रवाई किसी पर नहीं की गई जिससे बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ों अस्पताल चल रहे हैं।

अब प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने एक बार फिर अवैध अस्पतालों को लेकर सख्ती शुरू कर दी है।

प्रभारी सीएमओ ने कहा है कि इस बार जमीनी स्तर पर काम किया जाएगा। बिना रजिस्ट्रेशन के कोई अस्पताल नहीं चलेगा। इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। देहात क्षेत्र में पीएचसी और सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। बिना सूचना दिए कोई एमओआईसी बाहर नहीं जाएगा। ब्लॉक स्तर पर आने वाले मरीजों का लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। संबंधित कर्मियों को समय पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय अभियानों में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### झोलाछाप का पटल देखेंगे डिप्टी सीएमओ डॉ. नवनीत सिंह

- डॉ. पवन जायसी अवैध नर्सिंग होम का देखेंगे रिकार्ड

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने डिप्टी सीएमओ नवनीत को झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि डा. पवन जायसी को नर्सिंग होम चेक करने की जिम्मेदारी दी गई है। ये दोनों स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ इसी महीने से अभियान शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें पत्र भी दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग में इस बार कई पटल पर लिपिकीय कर्मचारी बदले जाने की संभावना जताई जा रही है। इस बात की सीएमओ कार्यालय में विशेष चर्चा है। हालांकि प्रभारी सीएमओ ने अभी तक इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। काफी समय से एक ही पटल पर जमे बाबू इसको लेकर आशंकित हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज तहसील बिसौली में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार को तहसील बिसौली में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का निस्तारण करेंगे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**बिसौली, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका निवासी अरविंद पुत्र श्रीकृष्ण और उनके चचेरे भाई सतीश पुत्र महेंद्र अपनी रिश्तेदारी ककराला क्षेत्र के गांव कटिन्ना में गमी से होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। कोतवाली बिसौली क्षेत्र में गांव अजनावर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अरविंद के सीने और सतीश के चेहरे पर चोटे आईं। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। सतीश को भर्ती किया गया है। मृतक की पत्नी मधु की ओर से तहरीर दी गई है।



मृतक अरविंद

### गंगा में लापता युवक का शव बरामद

**उसहैत, अमृत विचार :** गंगा में पांच दिन पहले डूबे युवक का शव शुक्रवार को बरामद हो गया। शव गंगा किनारे उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शिनाख्त करके परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार को उसहैत थाना क्षेत्र के भुंडी स्थित गंगा घाट पर युवक का शव मिला। लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। कासगंज के थाना सिकंदपुर वैश्य पुलिस की गंगा में लापता होने की सूचना की वजह से वहां फोटो भेजा गया जिसके बाद मृतक की पहचान कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के मेन बाजार निवासी सुंदरम पुत्र राम प्रकाश जोशी के रूप में हुई। जानकारी मिलने पर परिजन चीत्कार करते मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि सुंदरम 30 मार्च को गंगा में डूब गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# पलिया मेहंदी में 1.82 करोड़ की लागत से बनेगी गौशाला

## काफी समय पहले हुई थी स्वीकृत, निर्माण के लिए नहीं मिल पा रही थी जमीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने विधायक महेश चंद्र गुप्ता के साथ गौशाला का किया शिलान्यास

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के साथ नगर पालिका परिषद की ओर से गांव पलिया मेहंदी में 1.82 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कान्हा गौशाला का शिलान्यास किया। गौशाला के लिए नींव रखी। लोगों ने माल्यार्पण करके जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरे प्रदेश में बड़ी-बड़ी गोशालाओं का निर्माण करा रही है जिनकी जिम्मेदारी सरकार उठा रही है। इसके अंतर्गत पलिया मेहंदी में भी गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। सरकार की प्राथमिकता है कि छुट्टा गोवंश सड़क पर न घूमें। गोमाता भूखी न रहें। गो हमारी माता हैं। गोमाता की सेवा सभी का धर्म है। गाय का घी, दूध, मक्खन सब अमृत के समान होता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। सरकार समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास नारा है। जिस पर काम किया जा रहा है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। विपक्षी कमियां ढूंढने में लगे हैं। बदायूं में हर तरफ विकास दिख रहा है। ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध से देशवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है। देश में पर्याप्त संसाधन हैं। सदर विधायक ने कहा कि यह गोशाला बहुत जल्द बनकर तैयार हो जाएगी। छुट्टा गोवंश की समस्या से निजात मिलेगा। यह गोशाला काफी समय पहले स्वीकृत हुई थी लेकिन जमीन न मिलने की वजह से निर्माण नहीं हो सका। इससे पहले भी रफियाबाद और वजीरगंज में बड़ी गोशालाओं का निर्माण कराया जा चुका है। एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राम बहादुर पांडे ने की। ब्लॉक प्रमुख अनेक पाल सिंह पटेल, वीरेंद्र सिंह राजपूत, शारदेंदु पाठक, एमपी सिंह राजपूत, शैलेंद्र मोहन शर्मा, जुगेंद्र सिंह पटेल, विश्वजीत गुप्ता, रचना शंखधार, सीमा राठौर, गिरीश शुक्ला, आशीष कश्यप, किशोर कश्यप, मोहित सक्सेना, श्याम पाल दिवाकर, अजय मथुरिया, गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन पूर्व जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव ने किया।



पलिया मेहंदी में कान्हा गौशाला का शिलान्यास करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

### बाइक हटाने को लेकर मारपीट, दो युवक घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी नगर के मोहल्ला एक में दरवाजे के बाहर खड़ी बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने दो युवकों के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट में एक युवक का सिर फट गया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दोनों घायलों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

मोहल्ला दो निवासी कृष्णजीत पुत्र रंजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बराबर स्थित एक मिठाई के गोदाम के बाहर बाइक खड़ी थी। बाइक हटवाने के लिए गोदाम में काम कर रहे मजदूर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मामला बढ़ गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर चार लोगों ने कृष्णजीत और मोहल्ला एक निवासी सचिन पर हमला कर दिया। दोनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई। मारपीट में कृष्णजीत का सिर फट गया और उसके कान में भी चोट आई है, जबकि सचिन को भी गंभीर चोटें आई हैं।

## नगर में निकाली गयी बालाजी महाराज की शोभा यात्रा



श्री गणेश की पूजा करते महंत व पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम की ओर से शुक्रवार की शाम हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य झांकियों के साथ बालाजी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई। जिस पर व्यापारियों ने फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। नगर के बिल्सी-वजीरगंज रोड स्थित महाविद्यालय से कोतवाल मनोज कुमार सिंह और मंहत मटरुमल शर्मा ने नारियल फोड़ कर एवं भगवान गणेश पूजन के साथ शोभा यात्रा का शुभांरभ किया। बाहर से आये बैण्ड ने मनोहारी धुनों पर भगवान बालाजी के भजन गाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। शोभा यात्रा में सीओ केके तिवारी संजीव कुमार, कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस फोर्स पूरी तरह मुस्तैद रहा। शोभा यात्रा में भगवान गणेश, राम-सीता, सांई बाबा, शंकर-पार्वती, मां दुर्गा के नौ रुप आदि आर्कषक झांकियां लोगों के लिए आर्कषक का केंद्र बनी रही। जिसको सफल बनाने में दरबार के प्रधान मंहत मटरुमल शर्मा, प्रदीप शर्मा, यश शर्मा, रंजन माहेश्वरी, संजीव शर्मा, पुष्कीन माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## चोरों का आतंक : दो किसानों के नलकूपों के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरों का आतंक है। आए दिन चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। पीड़ितों के तहरीर देने के बाद भी पुलिस खुलासा करने में नाकाम नजर आ रही है। अब चोरों ने गांव सिसरका के दो नलकूपों को निशाना बनाया। नलकूपों के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान समेटकर ले गए। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। हर बार की तरह इस बार भी खुलासे का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस की गश्त पर सवाल उठाए हैं।

गुरुवार रात चोरों ने गांव सिसरका के दो किसानों के निजी नलकूपों का ताला तोड़ा। ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने सबसे पहले किसान श्याम सिंह के नलकूप का ताला तोड़ा। नलकूप को क्षतिग्रस्त कर दिया। जहां से स्टार्टर, लगभग तीस किग्रा पानी का पाइप आदि चोरी कर लिया। सुबह श्याम सिंह खेत पर पहुंचे तो टूटे हुए ताले और सामान गायब देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके अलावा चोरों ने पास के ही दूसरे राकेश शर्मा के नलकूप से चोरी की। नलकूप का ताला तोड़कर लगभग 47 किग्रा पाइप, केबल और कृषि यंत्रों पर हाथ साफ कर लिया। उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका-मुआयना किया। इसके बाद किसानों ने थाने जाकर तहरीर दी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की वजह से अन्नदाता परेशान हैं। किसानों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त न होने के कारण चोर बेखौफ होकर जंगलों में वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र आस-पास के गांवों में इन दिनों चोरों का आतंक चरम पर है। संभल जिले का सीमावर्ती होने की वजह से चोर किसानों के निजी नलकूपों को लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में हुई चोरी की वारदातों ने किसानों की कमर तोड़ दी है।



चोरी की सूचना पर किसान से जानकारी करते पुलिस कर्मी। • अमृत विचार

### सड़क किनारे गड्ढे में अनियंत्रित हुई बाइक, एक की मौत

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में चंदौसी मार्ग स्थित आरा मशीन के सामने सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढों की वजह से हुआ। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सिठौली निवासी अनिल कुमार (40) पुत्र रामरतन अपने बेटे अंशु और रिश्तेदार गांव गढ़ी खानपुर निवासी अजीत सिंह के साथ बाइक से सामान खरीदने के लिए बाइक से बाजार जा रहे थे। आरा मशीन के पास आने पर गड्ढे की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से रुदायन के सीएचसी पर भेजा जहां अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।

## भक्ति भाव से मनाया जन्मोत्सव

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** कस्बे के पक्का पुल स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर सकल हिंदू समाज सेवा समिति के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शुक्रवार सुबह से ही भक्तों की खासी भीड़ रही। विशेष पूजा-अर्चना और भव्य श्रृंगार कर सुंदरकांड पाठ कराया गया। मंदिर को फूलों से सजाया गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह द्वारा मंदिर पर भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नगर के संभ्रांत लोगों ने पूजा अर्चना में भाग लिया वजीरगंज से आए ब्राह्मणों ने विधि-विधान से पाठ किया। इसके बाद हनुमान चालीसा और आरती की गयी। बादमें प्रसाद वितरण किया गया। पूजन में हरेंडी आश्रम के बाबा बालक नाथ ने पूजा-पाठ शुभारंभ कराया। इस मौके पर अंकु गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, शांति प्रसाद, धीरज गुप्ता, टिंकू राठौर, नंदकिशोर पाठक व काले बाबा आदि मौजूद रहे।



हनुमान की पूजा पाठ करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### बड़नौमी में हुआ सुंदरकांड पाठ

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी क्षेत्र के गांव बड़नौमी स्थित श्री रघुनाथ जी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड व भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। इस दौरान बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य अरुण शर्मा द्वारा विधि-विधान से बालाजी महाराज का चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चना के साथ की गई। जिसके बाद सोनू शर्मा व सुधाकर शर्मा ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया। भजन संध्या में भजन गायिका शिवानी चौधरी ने बाबा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल राम नाम के जयकारों से गूंज उठा। आयोजक मनीष शर्मा व सुमित शर्मा के साथ तरुण शर्मा, रविकांत शर्मा, राकेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, विपिन शर्मा, रिंकू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## संगठित करने की बनी रणनीति



मंच पर बैठे पूर्व विधायक व व्यापारी नेता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू रक्षा परिषद की ओर से बैंकेट लॉन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । सम्मान समारोह में हिंदुओं को संगठित करने के लिये रणनीति बनाई गई। साथ ही, संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम संभाग सोनू वर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा कि हिंदुओं को संगठित करने के लिए जाति बंधन को तोड़ना पड़ेगा। आज मोदी योगी के नेतृत्व में मंदिरों का जीर्णोद्धार त्वरित रूप से कराया जा रहा है, सनातन धर्म आदिकाल से स्थापित है। सनातन धर्म ने हमेशा वर्चस्व बनाए रखा है। मुख्य अतिथि प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि सनातन धर्म पूरे विश्व में परचम लहरा रहा है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद हिंदुओं की रक्षा के लिए सदैव संघर्षमय रहेगा।

अधिवक्ता दिवाकर वर्मा ने कहा कि हिंदुओं को जागरूक करके जातिवाद का जहर खत्म करना होगा ।विशिष्ट अतिथि व्यापारी नेता सर्वेश गुप्ता ने कहा कि हिंदुओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जायं और दुर्बल हिंदुओं की सहायता की जाय।

प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम संभाग सोनू वर्मा ने कहा कि हिंदुओं को संगठित करने की जो जिम्मेदारी दी गई है उसका अक्षरशः पालन कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इकाई बनाकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य पूर्ण मनोयोग से करूंगा।

## ई-रिक्शा खड़ा करने से मना किया तो दुकानदार को पीटा

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** नगर इस्लामनगर के मुख्य चौराहे पर शुक्रवार उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दुकान के सामने ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। मुख्य चौराहा स्थित पुलिस चौकी के पास ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। सड़क किनारे स्थित एक सेनेटरी की दुकान के सामने भी एक ई-रिक्शा चालक ने अपना वाहन खड़ा कर दिया था।

दुकानदार ने चालक से दुकान के सामने से ई-रिक्शा हटाने का अनुरोध किया, जिस पर दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई।



हंगामा करते लोगों को शांत कराते पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

### मंगला माता के दरबार में मिलता है नवजीवन

**वजीगंज, अमृत विचार :** कस्बा वजीरगंज में लगने वाला राजराजेश्वरी मां मंगला माता के ऐतिहासिक मेले का उद्घाटन किया। राजराजेश्वरी मां मंगला माता मंदिर पर मेला हर वर्ष चैत्र पूर्णिमा से शुरू होता है। पूर्व में इसका आयोजन जिला पंचायत की ओर से किया जाता था। अब नगर पंचायत की ओर से मेला लगाया जा रहा है। मेले में पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी दुकानदार आते हैं। श्रद्धालु देवी मां की पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करते हैं। मान्यता है कि इससे भक्तों की मन्नतें पूरी होती हैं।

## पोर्टल पर स्कूल वाहन की जानकारी देख सकेंगे अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्कूल संचालकों को पोर्टल पर वाहन संबंधित सूचना अपलोड करना अनिवार्य

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर स्कूली वाहनों के तकनीकी प्रशिक्षण के लिए 15 अप्रैल तक जांच का अभियान चलेगा। परिवहन विभाग ने एक पब्लिक पोर्टल भी जारी किया है। स्कूल संचालकों को पोर्टल पर अपने स्कूल वाहनों की पूरी जानकारी अपलोड करनी होगी। स्कूली बच्चों के माता-पिता और सामान्य व्यक्ति वाहन के संबंध में पूरी जानकारी पोर्टल से प्राप्त कर सकेंगे।

एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने बताया कि स्कूल संचालकों की ओर से भरी गई सूचनाओं के सापेक्ष तकनीकी जांच की जा रही है जिसके लिए विभाग की सात टीमों का गठन किया गया है। रोज स्कूलों में जाकर वाहनों को चेक कर रही हैं। वाहन में मिली कमियों को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए स्कूल संचालक जिम्मेदार होंगे। वाहनों की जांच के अलावा एआरटीओ ओवरलोड होने पर 8 वाहनों पर कार्रवाई की। साथ ही 2 लाख 60 हजार रुपये प्रसमन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया। उन्होंने स्कूल वाहन संचालकों से आह्वान किया कि जिन्होंने अपने वाहनों के बारे में सूचना पोर्टल पर अपलोड नहीं की है वह जल्द से जल्द वाहनों की सूचना पोर्टल पर अपलोड कर दें। अपने वाहनों को नियमानुसार चलवाएं।

जिन वाहनों की फिटनेस समाप्त हैं उन वाहनों को स्कूल में बच्चों के ले जाने लाने में उपयोग न करें। यातायात नियमों का पालन करे। बच्चों को सुरक्षित लेकर चलें।



जानकारी लेता परिवहन कर्मचारी।

### मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा कार्रवाई की मांग

**बबराला, अमृत विचार:** गुन्नौर के प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर के महंत रामगिरी महाराज ने करीब 50 बीघा भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।महंत रामगिरी महाराज का कहना है कि मंदिर से सटी इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही है, साथ ही कई स्थानों पर स्थायी निर्माण भी कर लिए गए हैं। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था से जुड़े स्थल के साथ अन्याय बताते हुए चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और जटिल हो सकती है। महंत ने बताया कि हाल ही में गौशाला के उद्घाटन समारोह में पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने भूमि की पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे।

## अधिगम मूल्यांकन पुस्तक का हुआ विमोचन




पुस्तक का विमोचन करते कॉलेज के प्राचार्य। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** एनएमएसएन दास कॉलेज में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रवक्ता शिवराज कुमार की लिखित पुस्तक अधिगम मूल्यांकन का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार सक्सेना ने किया। पुस्तक के विषय-वस्तु, उसके उद्देश्य व समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भारत के भविष्य, विशेष रूप से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जो न केवल शिक्षाविदों के लिए बल्कि नीति-निर्माताओं, शोधार्थियों व विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में प्रो. बैकुंठ नाथ शुक्ला, डॉ. कमल सिंह, डॉ. संतोष कुमार सिंह सहित अन्य वक्ता उपस्थित रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

मैं हरवेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री शीश पाल सिंह 13, विष्णुधाम, थाना इज्जतनगर बरेली ने अपनी पत्नी सुमन सिंह व अपनी पुत्रियों ईशा सिंह व माही सिंह तथा पुत्र भविष्य कुमार सिंह के दुर्व्यवहार व गलत संगत में पड़ने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी कृत्य या लेन-देन आदि की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD YUNUS था,जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम MOHAMMAD YUNUS RAZA कर लिया है,भविष्य में मुझे MOHAMMAD YUNUS RAZA S/o MOHAMMAD AHMAD निवासी-मोहल्ला हजियापुर नियर हसनैनी मस्जिद जिला बरेली के नाम से जाना/पहचाना जाए।

**Rakshpal Bahadur Teachers Training Institute, Bareilly**

**REQUIRES**
For B.Ed.
- Head of Deptt.
- Lecturer

*Qualification as per UGC/NCTE/MJPRU norms*

Apply alongwith CV, AADHAR, Photo and all necessary documents within 21 days of publication to email : jobs@rbmi.in
Ph.: 7217023076

Near ITBP, Bukhara Turn Badaun Road, Bareilly

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड सं. 531830132821 पर रूबीना पत्नी अफसर अली दर्ज था। किन्तु अब मैं किन्नर बन गयी हूं। मेरी गुरू गीता किन्नर ने मेरा नाम रूबीना से बदलकर शारदा किन्नर रख दिया है। भविष्य में मुझे शारदा किन्नर के नाम से ही जाना जाये।
**शारदा किन्नर गुरू गीता किन्नर निवासी कस्बा ईसानगर जिला लखीमपुर खीरी**

**FACULTY**
Required for
B.Ed., BBA
BA(Drawing)
M.Sc. (Home Sc.)
Librarian, Helping Staff
Qual. & Exp. as per Govt/ University norms.
Apply within 15 days
pushpinstitute@gmail.com
Pushp Institute, Pilibhit
(Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# एआई से रात-रात बतियाए, मनोरोगी बन अस्पताल आए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• शहर से देहात तक सामने आ रहे मामले, मनोचिकित्सक बने सहारा

**अमृत विचारः** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई में चेतना, भावना या दर्द समझने की क्षमता नहीं होती। इस सच्चाई को जानते-समझते हुए भी इंसान एआई पर आंख मूंदकर भरोसा कर रहे हैं और उसकी आभासी दुनिया में गोते लगा रहे हैं। शहर-देहात के कितने ही युवाओं के मनोरोगी बन जाने के पीछे हैरान कर देने वाली कुछ ऐसी ही कहानी सामने आई है।

एआई के साथ चैटिंग में घंटों बिताने वाले कई नौजवानों की हालत देख परिवारों को स्वास्थ्य विभाग के मनो सेंटर की मदद तक लेनी पड़ी है। मनोचिकित्सकों के अनुसार, बड़े शहरों में ही नहीं, कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में जैसे-जैसे एआई का चलन बढ़ रहा है, इसके कई गलत प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। छोटे जगहों के युवा भी ब्रेकअप, परीक्षा में नाकामी और ऐसी दूसरी चिंताओं के चलते इमोशनल एआई चैटबॉट्स का सहारा ले रहे हैं। बरेली में यह ट्रेंड बढ़ रहा है तो मनोचिकित्सकों के पास युवाओं की संख्या भी बढ़ रही है। जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक एवं मन कक्ष के प्रभारी डॉ आशीष सिंह ने 'अमृत विचार' को बताया कि इमोशनल एआई यूजर को वही जवाब देता है, जो वह सुनना चाहता है। ऐसे में युवा सही-गलत का आकलन किए बिना एआई की बातों को पूरी तरह सही मानने लगते हैं। सेंटर पर पहुंचे कई मामलों में देखा गया है कि एआई खुद ही बातचीत को आगे बढ़ाता है और भावुकता में यूजर उस पर निर्भर होते जाते हैं। यह स्थिति खतरनाक है।

# जायसवाल ब्रदर्स की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

## सहारनपुर डीएम के आदेश पर बरेली प्रशासन ने मनोज जायसवाल, भाई नीरज सहित तीन पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• सहारनपुर की टपरी डिस्टलरी में पकड़ी गई थी टैक्स चोरी

• गैंग लीडर प्रणय अनेजा सहित कई पर लगा था गैंगस्टर

**अमृत विचार :** सहारनपुर की टपरी डिस्टलरी में करोड़ों की टैक्स चोरी, मनी लॉड्रिंग और अवैध धन अर्जित करने के मामले में बड़ा एक्शन देखने को मिला है। सहारनपुर डीएम की ओर से गैंगस्टर एक्ट में संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके बाद बरेली प्रशासन ने तहसील टीम भेजकर आरोपी मनोज जायसवाल, भाई नीरज जायसवाल व साथी अजय जायसवाल की करीब 48.49 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क कर लीं हैं।

टपरी डिस्टलरी कांड में सहारनपुर पुलिस ने प्रणय अनेजा सहित बरेली के ग्रीन पार्क निवासी मनोज जायसवाल, भाई नीरज जायसवाल, थाना भमोरा क्षेत्र के ग्राम बल्लिया के रहने वाले एवं हाल में बन्नूवाल कालोनी, इज्जतनगर रहने वाले अजय जायसवाल सहित 27 लोगों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कार्रवाई की थी। सहारनपुर डीएम ने गिरोह के सदस्यों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए थे। उसी क्रम में डीएम अविनाश सिंह ने आरोपियों की संपत्ति को कुर्क करने के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को प्रशासक नामित कर प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को एसीएम प्रथम के नेतृत्व में राजस्व एवं थाना बारादरी की टीम के साथ हरुनगला स्थित कृषि भूमि रकबा 948 वर्गमीटर भूमि (बाजार कीमत 18012000 रुपये), आवासीय प्लाट रकबा 84.44 वर्गमीटर भूमि ग्राम हरुनगला (बाजार कीमत 2910000 रुपये) आवासीय प्लाट रकबा 86.95 वर्गमीटर भूमि (बाजार कीमत 30 लाख), व्यवसायिक भूखंड रकबा 3932.45 वर्गमीटर भूमि, योजना संख्या 7 सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड पर (बाजार कीमत 461030000 रुपये) की संपत्ति कुर्क कर ली। जिसे प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

बता दें कि 2021 में को-ऑपरेटिव कम्पनी लिमिटेड, टपरी (सहारनपुर) में टैक्स चोरी करने का सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आया था। इसमें एमडी गैंग लीडर प्रणय अनेजा ने मनोज जायसवाल, नीरज जायसवाल, अजय जायसवाल, अरविंद कुमार, अशोक दीक्षित के साथ मिलकर गिरोह बनाकर टपरी में सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाई थी।

अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर जीपीएस, सीसीटीवी उपकरणों में छेड़छाड़ कर बड़ी मात्रा में एक्साइज, जीएसटी एवं आयकर की चोरी कर मनी लॉड्रिंग आदि अवैध कार्यों से अवैध धन अर्जित कर चल व अचल संपत्तियां खरीदीं थीं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए, निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षित विवरण** : यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में MS और SS (BOX & BCN, BRN, BVZI और BVCM ग्रुप) वैगनों की बॉडी की मरम्मत और पेंटिंग का काम 03 वर्षों की अवधि के लिए (कार्य के दायरे के अनुसार) **अनुमानित मूल्य (रु. में)** : 257074203.29 (रुपये पच्चीस करोड़ सत्तर लाख चौहत्तर हजार दो सौ तीन एवं उनतीस पैसे मात्र) **जमानत राशि (रु. में):** 5141500.00 (दो इक्यावन लाख इकतालीस हजार पांच सौ रूपये मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य **कार्य अवधि** : तीन वर्ष। **निविदा खुलने की तिथि व समय** : दिनांक 22.04.2026 को 15.30 बजे। नोटः– 1. उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 01.04.2026 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर टेंडर खुलने की तिथि 22.04.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत C.C.A द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ ireps की वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ प्लांट**

मुजाधि / यांत्रिक–02 **इज्ज़तनगर**

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 14/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः चौबेपुर डिपो में ट्रैक बैलास्ट के लिये निजी खदान से अद्यतन संशोधित पर्ची सहित, आर.डी.एस.ओ. स्पेसीफिकेशन आई.आर.एस.-जी.ई.-1 (फरवरी-2023) के अनुसार मशीन से तोड़ी गई पत्थर गिट्टी (55000 घन मीटर) की रेलवे वैगनों में आपूर्ति एवं लदाई। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 7,40,37,150/-, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 14,80,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 24-04-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),**

मुजाधि / डब्लू-04 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल पी.एन.बी. हाउसिंग शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी सुभाष चन्द्र सक्सेना निवासी मकान नं. 48/5 गनेशपुरम बरेली की है वह एक किता प्लाट जो कि प्लाट नं. 50 का भाग है रकवा 83.61 वर्गमी ग्राम हरूनगला पवन बिहार तहसील व जिला बरेली में स्थित है जो खरीदने हेतु मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उपरोक्त प्लाट मोहित गर्ग पुत्र स्व. विजय कुमार गर्ग द्वारा विक्रय किया जा रहा है।

अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक अथवा खतौनी के अन्य सहखातेदार इसराईल खां को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या पी.एन.बी. हाउसिंग शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है उक्त ऋण श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी सुभाष चन्द्र सक्सेना निवासी मकान नं. 48/5 गनेशपुरम बरेली को प्रदान कर दिया जायेगा।

**प्रफुल्ल अग्रवाल एडवोकेट**
**पैनल एडवोकेट पी.एन.बी. हाउसिंग शाखा बरेली**
**223 बांस मण्डी, निकट शील नर्सिंग होम बरेली। मो. 7017462341, 8899909663**


# हिमाचल हैंडबॉल चैम्पियन, यूपी ने भी जीता दिल

बरेली, अमृत विचार : बरेली की मेजबानी में आयोजित 54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और यूपी के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। संघर्षपूर्ण मैच में पूर्व चैम्पियन हिमाचल की टीम ने यूपी को 19-11 के स्कोर से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। पहले दिन से यूपी की बेटियों ने भी दिल जीते हालांकि फाइनल में टीम जीत से दूर रही।

# बिना लाइसेंस संचालित छह स्पा सेंटर पर डाले ताले, दो पकड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• शहर में नगर मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम के साथ की छापेमारी

**अमृत विचारः** शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटरों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को छापेमारी करते हुए कड़ी कार्रवाई की है। इसमें बिना एनओसी व बिना लाइसेंस के संचालित छह स्पा सेंटर को बंद कर दिए हैं। जबकि दो संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया।

शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे सिविल लाइंस क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने आधा दर्जन स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नगर पालिका परिषद, फायर विभाग, मिशन शक्ति टीम और सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौजूद रही।

जांच में पाया कि इन स्पा सेंटरों के पास नगर पालिका की अनुमति और फायर विभाग की अनिवार्य एनओसी नहीं थी। इसके अतिरिक्त, अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियां भी अनुपस्थित मिलीं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सभी स्पा सेंटरों का संचालन बंद करा दिया। इनमें गन्ना सोसाइटी, शौकत अली रोड स्थित मान रोज थैरेपी स्पा, आवास विकास स्थित गोल्ड क्लासिक स्पा एंड सैलून, फ्रेंड्स कॉलोनी और शौकत अली रोड स्थित गोल्ड हैंड स्पा सेंटर, मुर्तजा रोड स्थित मैंगो स्पा सेंटर और एलआईसी रोड स्थित प्रियंका लीफ स्पा पार्लर शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद अन्य इलाकों में संचालित स्पा सेंटर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में जिला अमरोहा निवासी बछरायूं थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी हिमांशु और मुरादाबाद थाना मझोला मलगढ्ढा गांव निवासी सागर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, उसके बाद जेल भेज दिया। मामले में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अभयपुर केशोपुर विकास खंड भोजीपुरा (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026–27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी–जी राम जी योजना/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत,खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/ अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाडी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत,गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/ सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय,अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत,बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी /राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान – मौसर खान** **सचिव– जितेन्द्र गंगवार**



**कार्यालय ग्राम पंचायत करमपुर चौधरी विकास खंड भोजीपुरा (बरेली)**

**निविदा सूचना**



समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026–27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी–जी राम जी योजना/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत,खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/ अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाडी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत,गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/ सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय,अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत,बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी /राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।



**प्रधान – जाबिर अली** **सचिव– जितेन्द्र गंगवार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कासमपुर विकास खंड भोजीपुरा (बरेली)**

**निविदा सूचना**



समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026–27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी–जी राम जी योजना/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत,खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/ अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाडी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत,गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/ सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय,अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत,बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी /राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।



**प्रधान – शादाब खान** **सचिव– जितेन्द्र गंगवार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रम्पुरा माफी विकास खंड भोजीपुरा (बरेली)**

**निविदा सूचना**



समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026–27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी–जी राम जी योजना/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत,खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/ अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाडी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत,गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/ सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय,अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत,बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी /राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।



**प्रधान – नूरुल हसन खान** **सचिव– जितेन्द्र गंगवार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दोहना पीतम राय विकास खंड भोजीपुरा (बरेली)**

**निविदा सूचना**



समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026–27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी–जी राम जी योजना/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत,खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/ अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाडी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत,गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/ सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय,अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत,बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी /राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।



**प्रधान – अफरोज** **सचिव– जितेन्द्र गंगवार**



**कार्यालय कैन्टीन ठेका नीलामी समिति/अपर जिला जज, जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर**

**कैन्टीन (जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर) के ठेका सम्बन्धी सूचना एवं शर्तें प्रकाशन एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर में चाय, नमकीन, मिठाई आदि की दुकान कैन्टीन पश्चिमी गेट के ठेके वर्ष 2026–2027 जो कैण्टीन ठेका प्रारम्भ होने की दिनांक से प्रभावी होगा, के लिये दिनांक **08.04.2026** को समय दोपहर 12:00 बजे नजारत, जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर के **नजारत कार्यालय मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित** की जाती हैं। ठेके की शर्तो की जानकारी प्राप्त करने हेतु नजारत, जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर के कार्यालय में सम्पर्क करें।

1. वर्ष 2024–2025 में कैन्टीन पश्चिमी गेट का ठेका रु0 20000/– मात्र में स्वीकृत हुआ था। वर्ष 2025–2026 में कैण्टीन ठेका नहीं हो सका, अतः वर्ष 2026–2027 के लिये उक्त धनराशि में न्यूनतम 10 प्रतिशत की धनराशि जोड़ते हुए ही अर्थात रु0 605000/– मात्र का अनुमन्य होगा।
2. निविदाकर्ता को निविदाप्रपत्र जमा करते समय जमानत धनराशि मु0 50000.00 जमा करने पर ही निविदा प्रपत्र मान्य होगा। सबसे अधिक निविदा वाले को जमानत धनराशि के रूप में रुपया 50000 /– एफ0डी0आर0 जमानत राशि तथा अपनी निविदा का 1/4 भाग उसी समय नजारत में जमा करना होगा तथा शेष धनराशि निविदा स्वीकृत होते ही तत्काल जमा करनी होगी। जिला जज, शाहजहाँपुर को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकार कर दें।
3. यदि ठेका स्वीकार होने पर 1/4 धनराशि जमा करने में यदि कोई शिथिलता पाई गई तो उक्त ठेका जिला जज महोदय द्वारा रद्द किया जा सकता है और जमानत राशि जब्त कर द्वितीय बोली दाता के पक्ष में ठेका स्वीकृत किया जा सकता है अथवा माननीय जनपद न्यायाधीश के आदेशो के अधीन पुनः ठेका निविदा आमंत्रित की जा सकती है तथा पुनः निविदा करने पर कमी अन्तर की वसूली भू–राजस्व की भांति प्रथम निविदा दाता से वसूल की जायेगी।
4. ठेका स्वीकार होने पर यदि ठेकेदार ठेके की राशि जमा करने में असमर्थता/असफलता प्रकट करता है तथा धनराशि जमा नहीं करता है तो उससे वांछित धनराशि भू–राजस्व वसूली के रुप में की जायेगी।
5. जिला जज अथवा उनके द्वारा निर्देशित अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह ठेकेदार की हैसियत, पूर्व इतिहास (यदि कोई हो) तथा उसके चरित्र आदि को ध्यान में रखकर बोली स्वीकार करें। सरकारी बकायेदारों को निविदा का अधिकार नहीं होगा।
6. माल सामग्री के भाव मूल्य सूची जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुसार होगी तथा माल की सूची कैण्टीन में लगाना अनिवार्य होगी।
7. जिला जज अथवा उनके द्वारा निर्देशित अधिकारी को दुकान का समय–समय पर निरीक्षण करने का अधिकार होगा। निरीक्षण के दौरान माननीय जिला जज अथवा उनके द्वारा निर्देशित अधिकारी सफाई आदि की व्यवस्था को लेकर जो निर्देश देगें, उनका अनुपालन ठेकेदार करेगा। उक्त अनुपालन न होने पर ठेका रद्द किया जा सकता है। यदि खाने पीने वाली वस्तुयें खराब पाई गई तो कुल ऐसे माल को नष्ट करने का अधिकार माननीय जिला जज अथवा उनके द्वारा निर्देशित अधिकारी को होगा।
8. जिस व्यक्ति के नाम ठेका स्वीकार होगा केवल वही ठेकेदार ठेका चलायेगा, अपनी ओर से किसी और व्यक्ति को ठेका संचालन करने का अधिकार बिना जिला जज के पूर्व आदेश प्राप्त किये नहीं देगा।
9. जनपद न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों को ठेकेदार को ठेके की समस्त वस्तुओं की क्रय पर 15 प्रतिशत की छूट देनी होगी।
10. ठेकेदार की दुकान पर सफाई एवं बिक्री वाली वस्तुओं को गन्दगी से बंचाने की समस्त व्यवस्था करनी होगी तथा ऐसा न करने पर ठेका रद्द किया जा सकता है।
11. शासन अथवा नगर निगम द्वारा सम्बन्धित कैन्टीन पर यदि कोई कर निर्धारित किया जाता है तो उसकी अदायगी का उत्तरदायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का ही होगा।
12. ठेकेदार पकवान बनाने में ऐसे घी/रिफाइण्ड का प्रयोग करेगा जो स्वास्थ्य के लिये लाभदायक हो। ठेकेदार पान पुड़िया आदि की बिक्री कैण्टीन में नहीं करेगा, पकड़े जाने पर अर्थदण्ड से दण्डित किया जायेगा।
13. दिनांक 01.04.2027 से कैन्टीन पर किसी माल की बिक्री नहीं होगी तथा ठेकेदार को कैन्टीन खाली करना होगा।
14. ठेकेदार अपनी भट्टी आदि ऐसी जगह पर नहीं लगायेगा, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो।
15. शर्तो के सम्बन्ध में कोई विवाद होने पर जिला जज का निर्णय अंतिम होगा और निर्णय के विरुद्ध ठेकेदार को किसी प्रकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त यदि कोई और शर्तें आवश्यक समझी गई तो ठेके की निविदा के समय बताई जायेगीं। ठेका किसी ऐसे व्यक्ति के नाम स्वीकार नहीं किया जायेगा जिससे जजी प्रांगण में बैठने से वातावरण दूषित होने की सम्भावना हो।
16. जनपद न्यायालय परिसर के बाहर होटल व चाय आदि के खोखे खोले जाने तथा बाहरी वेण्डर द्वारा परिसर में चाय बेचने से ठेकेदार को किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति की मांग करने का अधिकार नहीं होगा।
17. ठेकेदार को विद्युत कनेक्शन का बिल प्रतिमाह जमा करना अनिवार्य होगा, शिथिलता पाये जाने पर रिकवरी की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
18. ठेके की निविदा से पूर्व निविदाकर्ताओं को अपना आई0डी0 प्रूफ तथा निवास प्रमाण–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उक्त सभी शर्ते पूर्ण रूप से मान्य होंगी, अन्यथा की कोई भी स्थिति अमल में नहीं लायी जायेगी।

| (प्रियंका सिंह) | (अभय प्रताप सिंह प्रथम) | (आशीष वर्मा) |
|---|---|---|
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |
| कैन्टीन ठेका नीलामी समिति/ सिविल जज सी0डि0 | कैन्टीन ठेका नीलामी समिति/ अपर जिला जज | कैन्टीन ठेका नीलामी समिति/ अपर जिला जज |
| जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर | जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर | जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर |

**UP-249170** दिनांक 02.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट **www.up.gov.in** पर उपलब्ध है।



**न्यायालय परगनाधिकारी, बीसलपुर (पीलीभीत)**

वाद संख्या– टी–202412560213676

विश्वजीत सिंह प्रजापति आदि

बनाम दमयन्ती देवी आदि

धारा– 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

ग्राम– खमरिया नवदिया

परगना व तहसील बीसलपुर (पीलीभीत)

**सम्मन तलबाना**

1. दमयन्ती देवी पत्नी बनवारीलाल निवासी मोहल्ला दुर्गाप्रसाद, परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत .......................प्रतिवादिनी

वाजै हो आपके खिलाफ नालिश दफा अंतर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता ग्राम खमरिया नवदिया, परगना व तहसील बीसलपुर जनपद पीलीभीत दायर की है। अतः आप बतारीख 08 माह 04 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त तारीख पर अपना जवाबदेही पेश करो यह आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों की व नीज दस्तावेज जिसकी शहादत पर आप व ताईद अपना जवाबदेही इस्तदमाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूअ फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर दिनांक 30.03.2026 को अदालत से जारी किया।


# इज्जतनगर रेल मंडल ने भरी उड़ान राजस्व और यात्रियों में बनाया कीर्तिमान

**बरेली कार्यालय,अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे का इज्जतनगर मंडल ने राजस्व और यात्रियों की संख्या व सुविधाओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। डीआरएम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एडीआरएम और सीनियर डीसीएम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के जो आंकड़े पेश किए, वह मंडल की बदलती तस्वीर की तस्दीक करते हैं।

अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) मनोज कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की इज्जतनगर मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि मंडल ने इस वर्ष न केवल अपनी अखिल भारतीय रैंकिंग में सुधार किया है, बल्कि आय के नए रिकॉर्ड भी स्थापित किए हैं। अखिल भारतीय स्तर पर मंडल ने 9वां स्थान हासिल किया है, जो वर्ष 2019 के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। समयबद्धता के कारण मंडल ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सीनियर डीसीएम संजीव कुमार ने बताया कि मंडल का राजस्व बढ़कर 560.19 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 3.81 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष कुल 6.9 करोड़ (69 मिलियन) यात्रियों ने सेवाओं का लाभ उठाया। यात्री आय में भी 4.35 प्रतिशत के उछाल से यह 365.46 करोड़ के पार पहुंच गई है। माल ढुलाई से मंडल को 161.66 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि बिना टिकट यात्रा में 20.03 करोड़ वसूले गए।


**कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, पीलीभीत**

पत्रांकः 18/जि.आ.अधि./पीलीभीत/व्यवस्थापन 2026–27/ दिनांकः 03.04.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जनपद पीलीभीत में प्रथम चरण के आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन के उपरान्त अव्यवस्थित देशी शराब दुकान क्रमशः (1. सिसैइया 2. नकटिया 3. प्रानपुर 4. बरखेड़ा (पुरानी यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से 100 मीटर की परिधि में 5. मुडैला मोड़ 6. बीसलपुर नं.–6 (गोवल से 200 मीटर की परिधि में) को दैनिक आधार पर संचालित करने हेतु आफर आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपना टेण्डर/आफर जिला आबकारी अधिकारी, पीलीभीत कार्यालय में दे सकते हैं। देशी शराब की फुटकर बिक्री की दैनिक बेसिक लाइसेंस फीस एवं लाइसेंस फीस (प्रतिफल फीस) दुकान हेतु निर्धारित वार्षिक बेसिक लाइसेंस फीस एवं लाइसेंस फीस (प्रतिफल फीस) का 1/365 भाग लिया जायेगा। दुकान के दैनिक संचालन की अवधि 14 दिन या नियमित व्यवस्थापन का दिनांक जो भी पहले हो के लिये होगी, विस्तृत जानकारी हेतु जिला आबकारी अधिकारी, पीलीभत कार्यालय में सम्पर्क कर जनपद की वेबसाइट www.pilibhit.nic.in पर प्राप्त कर सकते हैं। यदि दो या दो से अधिक समान अधिकतम टेण्डर/आफर प्राप्त होता है, तो मैनुअल लाटरी के माध्यम से ऐसे समान ई–टेण्डर/आफर में से एक चुनकर व्यवस्थापन कराया जायेगा।

**कल्पनाथ रजक** / **जिला आबकारी अधिकारी** / **पीलीभीत**

**ज्ञानेन्द्र सिंह** / **जिलाधिकारी** / **पीलीभीत**



**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा**

**प्रपत्र–4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशक का स्थान | : बरेली |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : हरि ओम गुप्ता |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 35, राधा कुंज, फेज–1, निकट ग्रीन पार्क, बरेली |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : हरि ओम गुप्ता |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 35, राधा कुंज, फेज–1, निकट ग्रीन पार्क, बरेली (उ.प्र.)– 243006 |
| 5. | सम्पादक का नाम | : राजेश श्रीनेत |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 3/332, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)– 226010 |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : 1. डॉ. वरूण अग्रवाल 2. डॉ. अर्जुन अग्रवाल रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली |

मैं हरिओम गुप्ता एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 4 अप्रैल 2026

हस्ताक्षर
हरिओम गुप्ता
मुद्रक / प्रकाशक


# पॉक्सो केस में पीड़िता बयान से मुकरी, आरोपी बरी

**बरेली, अमृत विचारः** 10 वर्ष पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने, अपमानित करने, उकसाने व एससी एक्ट, पॉक्सो एक्ट के आरोपी थाना भुता क्षेत्र निवासी एक युवक को पीड़िता के अदालत में मुकर जाने के कारण स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-1 हेमेन्द्र कुमार सिंह ने संदेह का लाभ प्रदान करते हुए बरी कर दिया।

पीड़िता के पिता ने थाना भुता में तहरीर देकर बताया था कि उसकी साढ़े सोलह वर्ष की पुत्री को 12 जून 2016 की देर रात घर से गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। पुत्री घर से जेवर व 30 हजार नगदी लेकर गयी । पुलिस ने आरोपी युवक समेत 5 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत केवल युवक के विरुद्ध ही आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान पीडिता ने अपने बयान में कहा कि वह मुल्जिम से प्यार करती थी। इसी बजह से एक दिन मम्मी ने पीटा तो वह घर से नाराज होकर रिश्तेदारी में चली गयी थी। प्रेमी के साथ नहीं गयी थी न ही प्रेमी ने उसके साथ कोई गलत काम किया था। सैटेलाइट बस स्टैंड के पास रिश्तेदारी में जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मुल्जिम द्वारा ले जाने का बयान पुलिस वालों के कहने से दिया था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये थे।

# ऑनलाइन गेम के शौकीन ने फंदा लगाकर दी जान

**संभल/चंदौसी, अमृत विचारः** जनपद संभल में बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में 17 वर्षीय किशोर ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। गांव जनेटा निवासी मोहम्मद हसनैन (17) पुत्र इमामी चंदौसी कस्बे में एक हेयर कटिंग सैलून पर कार्य करता था। परिजनों के अनुसार हसनैन मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने का शौकीन था। वह बीते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में भी चल रहा था। गुरुवार रात किसी समय हसनैन ने घर के कमरे में गमछे से फंदा बनाकर उससे लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब उसके साथ सैलून पर काम करने वाला अरशद उसे लेने घर पहुंचा, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। तब उसने अंदर झांकर देखा। सुराख से अंदर झांककर देखा तो हसनैन फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया।

हसनैन के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य चंडीगढ़ गए हुए थे। राज मिस्त्री का काम करने वाले बड़े भाई को काम के दौरान चोट लग गई थी, जिसे देखने के लिए परिजन वहां गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल चलो अभियान की आज वाराणसी से शुरुआत करेंगे योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ करेंगे। नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का पहला चरण 1 से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण 1 से 15 जुलाई तक आयोजित होगा। अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने, बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें और बैग वितरित करने तथा जन जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर रहेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के साथ ही सभी जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजन होंगे, जिनमें जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक और छात्र भाग लेंगे। विद्यालयों में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित कर इसे जन आंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

### सराफा डकैती कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मऊ जिले में सराफा व्यवसायी से गन प्वाइंट पर हुई डकैती के मामले में फरार चल रहे



एक और आरोपी को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शुभम सिंह को हजरतगंज स्थित चिड़ियाघर के पास से पकड़ा गया। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इस मामले में पुलिस पहले ही नौ आरोपियों को जेल भेज चुकी है। डीएसपी एसटीएफ शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, 13 जनवरी को मऊ के पिढ़बल क्षेत्र में दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी जितेंद्र वर्मा को कोपागंज के टड़ियाव इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर लूट लिया था। बदमाश बैग में रखे करीब 5 किलोग्राम चांदी और 150 ग्राम सोने के जेवर लेकर फरार हो गए थे। एसटीएफ की कार्रवाई में 3 अप्रैल को शुभम सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वारदात को उसने अपने साथी विशाल के साथ मिलकर अंजाम दिया था। लूट के बाद मोनू यादव ने जेवर बेचकर उसे रकम दी थी।

### 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामलों में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी



बदमाश शिवम सिंह उर्फ आर्यन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बस्ती के छावनी क्षेत्र से अमौनी नहर के पास घेराबंदी कर दबोचा गया। उसे अयोध्या के बीकापुर थाने में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के अनुसार, शिवम सिंह बस्ती के परशुरामपुर का रहने वाला है और लंबे समय से फरार चल रहा था। सूचना मिलने पर टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक संगठित गिरोह है, जो अपहरण, फिरौती, डकैती और लूट जैसी वारदातों को अंजाम देता है। उसने स्वीकार किया कि वर्ष 2022 में गोंडा के छपिया क्षेत्र में एक व्यापारी के अपहरण में वह शामिल था। इस मामले में वह पहले जेल भी जा चुका है। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी ने सितंबर 2025 में अयोध्या के बीकापुर क्षेत्र में एक बाइक सवार से लूट की वारदात भी की थी, जिसके बाद से वह लगातार ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था।

### सरकार की पहल से बदली कीर्ति की जिंदगी

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं। हमीरपुर की कीर्ति सिंह इसकी सशक्त मिसाल हैं। वर्ष 2018 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ना उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बना, जिसके बाद उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह पकड़ ली। अगस्त 2025 में कीर्ति ने 10 महिलाओं के साथ मिलकर दरियापुर स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में "प्रेरणा कैंटीन" की शुरुआत की। करीब 11 लाख रुपये के निवेश से शुरू हुआ यह प्रयास आज 1.25 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाला सफल मॉडल बन चुका है। वर्तमान में 8 महिलाओं को इससे रोजगार मिला है और प्रत्येक को लगभग 8,000 रुपये मासिक आय प्राप्त हो रही है। कैंटीन में 300 से अधिक बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# राजकीय महाविद्यालयों को प्रदेश सरकार ने भेजे 7,938 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 73 महाविद्यालयों के लिए वित्तीय स्वीकृति, 31 मार्च 2027 तक धनराशि खर्च करने के निर्देश
- उच्च शिक्षा को बड़ा बजट बूस्ट वेतन से इंफ्रास्ट्रक्चर तक खर्च की पूरी व्यवस्था

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को बड़ा वित्तीय संबल देते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 73 राजकीय महाविद्यालयों के लिए 7,938.89 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि वेतन से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक पर खर्च की जाएगी।

उच्च शिक्षा के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा के नियंत्रण में रहेगी। सबसे अधिक 4,456 करोड़ रुपये वेतन मद में दिए गए हैं, जबकि 2,896 करोड़ रुपये महंगाई भत्ते के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा बिजली, अनुरक्षण, चिकित्सा, कार्यालय व्यय और कंप्यूटर समेत अन्य आवश्यक मदों के लिए भी अलग-अलग बजट का प्रावधान किया गया है।

सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस राशि का उपयोग 31 मार्च 2027 तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। खर्च वित्तीय नियमों और शासनादेशों के अनुरूप ही किया जाएगा। शासनादेश में यह भी कहा गया है कि धनराशि का आहरण आवश्यकता के अनुसार हर माह किया जाएगा, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा न आए।

# 'गेट' पैटर्न पर होगी यूपीपीसीबी भर्ती परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 अप्रैल को 15 शहरों में होगी सीबीटी, आईआईटी कानपुर कराएगा परीक्षा
- बायोमेट्रिक सुरक्षा के साथ 40 पदों पर भर्ती, 70 अंकों का होगा साक्षात्कार



**इन शहरों में परीक्षा**

परीक्षा लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, आगरा, झांसी, मेरठ, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, अयोध्या और मुरादाबाद समेत 15 शहरों में आयोजित की जाएगी।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए इसे गेट की तर्ज पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) से कराने का फैसला किया है। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी कानपुर द्वारा 27 अप्रैल को प्रदेश के 15 शहरों में किया जाएगा।

यह परीक्षा पर्यावरण अभियंता और सहायक वैज्ञानिक अधिकारी के कुल 40 पदों के लिए होगी। दो घंटे की इस परीक्षा में कुल 400 अंक निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए करीब 6500 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। बोर्ड पहली बार लिखित परीक्षा के माध्यम से भर्ती कर रहा है, जबकि पहले केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन होता था। नई चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में सीबीटी होगी और इसके बाद 70 अंकों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अंतिम मेरिट सूची 470 अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, जिससे चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक पहचान की जाएगी, जिसमें फिंगरप्रिंट स्कैन और लाइव फोटो कैप्चर शामिल है। इन आंकड़ों का मिलान एडमिट कार्ड और आवेदन पत्र से किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा रोका जा सके।

बोर्ड ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा में वही पहचान पत्र लेकर आएं, जो उन्होंने आवेदन के समय इस्तेमाल किया था, ताकि सत्यापन में किसी तरह की दिक्कत न हो।

# खाद की कालाबाजारी रोकने को योजना तैयार, होगी कड़ी निगरानी

## उर्वरकों की कमी रोकने के लिए योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूरिया, डीएपी और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता पर जोर



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल 2026 से विस्तृत योजना तैयार की गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश में उर्वरकों की कमी को रोकना और कृषि कार्यों को निर्बाध बनाए रखना है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गैर-कृषि क्षेत्रों में उर्वरकों के दुरुपयोग और डायवर्जन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

सरकार की रणनीति के तहत यूरिया, डीएपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक जिले में मांग के अनुसार अग्रिम आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि बुवाई और फसल वृद्धि के दौरान किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। खाद वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समितियां गठित की जाएंगी, जिनमें कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। प्रदेश के समस्त उर्वरक बिक्री केंद्रों पर कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर पारदर्शिता के साथ वितरण कराया जाएगा। उर्वरकों की जमाखोरी कर कृत्रिम अभाव करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि गैर कृषि क्षेत्रों में उर्वरकों के डायवर्जन यथा-प्लाईवुड इंडस्ट्रियल, पशु आहार निर्मित इकाइयों पर सघन निगरानी रखी जाए। फसल में संस्तुति व संतुलित मात्रा में (अधिकतम यूरिया 7 बोरी एवं डीएपी-5 बोरी प्रति हेक्टेयर) उर्वरकों का प्रयोग करने के साथ-साथ उर्वरकों का अग्रिम भंडारण न करने के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाए। अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की सघन निगरानी रखी जाए।

### सहकारी संस्थाओं से भी खाद वितरण का निर्णय

इस योजना में सहकारी समितियों की भूमिका को और मजबूत करने की बात कही गई है। सरकार ने सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद वितरण की हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे पारदर्शिता और सुगमता दोनों में सुधार होगा। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी को संतुलित रखते हुए उन्हें लगभग 35 प्रतिशत कोटा देने का प्रस्ताव भी रखा गया है, ताकि सप्लाई चेन प्रभावी बनी रहे।

### जिला स्तर पर होंगी नियमित समीक्षा बैठकें

खाद वितरण की निगरानी के लिए सरकार ने सख्त मॉनीटरिंग व्यवस्था लागू की है। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, रियल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से खाद की उपलब्धता और वितरण पर नजर रखी जाएगी। इस सुनियोजित रणनीति से किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। यह पहल राज्य के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



वाराणसी के सर्किट हाउस में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# सात ब्लड सेंटरों पर तत्काल रोक, बड़ी अनियमितताएं उजागर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की छापेमारी में 36 ब्लड सेंटरों की जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद सात ब्लड सेंटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई, जबकि अन्य सभी को नोटिस जारी किया गया है।

एफएसडीए की टीम ने मुज़फ्फरनगर, बरेली, इटावा, रायबरेली, मुरादाबाद, कुशीनगर, आगरा, जौनपुर, अमरोहा, बलरामपुर, बागपत और मैनपुरी सहित कई जिलों में संचालित चैरिटेबल ब्लड सेंटरों की जांच की। जांच में ब्लड स्टोरेज के लिए निर्धारित तापमान का पालन न करना, अनिवार्य एलाइसा टेस्ट का अभाव, कोल्ड चेन में गड़बड़ी, स्टाफ की कमी और बिना परीक्षण रिकॉर्ड के रक्त का ट्रांसफर जैसी गंभीर खामियां पाई गईं।

कार्रवाई के तहत इटावा के दो, मुज़फ्फरनगर के चार और बरेली के एक ब्लड सेंटर पर तत्काल रोक लगाते हुए वहां रक्त संचालन से जुड़ी सभी गतिविधियां बंद करा दी गई हैं।

विभाग ने अन्य केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, जिन केंद्रों का संचालन रोका गया है, वहां मौजूद रक्त और रक्त घटकों के सुरक्षित निस्तारण के लिए अलग से एडवाइजरी भी जारी की गई है।

### खनन राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, मार्च में 780 करोड़ की आय

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के भूतत्त्व एवं खनिकर्म विभाग ने राजस्व संग्रह में मार्च माह में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक आय प्राप्त की है। विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि मार्च के लिए तय 600 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 780 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी उपलब्धि है।

सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 7150 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग ने सख्त रणनीति अपनाई है और सभी जनपदीय व क्षेत्रीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व संग्रह को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्रोत स्तर पर ही निगरानी बढ़ाई जाए।

# 1076 हेल्पलाइन कर्मियों के प्रदर्शन पर सीएम सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कंपनी को दिए कड़े निर्देश, वेतन वृद्धि पर बनी सहमति
- कार्यस्थल सुविधाओं में भी होगा सुधार, कर्मियों में खुशी की लहर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम हेल्पलाइन 1076 से जुड़े कर्मचारियों की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल समाधान के निर्देश दिए। कर्मचारियों ने वी-विन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ वेतन और कार्यस्थल से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं, जिस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीडेस्को की प्रबंध निदेशक नेहा जैन को पूरे मामले की समीक्षा कर कंपनी स्तर पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने को कहा गया। इसके बाद कंपनी प्रबंधन के साथ उच्चस्तरीय वार्ता हुई, जिसमें कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करने पर सहमति जताई है। साथ ही कार्यस्थल की सुविधाओं को बेहतर बनाने का भी आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी समस्याएं न हों, इसके लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाएगी। त्वरित हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो गई है और कर्मचारी वापस काम पर लौट आए हैं। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान संभव हो सका है।

कर्मचारियों ने वेतन और कामकाजी हालात को लेकर गुरुवार और शुक्रवार को लगातार प्रदर्शन किया था। कर्मचारियों का आरोप था कि 15 हजार रुपये वेतन का वादा किया गया, लेकिन उन्हें केवल 7 से 8 हजार रुपये दिए जा रहे थे और भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा था। शुक्रवार को भी प्रदर्शन जारी रहा।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ ने वाराणसी के अखरी बाईपास से दबोचा, दो वर्ष से चल रहा था फरार



आरोपी कृष्णा पांडेय

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। वाराणसी के रोहनिया स्थित अखरी बाईपास से गुरुवार देर शाम पकड़ा गया आरोपी कृष्णा पांडेय दो साल से फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था। उसे प्रयागराज में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के अनुसार, 11 फरवरी 2024 को हुई परीक्षा का प्रश्नपत्र पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसके बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर जांच एसटीएफ को सौंपी थी। जांच में एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ, जो मोटी रकम लेकर अभ्यर्थियों को पेपर उपलब्ध कराता था। पूछताछ में कृष्णा ने बताया कि उसने अपने साले आलोक मिश्रा के साथ अमरजीत शर्मा से संपर्क किया था, जिसने 12-12 लाख रुपये में पेपर देने की डील की थी। एडवांस के रूप में 3-3 लाख रुपये लिए गए और शैक्षिक प्रमाणपत्र व बैंक के ब्लैंक चेक गिरोह ने रख लिए। परीक्षा से पहले भोपाल में होटल में अभ्यर्थियों को लीक पेपर और उत्तर रटवाए गए। बाद में परीक्षा में वही प्रश्न आने से लीक की पुष्टि हुई। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत कई लोग पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# शैक्षिक संस्थान लगाएंगे 44.2 लाख पौधे

## मिली जिम्मेदारी : वर्ष 2026-27 में प्रदेश में होगा 35 करोड़ पौधों का रोपण

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

- 20 प्रतिशत फलदार पौधे, नीम, पीपल, जामुन, इमली, अर्जुन और बरगद को प्राथमिकता



**तय किए गए लक्ष्य**

- प्राथमिक शिक्षा- 12.43 लाख
- माध्यमिक शिक्षा-7.63 लाख
- उच्च शिक्षा-18.54 लाख
- प्राविधिक शिक्षा- 5.06 लाख

**अमृत विचार:** पर्यावरण और पारिस्थितिकीय संतुलन को बनाए रखने के लिए वर्ष 2026-27 में प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें सभी शैक्षिक संस्थान कुल 44.2 लाख पौधों का रोपण करेंगे। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट-2023 के अनुसार, प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.96 प्रतिशत क्षेत्र वनावरण एवं वृक्षावरण से आच्छादित है। वर्ष 2021 के गणना की तुलना में वृक्षावरण और वनावरण में समेकित रूप से कुल 559.19 वर्ग किमी की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2026-2027 में प्रदेश के सभी विभाग मिलकर कुल 35 करोड़ पौधों का रोपण करेंगे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने संबंद्ध संस्थानों को निर्देश जारी करते हुए प्रत्येक संस्थान में 500 पौधारोपण करने का लक्ष्य तय किया है।

प्रदेश भर में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जाएगा। इसी दौरान प्रदेश भर में पौधरोपण का कार्यक्रम सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर चलाएंगे। सामुदायिक भूमि, वन भूमि के अलावा किसानों की इच्छानुसार कृषि भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख नदियों के किनारे, चारागाह भूमि, गौवंश शेल्टर की रिक्त भूमि पर रोपण किया जाएगा। पौधों की उपलब्धता के लिए जिला पौधरोपण समिति की बैठक से लेकर नर्सरियों में पौधों के अंकुरण, थैला भराई के समयबद्ध कार्यक्रम पहले से तय किए गए हैं।

पौधरोपण में स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। कुल पौधरोपण में 20 प्रतिशत फलदार वृक्ष इसके अलावा नीम, पाकड़, पीपल, बरगद, अर्जुन आदि को प्राथमिकता दी जाएगी। पारिस्थितिकीय तंत्र के अनुसार चंदन, खजूर, काला शीशम, गम्हार आदि पौधों का भी रोपण किया जाएगा।

**सियासत** 2027 विधानसभा चुनाव का 'सेमीफाइनल' माना जा रहा उपचुनाव

# घोसी, दुद्धी और फरीदपुर में उपचुनाव की तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा-सपा में सीधी टक्कर तीनों सीटों पर बढ़ा सियासी ताप
- मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद घोषित होगा चुनाव कार्यक्रम



**अमृत विचार:** प्रदेश की घोसी, दुद्धी और फरीदपुर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी भी समय चुनाव कार्यक्रम घोषित होने की संभावना है। इन तीनों सीटों के उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव का 'सेमीफाइनल' माना जा रहा है, जिसमें भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर तय मानी जा रही है।

दरअसल, 15 मार्च को चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के चुनावों की घोषणा की थी, लेकिन यूपी उपचुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। इससे अटकलें लगीं कि चुनाव टल सकते हैं, हालांकि अब संकेत हैं कि अप्रैल माह में कार्यक्रम घोषित हो सकता है। तीनों सीटों पर राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। भाजपा जहां संगठनात्मक मजबूती और सरकारी योजनाओं के आधार पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है, वहीं सपा सामाजिक समीकरण और सहानुभूति कार्ड के सहारे मुकाबला करने की तैयारी में है। सपा इन उपचुनावों को जल्दी कराने के पक्ष में है ताकि माहौल अपने पक्ष में बनाया जा सके।

घोसी सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद खाली हुई है। यहां सपा ने उनके बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है, जबकि भाजपा अभी प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। दुद्धी सीट पर भी सपा विधायक विजय सिंह गोंड के निधन के बाद उपचुनाव हो रहा है। यहां सपा परिवार के सदस्य को टिकट देने की तैयारी में है, जबकि भाजपा श्रवण कुमार को मैदान में उतार सकती है, जो पिछले चुनाव में हार चुके थे।

फरीदपुर सीट भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन के कारण खाली हुई है। यहां भाजपा सहानुभूति के आधार पर उनके परिवार के किसी सदस्य को टिकट दे सकती है। उनके बेटे ईशान ग्वाल और अन्य दावेदार भी सक्रिय हैं। वहीं सपा पूर्व विधायक विजय पाल सिंह को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। बसपा फिलहाल इन सीटों पर सक्रिय नजर नहीं आ रही है, लेकिन अगर वह उम्मीदवार उतारती है तो मुकाबले के समीकरण बदल सकते हैं और इसका असर खासतौर पर सपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भले ही इन उपचुनावों का सीधा असर 2027 के विधानसभा चुनाव पर न पड़े, लेकिन यह चुनाव माहौल बनाने और बिगाड़ने में अहम भूमिका निभाएंगे। यही कारण है कि भाजपा और सपा दोनों इन सीटों पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में हैं।

# अमृतकाल नहीं, सनातनियों के लिए संकटकाल : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- संयमित भाषा और शिष्ट आचरण के साथ जनता के बीच जाएं सपा कार्यकर्ता



संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान समय 'अमृतकाल' नहीं, बल्कि सनातनियों के लिए 'संकटकाल' है। आरोप लगाया कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर दिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संयमित भाषा और शिष्ट आचरण के साथ जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार को हटाने के लिए एकजुट होकर काम करें।

राजधानी सथित पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को युवा संगठनों की बैठक को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से विशेष रूप से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग को एकजुट करने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।



मनुष्य ने ईश्वर को जो सबसे महान नाम दिया है, वह सत्य है।
**-स्वामी विवेकानंद**, दार्शनिक

# जेल नहीं बस जुर्माना

जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026 राज्यसभा से पास होने के बाद कानून बनेगा। सरकार को यकीन है कि इस प्रस्तावित कानून के आने के बाद कारोबारी माहौल और सुगम, बेहतर तथा भयमुक्त होगा क्योंकि छोटे-मोटे अपराधों से जेल की सजा हटाकर उसे जुर्माने में बदला गया है और पहली बार कम गंभीर अपराध, छोटे मोटे अपराध, अपराध की श्रेणी से ही बाहर कर दिए गए हैं। इसे तर्क संगत तथा व्यावहारिक बनाने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 संशोधनों किए गए, जिसे संसद की मंजूरी मिल गई है। यह ठीक है कि सामान्य अपराध में किसी व्यवसायी को जेल में डालकर अनुत्पादक भीड़ बढाने से बेहतर है जुर्माने के तौर पर उनसे कुछ धन हासिल किया जाए, जो ज्यादा सार्थक और उत्पादक कृत्य होगा। देश की अदालतों में जो तकरीबन पांच करोड़ मामले लंबित हैं, इसमें से साढ़े करोड़ से ज्यादा मामले आपराधिक हैं। इनमें से बहुतायत संख्या अत्यंत साधारण किस्म के आपराधिक आरोपों के हैं। ऐसे में यह कानून आया तो वह अदालतों से आपराधिक मामलों का और जेल प्रशासन से कैदियों के देखरेख का बोझ हटाने में सफल हो जाएगी।

साधारण या अनजाने में किए अपराधों से संबंधित अदालत में लंबित लाखों मुकदमों का निपटारा आसानी से और त्वरित तौर पर संभव होगा तथा धन, समय, ऊर्जा, संसाधन के अपव्यय का कारण बनने वाले इन लंबित मुकदमों की संख्या भी आगे नहीं बढेगी। साधारण मामलों वाले इन खिंचते मुकदमों के चलते जनता, अदालतें, सरकार और कारोबारी तथा दूसरे वर्ग परेशान होते थे। कानून के प्रभावी होने से अदालतें बेवजह के कागज पत्र, कार्रवाइयों के बोझ से कम दबेंगी कोर्ट के कामकाज में फुर्ती आएगी। साधारण अपराध में जेल जाने वाला व्यक्ति देश, समाज, परिवार के लिए बोझ बन जाता है और रिहा होने के बाद भी कलंक नहीं छूटता। सो बेहतर है कि जुर्माना भरकर अथवा अदालत से बाहर एक दंड राशि चुकाकर दोनों पक्ष समझौता कर अपराध और मुकादमा मुक्त हो लें। मोदी सरकार ने लोगों रहन-सहन एवं व्यापार करने में सुगमता, सुविधा लाने के लिए पिछले दशक भर से लगभग 40 हजार कानूनी प्रावधानों को सरल बना चुकी है। इस बार की कारगुजारी को जोड़ लें तो उसने 1562 कानूनी प्रावधानों को कानून की किताब से हटाया है।

यह सही है कि देश में प्रचलित 1536 कानूनों के 70 हजार प्रावधानों में से अधिकतर छोटे कारोबारियों के विकास में बाधा बनते हैं। ऐसे में सामान्य और कामकाज के दौरान असावधानी के चलते हो जाने वाले अपराधों के लिए जेल चले जाने का भय व्यापार के पारिस्थितिकी तंत्र और व्यापारी, निर्माता के व्यक्तिगत आत्मविश्वास के विकास में बाधा डालने वाला एक प्रमुख कारक है। सरकार का यह प्रयास उचित है कि वह व्यवस्था की अड़चनें कम करने के लिए वर्तमान की स्थिति के मद्देनजर पुराने नियमों में बदलाव करे और जो कारोबारी छोटे-छोटे अपराधों के कारण जेल की सजा और जुर्माने से डरते हैं। वे व्यवसायी और सरकारी एजेंसियां सामान्य या तकनीकी रूप से सामान्य उल्लंघनों के लिए जेल जाने की चिंता से निर्भय हो अपना काम करें।

## प्रसंगवश

# युद्ध और महिलाएं: पीड़िता से नेतृत्वकर्ता तक

युद्ध आज इतिहास का कोई दूरस्थ अध्याय नहीं है। यह एक जीवंत और पीड़ादायक वास्तविकता है। सूडान, गाजा और यूक्रेन जैसे क्षेत्रों में चल रहे संघर्ष हमें यह दिखा रहे हैं कि मानवता हर दिन परीक्षा से गुजर रही है। इस कठिन समय में एक सत्य अत्यंत स्पष्ट रूप से सामने आता है कि महिलाएं युद्ध में गहराई से पीड़ित होती हैं, फिर भी वे और अधिक सशक्त होकर उभरती हैं। सूडान में महिलाएं असहनीय हिंसा और असुरक्षा का सामना कर रही हैं, फिर भी वे अपने परिवारों की संरक्षक और सहारा बनकर आगे आ रही हैं। गाजा में महिलाएं विनाश के बीच जीवन को संजोए हुए हैं, जब सब कुछ टूट रहा है, तब भी वे परिवारों को एकजुट रख रही हैं। यूक्रेन में महिलाएं मानवीय सहायता का नेतृत्व कर रही हैं, समुदायों का पुनर्निर्माण कर रही हैं और आशा को जीवित रख रही हैं।



डॉ. तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी

यह पीड़ा और शक्ति का द्वंद्व हमें हमारे याद दिलाता है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः।" जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है, लेकिन आज हमें स्वयं से एक प्रश्न पूछना होगा कि यदि महिलाएं सहनशीलता और शक्ति की प्रतीक हैं, तो वे निर्णय लेने के उच्चतम मंचों पर अभी भी अनुपस्थित क्यों हैं? युद्ध केवल भूमि का विनाश नहीं है। यह विनाश है परिवारों का, मूल्यों का तथा समाज के ताने-बाने का और इस ताने-बाने को पुनः स्थापित करने के लिए केवल शक्ति नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, धैर्य और दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है। ये वे गुण हैं, जिन्हें महिलाओं ने बार-बार सिद्ध किया है। आज के युद्ध अधिक जटिल, हिंसक और लंबे हो गए हैं। ये केवल हथियारों से नहीं, बल्कि विस्थापन, भूख, भय और मानसिक आघात से लड़े जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में शांति केवल रणनीति से नहीं आ सकती। इसके लिए संवेदनशीलता और समावेशिता आवश्यक है और महिलाएं पहले से ही यह कार्य कर रही हैं। वे समुदायिक स्तर पर शांति स्थापित कर रही हैं, विश्वास को पुनः निर्मित कर रही हैं, बच्चों की शिक्षा को बनाए रख रही हैं और वहां सम्मान को पुनर्स्थापित कर रही हैं, जहां वह सबसे अधिक खो गया है। वे शांति का इंतजार नहीं कर रही हैं, वे शांति का निर्माण कर रही हैं। एक और प्राचीन विचार हमें मार्गदर्शन देता है कि "वसुधैव कुटुंबकम्" अर्थात यह संपूर्ण विश्व एक परिवार है। यदि यह विश्व वास्तव में एक परिवार है, तो महिला शक्ति के बिना शांति कैसे संभव है, जो परिवार को संजोकर रखती है?

आज हमारे सामने चुनौती केवल महिलाओं की पीड़ा को स्वीकार करने की नहीं है, बल्कि उनके नेतृत्व को पहचानने और उसे सशक्त करने की है। महिलाओं को आगे बढ़ना होगा। पीड़िता से शक्ति की ओर, मौन से नेतृत्व की ओर और बहिष्कार से सहभागिता की ओर, क्योंकि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। शांति गरिमा, संतुलन और सामंजस्य का संगम है। यह भाव हमारे प्राचीन श्लोक में अत्यंत सुंदर रूप से व्यक्त होता है- "सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।" अर्थात सभी सुखी हों, सभी निरोग हों, सभी शुभ देखें और कोई भी दुःख का भागी न बने। यदि यही हमारा लक्ष्य है, तो महिलाओं को केवल शांति प्रक्रिया में सहभागी नहीं बनाना होगा, बल्कि उन्हें उसका नेतृत्व सौंपना होगा। क्योंकि जब महिलाएं युद्ध के समय नेतृत्व करती हैं, तो शांति केवल अस्थायी नहीं रहती। वह स्थायी, सतत और मानवीय बन जाती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# सत्ता-व्यापार गठजोड़ पर बालेन सरकार का शिकंजा





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है, तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है, तो इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी है। वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है, इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है, तो वह केवल के पी शर्मा ओली और रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं।

नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नीक अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है।

बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसायी का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है।

नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाले दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं। एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डॉ. बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी, जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डॉ. बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे, लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए।


44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं। पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए, तब दो अप्रैल को उसे काठमांडू के नक्सल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते ही नेपाल के सफेदपोश अपराधियों में खलबली मच गई। दीपक भट्ट इस समय 'इन्फिनिटी होल्डिंग्स नामक एक के प्रमुख डायरेक्टर है। आरोप है कि वह सत्ता की गठजोड़ से इसी कंपनी के माध्यम से उसने जलविद्युत, हथियार, हेलिकॉप्टर समेत विभिन्न विदेशी कंपनियों के एजेंट के रूप में काम करते हुए अवैध कारोबार का विशाल साम्राज्य खड़ा कर लिया। दीपक भट्ट का नेपाल के ट्रैवल एजेंसी, होटल, रियल एस्टेट, कंसल्टेंसी, बीमा और लघु वित्त जैसे क्षेत्रों में भी सीधी और परोक्ष संलिप्तता बताई जाती है। सरकार ने उसके खिलाफ संपत्ति शुद्धीकरण मामले में विस्तृत जांच शुरू की थी, जिसके तहत अध्यागमन विभाग ने उसे काली सूची में डालते हुए उसके विदेश यात्रा पर रोक लगा दी थी। फिलहाल, भट्ट, उनकी कंपनी और उससे जुड़े सभी संपत्तियों की गहन जांच जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डॉ. बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वे प्रधानमंत्री थे।

## आमने



हमने खाड़ी में चल रहे संघर्ष के दौरान व्यक्तिगत रूप से फ्रांस से सैन्य सहायता का अनुरोध किया था, लेकिन पेरिस ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। हमें उनकी जरूरत नहीं थी, फिर भी मैंने उनसे पूछा। मैक्रों की पत्नी उनके साथ बेहद बुरा बर्ताव करती हैं। वह अभी भी अपने जबड़े पर लगे जोरदार वार से उबर रहे हैं।
**-डोनाल्ड ट्रंप**, राष्ट्रपति अमेरिका

## सामने



यह टिप्पणी न तो शालीन है और न ही उस स्तर की है, जिसकी उम्मीद किसी राष्ट्राध्यक्ष से की जाती है। हमें गंभीर होना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि हम आज कुछ कहें और अगले ही दिन उसके उलट बात करने लगें। दुनिया में जब इतने गंभीर संकट चल रहे हों, तब ऐसे बचकाने बयानों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।
**-इमैनुएल मैक्रों**, राष्ट्रपति, फ्रांस

# पश्चिम बंगाल में उच्च शिक्षा का बदलता परिदृश्य



डॉ. इंद्रनील बोस
शिक्षाविद

भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। नई शिक्षा नीति और वैश्वीकरण की दिशा में बढ़ते कदमों के चलते देश ने विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा अपने ही देश में उपलब्ध कराना, प्रतिभा पलायन को कम करना और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करना है। इस संदर्भ में कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों ने भारत के विभिन्न राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है, लेकिन इस बदलते परिदृश्य में कोलकाता और व्यापक रूप से पश्चिम बंगाल की स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है।

भारत के कई राज्य इस अवसर को तेजी से भुनाने में सफल रहे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर जैसे क्षेत्रों ने विदेशी विश्वविद्यालयों को आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधार, निवेश अनुकूल वातावरण और बुनियादी ढांचे का विकास किया है। इन राज्यों में पहले से ही उद्योग, तकनीक और नवाचार का मजबूत आधार मौजूद है, जिससे विदेशी संस्थानों के लिए यह क्षेत्र स्वाभाविक रूप से आकर्षक बन जाते हैं।

इन राज्यों की सरकारों ने न केवल नीतिगत समर्थन दिया है, बल्कि भूमि उपलब्धता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सरलता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए स्पष्ट रोडमैप भी तैयार किया है। इसका परिणाम यह हुआ कि यूके, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों ने इन राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है। इससे स्थानीय छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सुलभ हो रही है और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। इसके विपरीत, कोलकाता, जो कभी भारत का बौद्धिक और शैक्षणिक केंद्र माना जाता था, आज इस दौड़ में पीछे छूटता नजर आता है।

पश्चिम बंगाल में किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय द्वारा परिसर स्थापित करने में रुचि न दिखाना कई गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह स्थिति केवल संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई गहरे कारण हैं। पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण है राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट और प्रभावी पहल का अभाव। जहां अन्य राज्य विदेशी निवेशकों और शैक्षणिक संस्थानों को आकर्षित करने के लिए सक्रिय हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में ऐसी कोई ठोस रणनीति दिखाई नहीं देती। नीतिगत अस्पष्टता और धीमी प्रशासनिक प्रक्रियाएं संभावित निवेशकों के लिए बाधा बनती हैं।

दूसरा कारण सामाजिक मानसिकता से जुड़ा हुआ है। मध्यम वर्गीय बंगाली समाज, जो ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और बौद्धिकता के लिए जाना जाता रहा है, आज भी कई मामलों में पारंपरिक और रूढ़िवादी सोच से प्रभावित है। परिवर्तन के प्रति झिझक और नई पहल के प्रति संदेह, आधुनिक शिक्षा मॉडल को अपनाने में बाधा उत्पन्न करते हैं। किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा का विकास उद्योग और आर्थिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ा होता है। जिन राज्यों में उद्योग, आईटी सेक्टर और स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत है, वहां शिक्षा संस्थानों के लिए अवसर अधिक होते हैं।

दुर्भाग्यवश, पश्चिम बंगाल इस मामले में पिछड़ गया है। राज्य में लंबे समय से उद्योगों का पलायन, निवेश की कमी और रोजगार के सीमित अवसरों ने एक नकारात्मक चक्र बना दिया है। जब उद्योग नहीं होंगे, तो छात्रों के लिए रोजगार के अवसर कम होंगे और जब अवसर कम होंगे, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान भी वहां आने में रुचि नहीं दिखाएंगे। यही कारण है कि विदेशी विश्वविद्यालय उन राज्यों को प्राथमिकता देते हैं, जहां उन्हें छात्रों के साथ-साथ उद्योगों से भी जुड़ने का अवसर मिलता है। कोलकाता कभी कलकत्ता विश्वविद्यालय और प्रेसीडेंसी कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के कारण शिक्षा का केंद्र था। यहां से कई महान विद्वान, वैज्ञानिक और विचारक निकले हैं, लेकिन वर्तमान में यह विरासत आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाई है।

आज की शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, इसमें शोध, नवाचार, उद्योग सहयोग और वैश्विक एक्सपोजर की आवश्यकता होती है। यदि कोई क्षेत्र इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता, तो वह धीरे-धीरे पीछे छूट जाता है। हालांकि स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन असंभव नहीं। पश्चिम बंगाल यदि सही दिशा में कदम उठाए, तो वह फिर से अपनी शैक्षणिक पहचान को पुनर्स्थापित कर सकता है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। पहला यह कि विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए स्पष्ट, पारदर्शी और आकर्षक नीतियां बनाई जाएं। दूसरा- आधुनिक कैंपस, रिसर्च सुविधाएं और टेक्नोलॉजी आधारित वातावरण तैयार किया जाए। तीसरा- निवेश को आकर्षित करने के लिए उद्योग अनुकूल नीतियां लागू की जाएं। चौथा- समाज में नवाचार और परिवर्तन को स्वीकार करने की प्रवृत्ति विकसित की जाए। पांचवां- वैश्विक संस्थानों के साथ साझेदारी को बढ़ावा दिया जाए। भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलाव एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करते हैं।

जहां कई राज्य इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। यदि सही कदम उठाए जाएं, तो पश्चिम बंगाल फिर से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

इस संदर्भ में कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों ने भारत के विभिन्न राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है, लेकिन इस बदलते परिदृश्य में कोलकाता और व्यापक रूप से पश्चिम बंगाल की स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है।

## सोशल फोरम

# ईरान पर विपरीत रुख

अमेरिका और यूरोपीय देश दोनों ईरान के मुद्दे पर विपरीत रुख वाले दिख रहे हैं। नाटो पहली बार इस तरह विभाजित है। लग सकता है कि पश्चिम दोफाड़ है, पर यह भ्रम हो सकता है। पश्चिम की छवि उदारवाद के प्रवक्ता के रूप में बनाई गई है। एक हद तक यह सही है कि पश्चिम ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता, लोकतंत्र, बंधुत्व, समता, कानून के शासन आदि उच्च मूल्यों को प्रतिष्ठित किया, पर वह केवल अपने देशों के भीतर उदार था। सबको पता है कि उसी घड़ी वह उपनिवेशितों के प्रति अत्यंत कठोर, षड्यंत्री और नियंत्रणशील था। अमेरिका और यूरोपीय देश आज प्रति-ध्रुव की तरह दिखते हैं। नए दौर में सारे पश्चिमी देशों में ही 'अमेरिका फर्स्ट' की ही तरह 'नेशन फर्स्ट' ही मुख्य नारा बन रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अमेरिका सहित हर पश्चिमी देश में उदारवाद पर दक्षिणपंथ भारी हो चुका है। इसलिए यदि अमेरिका से यूरोपीय देश अपना स्वतंत्र रास्ता पकड़ रहे हैं, तो यह विश्व में 'बहुकेंद्रिक अंध-राष्ट्रवाद' से भिन्न कुछ नहीं है। बहुकेंद्रित अंध-राष्ट्रवाद वैश्विक स्तर पर समस्याओं के सामूहिक समाधान में विफलता का नतीजा है, जो सभ्यता के शिखर पर एक विस्मयजनक त्रासदी है। 'नेशन फर्स्ट' अंततः 'पॉपुलिज्म' की तरफ ले जाता है, 'पहचान की राजनीति' हर चीज पर भारी हो जाती है और तर्क तथा मानव हित आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था टूट जाती है। 'नेशन फर्स्ट' से अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है, दादागिरी बढ़ी है। इन सबका नतीजा है विश्व में सहयोग के स्थान पर नकारात्मक प्रतिस्पर्धा का बढ़ना और नैतिकता के स्थान पर ताकत की प्रधानता।

इससे विश्व में अराजकता, आर्थिक अस्थिरता और सामाजिक विभाजन बढ़ेगा। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। लोकतांत्रिक गिरावट पाताल छू लेगी। अतः मुझे लगता है कि अमेरिका और यूरोपीय देश की इस तात्कालिक प्रति-ध्रुवता पर ज्यादा प्रफुल्लित होने की जरूरत नहीं है। दरअसल यूरोपीय देश भी धीरे-धीरे अमेरिका की तरह होते जाएंगे। भारत में छोटे-छोटे अमेरिका बन ही चुके हैं, छोटे-छोटे ट्रंप पहले से हैं। क्या यह सब चिंताजनक नहीं है? वास्तविकता शायद इन दोनों के बीच है-संकट भी है और संभावनाएं भी। जहां तक भारत में "छोटे-छोटे ट्रंप" की बात है-यह एक तीखा रूपक है, लेकिन पूरी वास्तविकता नहीं हो सकती है। भारत जैसे समाज में विविधता इतनी गहरी है कि एकरूप राजनीतिक व्यवहार स्थायी नहीं हो सकता। यहां प्रतिरोध और वैकल्पिक विचारधाराएं भी साथ-साथ चलती हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# विकास और विश्वास की नई विजयगाथा

भारत ने लंबे समय तक जिस आंतरिक चुनौती का सामना किया, वह नक्सलवाद के रूप में देश के अनेक हिस्सों में फैली रही। यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने सामाजिक, आर्थिक और मानवीय जीवन को भी गहराई से प्रभावित किया। दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय, असुरक्षा और पिछड़ापन बना रहा। गांवों में विकास की रफ्तार थम गई और लोगों का भरोसा व्यवस्था से डगमगाने लगा। आज जब देश नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के पीछे की नीति, संकल्प और प्रयासों को समझा जाए।

गृह मंत्रालय के नेतृत्व में बीते वर्षों में जो रणनीति अपनाई गई, वह बहुआयामी रही। केवल सुरक्षा बलों की तैनाती तक सीमित न रहकर सरकार ने विकास और विश्वास दोनों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां आज स्कूल खुल रहे हैं, सड़कें बन रही हैं और जीवन सामान्य हो रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे वर्षों की योजनाबद्ध मेहनत और स्पष्ट नीति रही है। कई ऐसे क्षेत्र भी रहे, जहां आर्थिक स्थिति कमजोर थी, फिर भी वहां नक्सलवाद नहीं पनपा। इससे स्पष्ट होता है कि यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और रणनीतिक चुनौती भी थी। वामपंथी उग्रवाद ने आदिवासी समाज को प्रभावित कर उन्हें मुख्यधारा से दूर करने का प्रयास किया। स्कूलों को जलाना, विकास कार्यों में बाधा डालना और भय का वातावरण बनाना इसी रणनीति का हिस्सा रहा। इन परिस्थितियों को समझते हुए गृह मंत्रालय ने अपनी नीति को सुदृढ़ बनाया। सुरक्षा बलों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, खुफिया तंत्र को मजबूत किया गया और स्थानीय पुलिस को सशक्त किया गया। साथ ही आत्मसमर्पण नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया, जिससे बड़ी संख्या में नक्सली मुख्यधारा में लौटे। यह केवल सुरक्षा की सफलता नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्वास का भी उदाहरण है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में आया परिवर्तन इस नीति की सफलता का प्रमाण है, जहां कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, वहां आज सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। राशन, स्वास्थ्य और पहचान से जुड़ी सुविधाएं सीधे लोगों तक पहुंच रही हैं। इससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे हिंसा से दूर होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।



कांतिलाल मांडोत
लेखक

सरकार ने यह संदेश दिया है कि हिंसा का मार्ग स्वीकार्य नहीं है, साथ ही भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में लौटने का अवसर भी प्रदान किया गया है। इस संतुलित दृष्टिकोण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हिंसा की घटनाओं में कमी आई है और आत्मसमर्पण की संख्या में वृद्धि हुई है। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह है कि अब आदिवासी समाज स्वयं इस बदलाव का सहभागी बन रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बढ़ती उपलब्धता ने नई पीढ़ी को नई दिशा दी है। अब वे हथियार नहीं, बल्कि विकास और अवसरों को अपना लक्ष्य बना रहे हैं। नक्सलवाद के अंत की यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा सफलता है। सुरक्षा बलों का साहस, प्रशासन की प्रतिबद्धता और आम नागरिकों का सहयोग इन सभी ने मिलकर यह परिवर्तन संभव किया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस उपलब्धि को स्थायी बनाया जाए। विकास की गति निरंतर बनी रहे और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी क्षेत्र पुनः पिछड़ेपन और असुरक्षा की ओर न लौटे। यही नक्सलवाद के स्थायी अंत की सच्ची गारंटी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

नौकरी से रिटायरमेंट अपने साथ अकेलापन लेकर आता है। कुछ लोग इसे स्वीकार कर लेते हैं और कुछ निकल पड़ते हैं खुशियां बिखेरने के लिए। बरेली के कुछ रिटायर 'नौजवानों' ने जिंदगी को जी भरकर जीने का फैसला किया। उन्होंने देशभर के ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों के लोगों को भी अपनी मंडली में शामिल किया और बनाया एक ऐसा अनूठा ग्रुप, जो हर संडे के तीसरे पहर सुरों की महफिल सजाते हैं। इंटरनेट के पंखों पर सवार यह 'सुरीले नौजवान' जूम के जरिए अपने-अपने घरों से जुड़ते हैं। मजेदार बात यह है कि हर प्रोग्राम की एक थीम होती है। कभी सिर्फ साहिर के लिखे गीत गाए जाते हैं, तो कभी सिर्फ मन्ना डे के गाए गीत। अहम यह भी है कि इस ग्रुप में आधी संख्या महिलाओं की है। ग्रुप में अमेरिका और आस्ट्रेलिया से भी मेंबर हैं। इस ग्रुप का नाम है गा लो-मुस्कुरा लो।

*–कुमार रहमान, बरेली*



# जिंदगी को जी भरकर जीना है

## हर बार नया बैकग्राउंड


हर प्रोग्राम का एक नया बैक ग्राउंड होता है। इसे अरुण शर्मा खुद डिजाइन करते हैं। इसमें थीम के हिसाब से बैकग्राउंड होता है। ऊपर की तरफ थीम का नाम और नीचे उस दिन की तिथि और सन। जैसे साहिर लुधियानवी के स्पेशल प्रोग्राम की डिजाइन में उनकी एक तस्वीर थी और कुछ म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट। इसे रिकॉर्ड में भी रखा जाता है।

## यूट्यूब चैनल भी

ग्रुप का अपना यूट्यूब चैनल भी है। हर संडे को होने वाले प्रोग्राम की बाकायादा रिकॉर्डिंग और एडिटिंग की जाती है। उस वीडियो को सभी मेंबरों को भेजने के साथ ही यूट्यूब पर भी अपलोड किया जाता है।

## ऑफलाइन भी होता है प्रोग्राम

ग्रुप हर तीसरे महीने मंच पर भी प्रोग्राम का आयोजन करता है। इसमें ग्रुप से बाहर के लोग भी शिरकत करते हैं। यह काफी लोकप्रिय आयोजन है। इसे हर तीसरे महीने आयोजित किया जाता है। अब तक इसके 19 आयोजन हो चुके हैं।



## बरेली की नीरा जुड़ती हैं अमेरिका से

नीरा इस ग्रुप की एक्टिव मेंबर हैं। वह डेढ़ साल से इस ग्रुप से जुड़ी हैं। नीरा यहां बिहारीपुर में रहती थीं। उनके पिता दिवंगत रघुवीर नारायण मेहरोत्रा तिलक इंटर कॉलेज में टीचर थे। नीरा ने साहूराम स्वरूप महिला डिग्री कॉलेज से संगीत (गायन) में पीएचडी की है। शादी के बाद वह अमेरिका चली गईं। उन्होंने बताया कि उन्हें संडे का बेसब्री से इंतजार रहता है। उस वक्त अमेरिका में सुबह का वक्त रहता है। इस प्रोग्राम में शामिल होकर उनका पूरा दिन संगीतमय हो जाता है।

## आस्ट्रेलिया से जुड़ते हैं अरविंद

अरविंद वर्मा पटना के हैं। बरेली उनकी ससुराल है। वह बरेली में स्टेट बैंक में मैनेजर थे। बरेली में सात साल रहे। बाद में आस्ट्रेलिया जा बसे। उन्हें भी इस प्रोग्राम की प्रतीक्षा रहती है। वह एक साल से इस ग्रुप से जुड़े हैं। वह आमतौर पर मन्ना डे, किशोर कुमार, तलत महमूद और हेमंत कुमार को गाना पसंद करते हैं।



## कब बना ग्रुप

वह 21 अप्रैल 2021 का दिन था। कोविड के खौफ भरे दिन। जिंदगी बचाने की जद्दोजहद के बीच अकेले और खामोश दिन। सभी अपने-अपने घरों में कैद। तनाव भरे इन पलों में अरुण कुमार शर्मा के जेहन में ख्याल आया कि क्यों न एक ग्रुप बनाया जाए, जिसमें सभी लोग ऑनलाइन जुड़ें और गीत-संगीत की महफिल सजाई जाए। उन्होंने यह विचार पत्नी कंचन शर्मा को बताया। वह तैयार हो गईं। अरुण शर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा में चीफ मैनेजर थे और अब रिटायर हो गए हैं। फोन पर यह बात उन्होंने अपने दोस्त अशोक कुमार सक्सेना को बताई। अशोक कुमार डाकघर में प्रवर अधीक्षक थे और वह भी रिटायर हो गए हैं। उन्हें भी ख्याल जंच गया। उसी दिन सभी जूम ऐप के जरिए ऑनलाइन जुड़े और सजा ली संगीत संध्या। पहले प्रोग्राम में सात लोग थे, लेकिन दूसरा आयोजन अपने साथ निराशा लाया। सदस्यों की संख्या बढ़ने के बजाए घटकर दो रह गई। आज ग्रुप में 150 सदस्य हैं, जिनमें एक्टिव मेंबर 70 के आसपास हैं। ज्यादातर रिटायर्ड लोग हैं। बरेली के अलावा लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, मुंबई, बीकानेर, इंदौर के साथ ही अमेरिका और आस्ट्रेलिया से लोग शामिल होते हैं। बरेली से तकरीबन 25 लोग इस ग्रुप में हैं। अब ग्रुप को रजिस्टर्ड भी करा लिया गया है और इसका नाम हो गया है 'गा लो-मुस्कुरा लो' वेल्फेयर सोसायटी। यह सोसायटी वेल्फेयर के काम भी करती है। इसके अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना और सचिव अरुण कुमार शर्मा हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि पत्नी कंचन शर्मा के बिना यह आयोजन हो पाना संभव नहीं है। उनका बराबर का सहयोग रहता है।




## कैसे होता है आयोजन

इसका आयोजन हर संडे को शाम चार बजे होता है और रात आठ बजे तक चलता है। टीम ने वाट्सऐप पर एक ग्रुप बना रखा है। प्रोग्राम में शामिल होने वाले साथी रविवार को दोपहर दो बजे तक अपना नाम और गाना ग्रुप में भेज देते हैं। अरुण शर्मा इसे कोआर्डिनेट करते हैं और एक लिस्ट बनाते हैं। फिर पौने चार बजे तक सभी जूम ऐप पर ऑनलाइन जुड़ जाते हैं और अपने क्रम के हिसाब से गीत पेश करते हैं। खास बात यह है कि गीत के साथ संगीत भी होता है। इसके लिए एक ऐप का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें डूइट भी गाते हैं। अब तक इसके 289 प्रोग्राम हो चुके हैं।

## संगीत ने खालीपन किया दूर



ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि अरुण शर्मा के प्रोत्साहन से अब उन्होंने भी गाना शुरू किया है। इससे पहले उन्होंने कभी सार्वजनिक तौर पर गाने के बारे में सोचा भी नहीं था। वह कहते हैं, "संगीत ने रिटायरमेंट के खालीपन को भर दिया।" वह बरेली में सुरेश शर्मा नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रुप में बहुत सारी ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने पतियों के प्रोत्साहन से अब गाना शुरू किया है।



## फिजी रेडियो में गाते थे नीरज

नीरज टंडन बरेली के बैंक ऑफ बड़ौदा में एजीएम हैं। वह और उनकी पत्नी नीतू टंडन भी बराबर प्रोग्राम में शरीक होते हैं। नौकरी के सिलसिले में वह कई देशों में रहे हैं। वह बीओबी की फिजी ब्रांच में भी रहे। इस दौरान उन्होंने रेडियो फिजी में काफी प्रोग्राम किए। वह वहां गीत प्रस्तुत किया करते थे। इसे काफी पसंद किया जाता था। सिंगिंग उनका बचपन का पैशन है।

---

**जॉब का पहला दिन**

# जब जिम्मेदारी ने गौरव का रूप लिया

मेरे जीवन की किताब में कुछ पन्ने ऐसे हैं, जिन्हें मैं जब भी पलटती हूं, तो उनकी चमक आज भी ताजा महसूस होती है। उन्हीं में से एक सबसे महत्वपूर्ण और यादगार पन्ना है 1 अगस्त 2011 का, जब पहली बार मैं बाराबंकी के मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय के प्राचार्या से मिली तो प्राचार्या ने कहा कि हमारे कॉलेज की बस प्रतिदिन लखनऊ से आती है, जिससे आपको यहां आने में कोई असुविधा नहीं होगी।



डॉ. रचना श्रीवास्तव
अवध विश्वविद्यालय अयोध्या

विश्वविद्यालय में मेरे बतौर प्रोफेसर चयन की कहानी बड़ी दिलचस्प है। मैं एक बार दूरदर्शन का एक प्रोग्राम कर रही थीं। उस प्रोग्राम को विश्वविद्यालय की प्राचार्या भी देखकर रहीं थीं। उनको मेरी गायकी बहुत पसंद आई और मेरी प्रतिभा से प्रभावित होकर मुझे मिलने के लिए बुलाया। प्राचार्य ने साक्षात्कार के बाद स्टाफ के सदस्य को बुलाकर उसे स्टॉफ रूम ले जाने को कहा। स्टॉफ रूम में सभी सदस्य साड़ी पहने थीं। क्योंकि इस कॉलेज में साड़ी कंपलसरी थी,मैं भी साड़ी में ही गई थी। जिसे देखकर मेरे मन में आत्मविश्वास बढ़ा। यह देखकर मुझे परिसर परिवार जैसा लगने लगा।

उस सुबह की हवा में एक हल्की सी ठंडक थी, जो मन में उमड़ते उत्साह और आशंकाओं के बीच एक सुकून दे रही थी। जब मैंने विश्वविद्यालय के विशाल और हरे-भरे परिसर में कदम रखा, तो एक अजीब सा गर्व महसूस हुआ। वह शैक्षणिक वातावरण, विभागों की पुरानी, लेकिन भव्य इमारतें और छात्रों की चहल-पहल सब कुछ जैसे मुझे पुकार रहा था। मुझे अहसास हुआ कि आज से मेरी पहचान केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माता यानी एक 'शिक्षक' के रूप में होने वाली है।

विभाग पहुंचते ही विभागाध्यक्ष ने जिस गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, उसने मेरी सारी हिचकिचाहट को पल भर में दूर कर दिया। सहकर्मियों का वह सहज और सहयोगी व्यवहार



मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं था, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी थी। औपचारिकताओं के बीच मुझे बताया गया कि आज ही मेरी पहली कक्षा है। यह सुनकर मन में उत्साह तो था, पर साथ ही एक अनजानी घबराहट ने भी दस्तक दी।


जब मैं कक्षा के द्वार पर पहुंची, तो दर्जनों उत्सुक निगाहें मेरी ओर मुड़ गईं। वह मेरा पहला व्याख्यान था। मैंने अपनी आवाज को संयत किया और सहजता से संवाद शुरू किया। शुरुआत में शब्दों में थोड़ी झिझक थी, लेकिन जैसे ही मैंने विषय की गहराई में उतरना शुरू किया, मेरा आत्मविश्वास लौट आया। मैंने कोशिश की कि मैं केवल 'पढ़ाऊं' नहीं, बल्कि 'जुड़ूं'। जब छात्रों ने सवाल पूछना शुरू किया और कक्षा एक जीवंत चर्चा में तब्दील हो गई, तब मुझे लगा कि मैं अपनी बात उन तक पहुंचाने में सफल रही हूं।

कक्षा के बाद जब कुछ छात्र अपनी जिज्ञासाएं लेकर मेरे पास आए, तो मुझे एक बड़ी सच्चाई का अनुभव हुआ। एक शिक्षक केवल सूचनाओं का स्रोत नहीं होता, बल्कि वह एक मार्गदर्शक और प्रेरक भी होता है। उनकी आंखों की वह उम्मीद ही मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी।

दोपहर में स्टाफ रूम में वरिष्ठ सहयोगियों के साथ बिताया गया समय भी बहुत कीमती रहा। उनके अनुभवों से निकले सुझावों ने मुझे सिखाया कि अध्यापन केवल ब्लैकबोर्ड तक सीमित नहीं है, यह निरंतर सीखने की एक प्रक्रिया है। दिन ढलने पर जब मैं परिसर से बाहर निकली, तो शरीर में थकान तो थी, लेकिन मन आत्मसंतुष्टि और गहरी खुशी से भरा था। वह दिन मेरे लिए केवल एक करियर की शुरुआत नहीं, बल्कि एक ऐसे संकल्प का आगाज था, जिसमें ज्ञान बांटने और समाज को एक नई दिशा देने का अवसर छुपा था। आज भी जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो वह दिन मुझे याद दिलाता है कि सपनों को जीने का साहस ही हमें जीवन के सबसे यादगार पल देता है।

---

# नई कहानी के प्रमुख स्तंभ शेखर जोशी



शेखर जोशी की गणना हिन्दी साहित्य के प्रमुख कहानीकारों में की जाती है। उन्होंने नई कहानी के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई। वे मर्मस्पर्शी कहानियों के प्रमुख कथाशिल्पी थे। उनकी कहानियों में आम आदमी का प्रतिबिंब झलकता है।

शेखर जोशी का जन्म 10 सितंबर 1932 को अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर गांव में हुआ था। सोमेश्वर को पहाड़ी भाषा में ओलिया भी कहते थे। उनके पिता एक साधारण किसान थे। इसलिए उनका बचपन अभावों में बीता। शेखर जोशी की शिक्षा अजमेर और देहरादून में हुई थी। इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही उनका चयन सुरक्षा विभाग में ई.एम.ई. अप्रेन्टिसशिप के लिए हो गया। 1996 तक वे एक सैनिक औद्योगिक प्रतिष्ठान में सेवारत रहे। इसके बाद उन्होंने स्वैच्छिक रूप से त्यागपत्र दे दिया और स्वतंत्र रूप से लेखन कार्य में जुट गए।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

उनकी रुचि कहानी लेखन में थी इसलिए उन्होंने कहानियां लिखना प्रारंभ कीं। आम आदमी को केन्द्र मानकर पारिवारिक एवं सामाजिक ताने-बाने पर बुनी उनकी कहानियां बहुत लोकप्रिय हुईं। उनकी कहानियों की प्रसिद्धि देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक जा पहुंची और उनकी गणना हिन्दी के अग्रिम पंक्ति के कहानीकारों में होने लगी। अपनी साहित्य यात्रा के दौरान उन्होंने 'कोशी के घटवार', 'दाज्यू', 'बदबू', 'मेटल', 'पेड़ की याद', नौरंगी बीमार है' तथा प्रतिनिधि कहानियां जैसी अमर कृतियों की रचना की। उनको विशेष प्रसिद्धि 'कोशी के घटवार' से मिली। उनकी कुछ कहानियों का अनुवाद अंग्रेजी, चेक, पोलिश एवं रूसी भाषाओं में भी हुआ। उनकी एक कहानी "दाज्यू" पर बाल फिल्म भी बनी।

उन्होंने कई उपन्यास भी लिखे। 'अथ मूषक उवाच', 'हलवाला', 'साथ के लोग', 'मेरा पहाड़', 'चींटी के पर' आदि शामिल हैं। मगर उन्हें विशेष प्रसिद्धि कहानीकार के रूप में मिली। शेखर की कहानियों में पहाड़ी जीवन, पहाड़ी संस्कृति एवं पहाड़ी परिवेश की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। उनका जन्म एक साधारण कृषक परिवार में हुआ था इसलिए उनकी कहानियों में गरीबी, उत्पीड़न, नारी संघर्ष तथा पहाड़ी ग्रामीण समाज में फैली रुढ़ियों का सजीव चित्रण मिलता है। उन्होंने पहाड़ी जीवन के कठोर यथार्थ को अपनी कहानियों के माध्यम से समाज तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। इसलिए उनकी कहानियां जीवंत प्रतीत होती हैं।

शेखर जोशी को उनकी कालजयी कहानियों के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया। सन् 1987 में उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से महावीर प्रसाद द्विवेदी साहित्य सम्मान से समादृत किया गया। सन् 1995 में हिन्दी साहित्य का अति प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य भूषण प्रदान किया गया। सन् 1997 में उन्हें 'पहल' सम्मान व 'मैथिलीशरण गुप्त' सम्मान से समादृत किया गया। अभी कुछ समय पूर्व उन्हें 'श्री लाल शुक्ल सम्मान' भी दिया गया। आज वे हमारे मध्य नहीं हैं, मगर अपनी कालजयी रचनाओं के रूप में वे सदैव अमर रहेंगे। उनकी कृतियां हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं।

---

# नौकरी छोड़ गुलाबी फल से बदली अपनी किस्मत

कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों और सोच वैज्ञानिक, तो मिट्टी भी सोना उगलने लगती है। बरेली के भोजीपुरा स्थित गांव महिमा पट्टी निवासी यशपाल (48) ने इसे सच कर दिखाया है। एमबीए की पढ़ाई के बाद एक निजी कंपनी में नौकरी करने वाले यशपाल ने कोरोना काल के संकट को अवसर में बदलते हुए खेती को अपना बिजनेस बनाया। आज वे गुलाबी फल, जिसे दुनिया "ड्रैगन फ्रूट" के नाम से जानती है, की खेती कर सालाना लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं। यशपाल बताते हैं कि उनका लक्ष्य हमेशा से बिजनेस करना था, इसीलिए उन्होंने एमबीए किया। 2020 में जब कोरोना की लहर ने नौकरियों पर संकट खड़ा किया, तो उन्होंने निजी नौकरी छोड़ने का साहसिक फैसला लिया। हालात सामान्य होने पर उन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती का मन बनाया और इसके गुर सीखने के लिए महाराष्ट्र और गुजरात के मॉडल फार्म्स का दौरा कर वहां से विधिवत प्रशिक्षण लिया।

*– महिपाल गंगवार, बरेली*

यशपाल ने 2023 में महज 48 पौधों के साथ ड्रैगन फ्रूट फैक्ट्री की शुरुआत की थी। आज वैज्ञानिक पद्धति और कड़ी मेहनत के दम पर उनके पास 25 हजार पौधे हैं। यशपाल के अनुसार, यह एक लॉन्ग टर्म बिजनेस है, जिसमें निवेश केवल एक बार करना होता है। तीन एकड़ में फैली इस खेती से वे सालाना 10 से 12 लाख रुपये कमा रहे हैं। एक बार बाग पूरी तरह तैयार होने पर सालाना मुनाफा 20 लाख रुपये तक पहुंच सकता है। इस सफलता में यशपाल के बड़े भाई और सेवानिवृत्त सैनिक सूरजपाल उनका पूरा साथ देते हैं। आज यशपाल न केवल खुद आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि उन्होंने 10 लोगों को रोजगार भी दिया है। वे अब तक चार नए फार्म खुलवा चुके हैं और अन्य किसानों को भी इस आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वह कहते हैं कि सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि उन्हें मंडी के चक्कर नहीं काटने पड़ते, फल की गुणवत्ता ऐसी है कि व्यापारी खुद खेत पर आकर ड्रैगन फ्रूट ले जाते हैं, जिससे उन्हें मार्केटिंग की कोई चिंता नहीं रहती। उनका साफ कहना है कि अगर विजन वैज्ञानिक हो, तो खेती किसी भी कॉर्पोरेट नौकरी से बेहतर रिटर्न दे सकती है।



## औषधीय गुणों से होता है भरपूर ड्रैगन फ्रूट

ड्रैगन फ्रूट की ऊपरी सतह पर गुलाबी और लाल रंग का होता है, जबकि अंदर का भाग पीले रंग का होता है। इसके सेवन से रक्ताल्पता की समस्या दूर होती है। साथ ही फाइबर और विटामिन सी की अच्छी मात्रा होने के चलते इस फल के सेवन से कई और बीमारियों में काफी हद तक निजात मिलती है। ड्रैगन फ्रूट के पौधे को 36 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान और हल्के पानी की आवश्यकता होती है और इसकी खेती से बहुत सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।



## सीएफआई ने एलएंडटी के एमवी सतीश को अध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले निकाय कंस्ट्रक्शन फेडरेशन आफ इंडिया ( सीएफआई ) ने एमवी सतीश को संस्था का अध्यक्ष चुना है। सीएफआई ने कहा कि उसने नई राष्ट्रीय परिषद का गठन किया है और दो वर्ष के कार्यकाल ( वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 ) के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13 किग्रा 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 किग्रा 2175, क्लासिक ( किग्रा ) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवाइन 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, **प्रति किलो :** लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1 किग्रा ,5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7450-9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3400, मसूरी 1200, बासमती 7600-7900, परमल 1400-3800

**दाल दलहन :** काला चना 2000-3400, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5400, राजमा 7500-12600, दाल उड़द 5000, साबुत मसूर दाल 2200, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10600, काबुली चना 5200-10200, अरहर दाल 10200 -12000, लोबिया/करमानी- 1900-3400

# आध्यात्मिक राजधानी बनेगा यूपी, रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन के तहत प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में यूपी की हिस्सेदारी को मौजूदा 9.2% से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 16% तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

रोडमैप के अनुसार वर्ष 2029-30 तक जीवीए में 11 प्रतिशत, वर्ष 2035-36 तक 14 प्रतिशत और वर्ष 2046-47 तक 16 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है। इसके लिए पर्यटन अवसंरचना को तेजी से विकसित किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटकों के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या को वर्तमान में प्रति लाख आबादी पर 30 से बढ़ाकर 2047 तक 150 करने का लक्ष्य है। साथ ही विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि को तीन रात से बढ़ाकर छह रात तक ले जाने की योजना है।

पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए भी लक्ष्य तय किए हैं। वर्ष 2025 में महाकुंभ सहित विभिन्न स्थलों पर कुल 66 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, अन्य स्थलों पर 64.9 करोड़ पर्यटक आए। इसे 2029-30 तक 75 करोड़ और 2047 तक 100 करोड़ तक ले जाने की योजना है। वैश्विक पहचान को मजबूत करने के लिए यूनेस्को से मान्यता प्राप्त विरासतों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। अभी सात विरासतों वाले प्रदेश में 2029-30 तक 8, 2035-36 तक 14 और 2047 तक 20 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन जैसे धार्मिक स्थलों के विकास के जरिए प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाने पर काम किया जा रहा है। इस पहल से पर्यटन को तो बढ़ावा मिलेगा ही, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

# आईआईए और एयूएस के बीच 16 ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर



समझौते होने के बाद एयूएस के प्रतिनिधियों के साथ आईआईए के अध्यक्ष दिनेश गोयल।

**नामसाई, अमृत विचार।** उत्तर-पूर्वी भारत में औद्योगिक क्रांति और सतत विकास को गति देने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का 35 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर है। इस दौरान नामसाई स्थित 'अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज' (एयूएस) के सहयोग से आयोजित 'व्यापार सम्मेलन और अरुणाचल निवेशक शिखर सम्मेलन' में क्षेत्र के आर्थिक कायाकल्प के लिए 16 महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। शिखर सम्मेलन का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने किया। इस अवसर पर नामसाई के विधायक चौ जिंगनु नामचूम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वांगलिन लोवांगडोंग और एयूएस के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी लोचन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिनेश गोयल ने कहा कि नामसाई, तिनसुकिया और आसपास के जिलों के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी उत्साहजनक है। हमने यहाँ विशेष रूप से हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। हमारा लक्ष्य ऐसे निवेश को बढ़ावा देना है जो आजीविका के अवसर पैदा करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करें और अरुणाचल प्रदेश में सतत विकास को मजबूती प्रदान करें। शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि एयूएस के 'यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री इंटरलिंकेज सेंटर' और आईआईए के सदस्य उद्योगों के बीच हुए 16 समझौते रहे। श्री गोयल ने इन समझौतों को पूर्वोत्तर के युवाओं और उद्यमियों के लिए नवाचार और अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल और कुलपति प्रो. अजय झा ने भी इस साझेदारी को ऐतिहासिक करार दिया। एयूएस प्रबंधन ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उत्तर-पूर्वी राज्यों के निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करेगा, जिससे क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो सके।

### अरुणाचल में खुलेगा निवेश का द्वार



नामसाई में आईआईए के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत।

# इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार

## एलपीजी संकट से निपटने की तैयारी, वाणिज्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी की उपलब्धता की चिंता के बीच इंडक्शन हीटर व उससे जुड़े बर्तनों की मांग बढ़ गई है, लिहाजा सरकार ने इनका उत्पादन बढ़ाने के उपाय तलाशने शुरू कर दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें कंपनियों को इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

पश्चिम एशिया संकट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है। इससे खाना पकाने की गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं और लोग इंडक्शन हीटर और उसके अनुकूल बर्तन खरीद रहे हैं। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल के साथ ऊर्जा सचिव, विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में चर्चा की गई कि इंडक्शन हीटर और उससे जुड़े इंडक्शन कुकर जैसे बर्तनों का उत्पादन किस तरह तेजी से बढ़ाया जा सकता है।



बेंगलुरु के एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को एलपीजी भरवाने के लिए लगी टेंपो की कतार।

### एलपीजी आपूर्ति स्थिर घबराहट में बुक न करें

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने दोहराया है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। लिहाजा लोग घबराहट में बुकिंग न करें। कंपनी के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति जारी है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल 43 प्रतिशत, डीजल 55 प्रतिशत महंगा हुआ

**इस्लामाबाद।** वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच पाकिस्तान ने पेट्रोल और हाईस्पीड डीजल की कीमतों में 43 प्रतिशत और 55 प्रतिशत की भारी वृद्धि की घोषणा की है। इस फैसले के तहत पेट्रोल की कीमत 321.17 रुपये से 137.23 रुपये प्रति लीटर यानी करीब 42.7 प्रतिशत बढ़ाकर 458.41 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। हाईस्पीड डीजल की कीमत 335.86 रुपये से 184.49 रुपये प्रति लीटर यानी करीब 55 प्रतिशत बढ़ाकर 520.35 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। इसके साथ, केरोसिन तेल की कीमत भी 34.08 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर 457.80 रुपये कर दी गई है। पाकिस्तान सरकार ने डीजल की कीमतों में वृद्धि को सीमित रखने के लिए पेट्रोलियम शुल्क दरों में भी बदलाव किया है। पेट्रोल पर शुल्क 105 रुपये से बढ़ाकर 160 रुपये लीटर कर दिया गया जबकि डीजल पर 55 रुपये प्रति लीटर के शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने इसे एक मुश्किल फैसला करार देते हुए कहा कि इसका मकसद सब्सिडी को केवल जरूरतमंद वर्गों तक सीमित रखना और वित्तीय अनुशासन बनाए रखना है।

## समुद्री भोजन निर्यात को वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वैश्विक सीफूड बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए निर्यात विविधीकरण और गुणवत्ता मानकों को अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप बनाने की दिशा में सक्रिय प्रयास शुरू किए हैं।

कहा गया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सरकार चुनिंदा वस्तुओं पर निर्भरता कम करने और उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उच्च मूल्य वाली प्रजातियों की जलीय कृषि को बढ़ावा दे रही है। निर्यात श्रृंखला को मजबूत करने के लिए मत्स्य विभाग मछली बीज उत्पादन, आधुनिक मत्स्य बंदरगाहों के निर्माण और निर्बाध शीत श्रृंखला नेटवर्क जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है।

### बांझपन के इलाज में एआई का इस्तेमाल हो

**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने देश में एआई की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी के मुताबिक, इसके तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में साप्ताहिक 10.29 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में साप्ताहिक आधार पर करीब 10.29 अरब डॉलर घट कर 688.06 अरब डॉलर के स्तर पर रहा। पिछले साल इसी समय की



तुलना में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 22.66 अरब डॉलर ऊंचा है। भारतीय रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी परिसम्पत्तियां उससे एक साल पहले की तुलना में 6.62 अरब डॉलर घट कर 551.07 अरब डॉलर के स्तर पर रहीं। इस सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.66 अरब डॉलर घट कर 113.52 अरब डॉलर के बराबर रहा।

## छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लें

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंशा जताई है कि सभी सरकारी विभाग छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें, ताकि जन विश्वास संशोधन विधेयक के अनुरूप न्यायपालिका पर बोझ कम हो और जीवन की सुगमता को बढ़ाया जा सके।

संसद ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने और कारोबारियों के उत्पीड़न को रोकने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन करने और लगभग 1,000 छोटे अपराधों को फौजदारी की श्रेणी से बाहर करने के लिए बृहस्पतिवार को जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया था।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, कानून में बदलावों के कारण इन सभी प्रावधानों की समीक्षा की जा सकती है। हम कानून मंत्रालय के साथ इस मुद्दे पर तय करेंगे कि संबंधित विभागों को इस बारे में किस तरह अवगत कराया जाए।

# बौद्ध कॉन्क्लेव में 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुशीनगर बना वैश्विक केंद्र, 2300 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी
- यूपी में होटल, टाउनशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की बड़ी संभावनाएं

**अमृत विचार:** कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव-2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में करीब तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए, जिससे पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है।

कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें दो हजार से अधिक भिक्षु, विद्वान और नीति-निर्माता शामिल थे। वहीं थाइलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से 300 से अधिक विदेशी मेहमान पहुंचे। इस दौरान होटल-रिजॉर्ट, रियल एस्टेट, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेशकों ने रुचि दिखाई। साथ ही कुशीनगर में दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि निवेश प्रस्तावों से होटल, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कॉन्क्लेव में यह भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को केवल तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास से जोड़ा जाए।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर कनेक्टिविटी को भी निवेश आकर्षित करने में अहम बताया गया। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट तेजी से मजबूत हो रहा है। वर्ष 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो इसकी बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता का प्रमाण है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी

हरिरामपुर, एजेंसी

### ममता बनर्जी ने लगाया आरोप, कहा- भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया, मुख्य आरोपी को भाजपा लाई थी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों का घेराव करने के लिए शुक्रवार को एआईएमआईएम और आईएसएफ को दोषी ठहराया, साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया।

दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने मुख्य आरोपी को एआईएमआईएम से लिया और हैदराबाद से यहां लेकर आई। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) उन लोगों के साथ है। भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी उकसाने का काम किया है। सीआईडी ने मुख्य आरोपी और अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, मालदा के मोथाबाड़ी में हिंसा की साजिश इन्हीं लोगों ने रची थी। पश्चिम बंगाल में अशांति फैलाने के लिए बाहर से गुंडों को लाने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने कहा, उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को भी नहीं बख्शा।



दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी सभा में पहुंची ममता।

> मोथाबाड़ी में कई घंटों तक न्यायिक अधिकारियों को घेरे रखने की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी को राज्य के आपराधिक जांच विभाग ( सीआईडी ) ने गिरफ्तार किया है। यह विभाग अब तक निर्वाचन आयोग के बजाय मेरे नियंत्रण में है। - **ममता बनर्जी**

ममता ने एआईएमआईएम पर आरोप लगाया कि उसने बिहार चुनाव में मतों को विभाजित करके भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की। राज्य में जारी एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर सहानुभति जताते हुए ममता ने कहा कि उन्होंने मतदाता सूची में उनके नाम शामिल किए जाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने सवाल उठाया कि विधानसभा चुनाव उसी सूची के आधार पर क्यों नहीं कराए जा सकते, जिसका इस्तेमाल 2024 के आम चुनाव में किया गया था। कहा, अगर मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम थे तो इससे पहले मोदी भी उनके वोट से चुनाव जीत चुके हैं इसलिए उन्हें तो सबसे पहले इस्तीफा देना चाहिए।

## तमिलनाडुः कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठन्गे सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है।

### बंगाल : शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रुकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच 2022 प्राथमिक शिक्षक अहर्ता परीक्षा ( टीईटी ) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की साक्षात्कार प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। लिखित परीक्षा 11 दिसंबर 2022 को हुई थी और इसके परिणाम 10 फरवरी 2023 को घोषित किए गए थे। पश्चिम बंगाल शिक्षा बोर्ड ने इस साल 12 मार्च को अधिसूचना जारी कर साक्षात्कार कार्यक्रम घोषित किया था।



तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में चुनाव प्रचार किया।

## तमिलनाडुः भाजपा ने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली/चेन्नई।** भाजपा ने तमिलनाडु के लिए शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को अवनाशी जबकि तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को मायलापुर सीट से मैदान में उतारा है। अटकलें थीं कि पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई भी चुनाव में किस्मत आजमाएंगे। हालांकि, अन्नामलाई ने पिता के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पार्टी से चुनाव प्रबंधक की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था।

# मोदी-हिमंत ने आदिवासियों के विकास के लिए रोडमैप बनाया : अमित शाह

**दुधनोई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने इस रोडमैप को लागू करने के लिए राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इस चलन को बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री और यहां असम में मुख्यमंत्री के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है।



- केंद्रीय गृहमंत्री ने चुनावी जनसभा में की राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी कराने की अपील

लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं, तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा। शाह ने कांग्रेस पर पलाशबाड़ी में आईआईएम की स्थापना के लिए लाए गए विधेयक को रोकने की कोशिश का भी आरोप लगाया।

# बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव नतीजो को प्रभावित करने को बुलाया विशेष सत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने तथा चुनावी लाभ हासिल करने के लिए इस महीने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।

- कांग्रेस ने लगाया आरोप कहा- ये चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि परिसीमन की प्रक्रिया में जल्दबाजी के खतरनाक नतीजे होंगे तथा हम राज्य स्तर पर लोकसभा सीटों की संख्या के तुलनात्मक अंतर में बदलाव नहीं चाहते। उन्होंने कहा, यह जानकारी भी मिली है कि लोकसभा की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की समानुपातिक वृद्धि की जाएगी और अगर ऐसा होता है तो दक्षिण, पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के छोटे राज्यों को नुकसान होगा। रमेश ने दावा भी किया कि महिला आरक्षण के विषय पर सरकार 30 महीने बाद जागी है तथा प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करके दोबारा श्रेय लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ परिसीमन का भी एकतरफा फैसला किया और विपक्ष के साथ कोई बातचीत नहीं की। महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र बृहस्पतिवार, दो अप्रैल को ही संपन्न होना था।

### बंगाल में चुनाव के लिए अतिरिक्त सीएपीएफ बलों की तैनाती की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ( सीएपीएफ ) की 500 कंपनियां मतगणना पूरी होने के बाद भी राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी सुखोई-30 हुआ विमान क्रीमिया में क्रैश

**मॉस्को।** एक सुखोई-30 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रीमिया में सामान्य प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया में आईं खबरों में बताया गया है कि दोनों पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर कूद गए। आरबीसी बिजनेस पोर्टल ने रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से विमान से कूद गए और उन्हें जमीनी तलाश एवं बचाव दल ने बचा लिया। पायलट खतरे से बाहर हैं। अत्यंत शक्तिशाली लड़ाकू विमान माना जाने वाला सुखोई-30 प्रशिक्षण उड़ान पर था। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि दुर्घटना के संभावित कारण या अन्य परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले 31 मार्च की शाम को क्रीमिया में एक एएन-26 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में 43 की मौत

**गोमा।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 43 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एडीएफ) के लड़ाकों ने बुधवार रात बाफवाकोआ गांव में नागरिकों को निशाना बनाया। युगांडा में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा यह विद्रोही समूह खुली सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। नागरिक समाज से जुड़े एक संगठन के सदस्य सैमुअल बनापिया ने फोन पर बताया कि उन्होंने गांव में घरों को आग लगा दी। कांगो की सेना ने कहा कि 43 लोग मारे गए हैं, जबकि स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या कम से कम 56 है। कई लोग लापता हैं और कम से कम दो लोगों को बंधक बनाया गया है। कांगो की सेना एडीएफ सहित पूर्वी क्षेत्र में कई अन्य विद्रोही समूहों से जूझ रही है।

### सूडान में अस्पताल पर ड्रोन हमले में 10 की मौत

**काहिरा।** सूडान के अर्धसैनिक बलों द्वारा बृहस्पतिवार को देश के दक्षिण-मध्य भाग में स्थित एक अस्पताल पर ड्रोन से किये गए हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक समूह ने बताया कि सूडानी अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने व्हाइट नाइल प्रांत के अल-जबलैन अस्पताल पर ड्रोन से दो हमले किए। इस हमले में एक ऑपरेशन थिएटर और एक प्रसूति वार्ड को निशाना बनाया गया। समूह ने बताया कि सेना और आरएसएफ के बीच गृहयुद्ध जारी है और इन ड्रोन हमलों में सात चिकित्सा कर्मियों सहित 10 लोग मारे गए

# सीबीएसई कक्षा 6 से तीन भाषा प्रणाली लागू करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नये फार्मूल में कक्षा 9 के लिए गणित, विज्ञान के दो स्तर होंगे

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 2026 से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अनिवार्य तीन-भाषा फार्मूला कक्षा 6 के लिए लागू किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान में अनिवार्य मानक एवं वैकल्पिक उन्नत पाठ्यक्रमों की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि भाषाओं को तीन चरणों-आर1, आर2 और आर3-में एक सुव्यवस्थित तीन-भाषा ढांचे के तहत व्यवस्थित किया गया है।

नए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे की सिफारिशों के अनुसार, इन तीन भाषाओं में से दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। कहा कि बहुभाषी शिक्षा के चरणबद्ध कार्यान्वयन के बोर्ड के प्रयासों को जारी रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से तीसरी भाषा को अनिवार्य कर दिया जाएगा।

## दुनिया के अस्तित्व पर गहराता संकट

21वीं सदी में दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां कूटनीति की भाषा धीरे-धीरे परमाणु निवारण की गूंज में दबती जा रही है। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों से चला आ रहा तनाव वैश्विक परमाणु सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। अमेरिका का स्पष्ट रुख है कि वह ईरान को परमाणु शक्ति संपन्न देश नहीं बनने देगा, जबकि ईरान का तर्क है कि उसका परमाणु कार्यक्रम ऊर्जा और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इस रस्साकशी के बीच, दुनिया के कई अन्य देश भी गोपनीय तरीके से अपनी परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे एक नई और खतरनाक हथियारों की दौड़ शुरू हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी इस आग को बुझाने की कोशिश में जुटी है, लेकिन महाशक्तियों के बीच बंटी दुनिया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गुटबाजी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।

## बढ़ता परमाणु खतरा



### खतरे के केंद्र में एशिया महाद्वीप

- एशिया, जो दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला महाद्वीप है, इस खतरे के केंद्र में है। ईरान का मुद्दा सीधे तौर पर पश्चिम और दक्षिण एशिया की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यदि यह तनाव युद्ध में बदलता है, तो इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि प्रलयंकारी होंगे। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन बनाए रखने की एक कठिन परीक्षा है। अगले कुछ वर्षों में वैश्विक नेतृत्व का कौशल इस बात पर निर्भर करेगा कि वे परमाणु प्रसार को रोकने और दुनिया को एक और महाविनाश से बचाने में कितने सफल होते हैं।

### आईएईए की भूमिका

- परमाणु प्रहरी : आईएईए दुनिया की परमाणु प्रहरी है। इसका मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग केवल शांतिपूर्ण कार्यों के लिए हो।
- निगरानी और निरीक्षण : आईएईए के निरीक्षक संदिग्ध परमाणु केंद्रों का दौरा करते हैं और सीसीटीवी कैमरों व सील के जरिए यूरेनियम की मात्रा पर नजर रखते हैं।
- तकनीकी रिपोर्टिंग : एजेंसी संयुक्त राष्ट्र को नियमित रिपोर्ट देती है कि क्या कोई देश परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

### हालिया रिपोर्ट

- चिंताजनक : आईएईए की हालिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि ईरान ने 60% शुद्धता तक यूरेनियम का भंडार बढ़ा लिया है। 60 से 90% (हथियार ग्रेड) तक पहुँचना तकनीकी रूप से बहुत आसान और कम समय लेने वाला काम है।
- निरीक्षण में बाधा : ईरान ने कई मौकों पर आईएईए निरीक्षकों के प्रवेश पर रोक लगाई है, जिससे गोपनीय परमाणु कार्यक्रम की आशंका और प्रबल हो गई है।

### संरा सुरक्षा परिषद का रुख

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान पर कई आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उसे परमाणु कार्यक्रम रोकने पर मजबूर किया जा सके। ● जहाँ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ईरान पर सख्त कार्रवाई चाहते हैं, वहीं रूस और चीन सॉफ्ट रुख अपनाते हैं।

### भारत और एशिया के समक्ष चुनौती

- ऊर्जा सुरक्षा : भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर है। युद्ध होने पर तेल की कीमतें आसमान छूएँगी, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।
- सामरिक संतुलन : यदि ईरान परमाणु बम बनाता है, तो सऊदी अरब और तुर्की जैसे देश भी परमाणु हथियार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिससे एशिया एक परमाणु बारूद घर बन जाएगा।
- चाबहार और कनेक्टिविटी : भारत का ईरान में चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट और मध्य एशिया तक पहुँचने का रास्ता खतरे में पड़ सकता है।

# वाणिज्यिक पोतों, तेल टैंकरों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका महत्वपूर्ण : राजनाथ

## आईएनएस तारागिरी नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल, विशाखापत्तनम में जलावतरण

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा आपूर्ति समेत देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है और ऐसे में उभरते समुद्री खतरों के बीच वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां आईएनएस तारागिरी के जलावतरण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, चाहे वह फारस की खाड़ी हो या मलक्का जलडमरूमध्य।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह लोगों को निकालने का अभियान हो या मानवीय सहायता पहुंचाना, हमारी नौसेना हमेशा सबसे आगे रहती है। मुझे लगता है कि हमारी नौसेना भारत के मूल्यों और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेरा मानना है कि आईएनएस तारागिरी के सेवा में शामिल होने से हमारी नौसेना की शक्ति, मूल्यों एवं प्रति बद्धता में और भी वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के कारण तेल आपूर्ति में बाधा और टैंकरों को रोके जाने की स्थिति के बीच रक्षामंत्री की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना देश के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्र में कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हमारी नौसेना लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखती है ताकि वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। जब भी वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, भारतीय नौसेना हमारे वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना ने यह साबित किया है कि वह न केवल देश के हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुनिया भर में अपने नागरिकों और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षमता भारत को एक ज़िम्मेदार समुद्री शक्ति बनाती है।

### दुश्मन की गतिविधियों पर हर पल होगी भारत की नजर

रक्षा मंत्री के अनुसार, आईएनएस तारागिरी ऐसी प्रणाली से लैस है जिसे दुश्मन की गतिविधियों पर नज़र रखने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और ज़रूरत पड़ने पर तुरंत जवाबी कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिंह ने कहा कि इसमें आधुनिक रडार, सोनार और मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं जैसे कि ब्रह्मोस और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जो इसकी अभियानगत क्षमता को और बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि तीव्र युद्ध से लेकर समुद्री सुरक्षा, समुद्री दस्यु-रोधी अभियानों, तटीय निगरानी और मानवीय मिशन तक-यह हर भूमिका में पूरी तरह से उपयुक्त बैठता है, जो इसे एक अद्वितीय नौसैन्य मंच बनाता है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत चौथे प्लेटफॉर्म के रूप में, तारागिरी 6,670 टन वजनी युद्धपोत है, जिसे मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। यह उन्नत डिज़ाइन और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का बेजोड़ उदाहरण है। यह जटिल समुद्री वातावरण में गुप्त अभियान चलाने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम है।






### परमाणु चालित पनडुब्बी अरिदमन सेवा में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत ने स्वदेशी रूप से निर्मित अपनी नई परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को शुक्रवार को सेवा में शामिल कर लिया, जिससे देश के परमाणु त्रय के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली है। भारत का परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) कार्यक्रम एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। आईएनएस अरिहंत एसएसबीएन परियोजना के तहत पहली पनडुब्बी थी, जिसके बाद दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघात आई। भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। जिन देशों के पास ऐसी क्षमताएं हैं, उनमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं।

# म्यांमार की संसद ने मौजूदा जनरल मिन आंग ह्लाइंग को चुना राष्ट्रपति

**बैंकॉक, एजेंसी**

म्यांमार की संसद ने शुक्रवार को मिन आंग ह्लाइंग को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया जो सेना के जनरल रह चुके हैं। ह्लाइंग ने 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था और पिछले पांच वर्षों से सत्ता पर अपना कड़ा नियंत्रण बनाए रखा। यह कदम औपचारिक रूप से निर्वाचित सरकार की वापसी को दर्शाता है।

हालांकि व्यापक रूप से इसे सेना द्वारा आयोजित चुनाव के बाद सत्ता में बने रहने के उसके प्रयास के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि विरोधियों और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों ने इस चुनाव को न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष माना है। निर्वाचित सरकार की स्थापना होने से, देश में सैन्य तख्तापलट के बाद दक्षिण-पूर्वी एशिया के कुछ पड़ोसी देशों के साथ बिगड़े संबंधों के सुधरने की उम्मीद है। चीन और रूस ने सैन्य प्रशासन का समर्थन किया है, जबकि पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं। मिन आंग ह्लाइंग राष्ट्रपति पद के लिए तीन नामांकित व्यक्तियों में से एक थे, लेकिन सैन्य समर्थित दलों के सांसदों और सेना द्वारा नियुक्त सदस्यों का



- ह्लाइंग ने ही किया था आंग सू की सरकार को सत्ता से बेदखल

संसद में भारी बहुमत होने के कारण उनकी नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही थी।

मतदान राजधानी नेपीताव में नवनिर्मित संसद भवन में हुआ, जो पिछले साल आए भूकंप में क्षतिग्रस्त हो गया था। संसद के संयुक्त ऊपरी और निचले सदन के अध्यक्ष आंग लिन ड्वे ने घोषणा की कि मिन आंग ह्लाइंग ने 584 में से 429 वोट हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर रहे दोनों उम्मीदवार उपराष्ट्रपति बने हैं। पूर्व जनरल न्यो सॉ, जो मिन आंग ह्लाइंग के सलाहकार रह चुके हैं और सैन्य समर्थक यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी की करेन जातीय समूह की नेता नान नी नी ऐ देश की पहली महिला उपराष्ट्रपति होंगी। इन तीनों का शपथ ग्रहण

## आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना

**केप केनवरल।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने बृहस्पतिवार रात अपने इंजन चालू किए और चंद्रमा की ओर प्रस्थान किया, जिससे दशकों तक पृथ्वी की कक्षा तक सीमित रहे मानव कदम अब चांद की ओर बढ़ गए हैं। प्रक्षेपण के 25 घंटे तक पृथ्वी के करीब रहने के बाद हुआ यह 'ट्रांसलूनर इग्निशन' तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री को अगले सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा के पास से गुजरने की दिशा में ले जाएगा। उनका ओरियन कैप्सूल पृथ्वी की कक्षा से निकलकर लगभग चार लाख किलोमीटर दूर चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अधिकारी लोरी ग्लेज ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 1972 में अपोलो-17 के बाद पहली बार इंसान पृथ्वी की कक्षा से बाहर गए हैं। उन्होंने बताया कि इंजन का संचालन पूरी तरह सफल रहा। कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने कहा कि वह और उनके साथी खिड़कियों से पृथ्वी को दूर जाते हुए देख रहे थे और यह दृश्य अद्भुत था। हैनसेन ने कहा कि मानवता ने एक बार फिर दिखा दिया है कि हम क्या कर सकते हैं और भविष्य के लिए आपकी उम्मीदें ही हमें चंद्रमा की यात्रा पर आगे बढ़ा रही हैं।

- मिशन में शामिल हैं तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री

## दलितों से माफी मांगेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के देश के दलितों पर सदियों से हो रहे अत्याचार को लेकर माफी मांगने के ऐलान का आम लोगों, सामाजिक संगठनों ने दिल खोल कर स्वागत किया है। गौरतलब है कि नेपाल में दलित समुदाय को दशकों से देश की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं से व्यवस्थित रूप से बाहर रखा गया है। उनको पीढ़ियों से, सामाजिक जगहों और सरकारी तंत्र, दोनों में ही गंभीर अन्याय और अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा है। सदियों से चले आ रहे इस उत्पीड़न को स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली नई सरकार ने अपने 100-सूत्रीय कार्ययोजना के हिस्से के तौर पर, दलितों और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों से औपचारिक रूप से माफी मांगने और 15 दिनों के भीतर उनके उत्थान के लिए विशेष सुधार कार्यक्रमों की घोषणा करने का फैसला किया। उनके इस ऐलान का दलित समुदाय के नेताओं, समाज सुधार के लिए काम करने वाले संगठनों ने खुशी का इजहार किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है। स्थानीय मीडिया काठमांडू पोस्ट ने लिखा है कि यह एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण क्षण है। फिर भी, वास्तविक बदलाव लाकर इस माफी को सार्थक बनाना, कहने में जितना आसान है, करने में उतना ही मुश्किल है।

**माफी मांगने के प्रधानमंत्री के ऐलान का आमजन और संगठनों ने किया स्वागत**

## महावीर सिंघवी बने टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत

**ओटावा।** वरिष्ठ राजनयिक महावीर सिंघवी ने टोरंटो में भारत के नये महावाणिज्यदूत के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नई दिल्ली और ओटावा व्यापार, निवेश एवं ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक विस्तार देने की कोशिशों में जुटे हैं। सिंघवी भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1999 बैच के अधिकारी हैं। वह नई भूमिका संभालने से पहले नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे।

## अमेरिका सेना प्रमुख जनरल रैंडी को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को उनके पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान संघर्ष को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन के एक दिन बाद गुरुवार को आया है। ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले दो से तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है।

जनरल जॉर्ज के अलावा दो अन्य उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। इनमें मेजर जनरल विलियम ग्रीन जूनियर और जनरल डेविड होडने शामिल हैं। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ये कदम इस अस्थिर दौर में रक्षा विभाग के ढांचे को नया रूप देने के रक्षा मंत्री के व्यापक प्रयासों का हिस्सा हैं। हालांकि जनरल जॉर्ज के कार्यकाल में एक साल से अधिक का समय शेष था।


## रोका जाए पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि पांचवें हफ्ते में पहुंच चुका ईरान युद्ध पूरे क्षेत्र को एक व्यापक संघर्ष की ओर धकेल रहा है, जिससे वैश्विक आर्थिक और मानवीय संकट पैदा हो सकता है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए गुटेरेस ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा, यह युद्ध जितने दिन खिंचेगा, मानवीय पीड़ा उतनी ही बढ़ेगी। हम एक व्यापक युद्ध के मुहाने पर हैं जो पूरे पश्चिमी एशिया को अपनी चपेट में ले लेगा और इसका दुनिया भर में नाटकीय असर होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इसके वैश्विक आर्थिक और मानवीय परिणामों पर जोर देते हुए फिलीपींस से लेकर श्रीलंका और मोजाम्बिक तक के कमजोर समुदायों पर खाद्य और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर इशारा करते हुए चेतावनी दी कि जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता में बाधा आने से दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है।


## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष: आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। स्वाति नक्षत्र आपके निर्णयों को तीक्ष्ण बनाएगा। निवेश सोच-समझकर करें।


तुला: आज चंद्रमा आपकी राशि में आत्मविश्वास, सौंदर्य, लोकप्रियता सब बढ़ेगा। अधिक भावुक निर्णय से बचें।


वृष: आज संबंधों में मधुरता रहेगी। चंद्र तुला से पारिवारिक सामंजस्य बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर, पर खर्च भी बढ़ सकते हैं।



वृश्चिक: आज गुप्त शत्रु शांत होंगे। न्याय आपके पक्ष में होगा। भूमि-भवन से लाभ होगा। ध्यान-योग लाभकारी रहेगी।


मिथुन: आज बौद्धिक क्षमता शिखर पर। प्रतियोगी परीक्षा, लेखन और स्क्रिप्टिंग सबमें सफलता मिलेगी। कोई नया अवसर मिल सकता है।


धनु: आज धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कोई अनुभवी व्यक्ति मार्गदर्शन देगा। लक्ष्य स्पष्ट होंगे। दांपत्य में सामंजस्य मजबूत होगा।


कर्क: आज चंद्रमा की स्थिति मानसिक हलचल ला सकती है। घर-परिवार में सहमति बनेगी। वाहन चलाते समय सावधानी।


मकर: आज करियर में मजबूत स्थितियां रहेंगी। रूके हुए काम पूरे होंगे। नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।


सिंह: आज आकर्षण और करिश्मा बढ़ेगा। लोगों पर प्रभाव जमाएंगे। मीडिया, क्रिएटिविटी और पब्लिक डीलिंग वालों के लिए लाभप्रद है।



कुंभ: आज यात्रा, व्यापार, कम्युनिकेशन सब आपके पक्ष में होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभ देगी।


कन्या: आज आपकी योजना और रणनीति सफल रहेगी। व्यापार में विस्तार, नौकरी में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।


मीन: आज के दिन नए काम की शुरुआत शुभ होगी। मंगल-शनि का प्रभाव आपको दृढ़ और कार्यशील बनाएगा। आर्थिक वृद्धि के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 10 .08 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 21.35 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

### सुडोकू -109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

## मुक्त न्याय

### न्यायमूर्ति विक्रमनाथ बोले-प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली, माहौल बदल दिया

# अदालती कार्यवाही के प्रसारण से मजबूत होती है जवाबदेही

**अहमदाबाद, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, बल्कि उस माहौल को बदल दिया है, जिसमें उनकी वैधता स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल एकीकरण अब सिर्फ़ एक अतिरिक्त चीज नहीं, बल्कि एक प्रक्रियागत नियम बन गया है। वह यहां डिजिटल गणराज्य में मुक्त न्याय विषय पर 21वां न्यायमूर्ति पीडी. देसाई स्मृति व्याख्यान दे रहे थे।

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि अदालती कार्यवाही के इंटरनेट के माध्यम से सीधे प्रसारण से व्यवस्था के अंदर जवाबदेही मजबूत होती है, आम लोगों तक पहुंच बढ़ती है, संस्था अपने लोगों से जुड़ी रहती है, और यह भारत में कानूनी साक्षरता को बेहतर बनाने का सबसे असरदार जरिया बन सकती है। उन्होंने कहा कि आज नागरिक फोन और सोशल मीडिया मंचों के जरिये सीखते हैं, परिचर्चा करते हैं, आलोचना करते हैं और हिस्सा लेते हैं। सार्वजनिक जवाबदेही अब तेजी से डिजिटल क्षेत्रों में आकार ले रही है। प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, लेकिन इसने उस माहौल को बदल दिया है जिसमें उनकी वैधता आकार लेती है। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी गरिमा और निष्पक्षता से समझौता किए बिना पब्लिक गैलरी का विस्तार कर सकती है, तो खुलापन उस संवैधानिक वादे के और करीब आ जाता है, जिसका लाभ आम नागरिक उठा सकते हैं।



### संस्थागत प्रवृत्ति से ही संवैधानिक विचार सार्थक

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ ने बताया कि कोई भी संवैधानिक विचार तभी सार्थक होता है, जब वह संस्थागत प्रवृत्ति में बदल जाए। न्यायमूर्ति नाथ उस समय गुजरात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, जब 26 अक्टूबर 2020 को कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अदालत की कार्यवाही का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण शुरू किया गया था। ऐसा करने वाला यह देश का पहला हाईकोर्ट था। जुलाई 2021 में पूरी अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी गई।

## पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती कार हमले में पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक पुलिस थाने को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती कार हमले में बृहस्पतिवार देर रात एक ही परिवार के चार सदस्य समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी गाड़ी को खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले की डोमेल तहसील स्थित पुलिस थाने के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे एक जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसकी आवाज कई मील दूर तक सुनाई दी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। विस्फोट के तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया। किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बचाव दल ने मौके से पांच शव बरामद किए हैं।



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का कोई इरादा नहीं है। परिवार को समय देने के लिए उन्होंने संन्यास का फैसला किया था। मैंने दो सप्ताह तक सोचा, लेकिन फिर फैसला लिया कि वापसी नहीं करनी है।
–हेनरिच क्लासेन



## IPL 2026

### आज के मुकाबले

1 दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस
समय - दोपहर 3:30 बजे

2 राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट

#### डेल स्टेन की स्विंग ने तेज गेंदबाज बनने के लिए किया प्रेरित : नबी

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी औकिब नबी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन की तेज गति से गेंद को स्विंग कराने की क्षमता ने उन्हें तेज गेंदबाज बनने के लिए प्रेरित किया। इस साल जम्मू-कश्मीर को रणजी ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले नबी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हैं। उन्हें शनिवार को दिल्ली के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है। नबी ने जियो हॉटस्टार से कहा बचपन में मैं डेल स्टेन को गेंदबाजी करते हुए देखता था। जिस तरह से वह तेज गति से गेंद को स्विंग कराते थे, उससे मुझे तेज गेंदबाज बनने की प्रेरणा मिली और उम्मीद है कि एक दिन मैं भारत के लिए खेलूंगा। उन्होंने कहा क्रिकेट खेलने के कारण मुझे पिता से बहुत डांट पड़ती थी। वह नहीं चाहते थे कि मैं क्रिकेटर बनूं। वह चाहते थे कि मैं डॉक्टर बनूं।

# पंजाब ने चेन्नई को उसी के घर पर दी मात, लगातार दूसरी जीत दर्ज की

## आईपीएल-2026 : कप्तान श्रेयस अय्यर, प्रभसिमरन और प्रियांश ने खेलीं विस्फोटक पारियां

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान श्रेयस अय्यर (50), प्रभसिमरन सिंह (43) और प्रियांश आर्य (39) की विस्फोटक पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल 2026 के सातवें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर आठ गेंदें शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त देते हुए टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स की टीम चार अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में मैट हेनरी ने प्रियांश आर्य को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। प्रियांश आर्य ने तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 39 रन बनाये। नौवें ओवर में प्रभसिमरन सिंह रनआउट हुये। प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 43 रनों की पारी खेली। इसके बाद 12वें ओवर में अंशुल काम्बोज ने कूपर कॉनली का शिकार कर लिया। कूपर कॉनली ने 22 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 36 रन बनाये। 17वें ओवर में अंशुल काम्बोज ने श्रेयस अय्यर आउट कर पंजाब को चौथा झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने 29 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। अगले ही ओवर में मैट हेनरी ने नेहाल बढ़ेर (10) का शिकार कर पंजाब किंग्स को संकट में डाल दिया। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवरों में पांच विकेट पर 210 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम कर लिया। शशांक सिंह (14) और मार्कस स्टॉयनिस (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

यह चेन्नई सुपर किंग्स की घरेलू मैदान में यह छठी हार है और अंक तालिक में सबसे निचले पायदान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स ने मैट हेनरी और अंशुल काम्बोज ने दो-दो विकेट लिये। इससे पहले आज यहां आयुष म्हात्रे (73) और शिवम दुबे (नाबाद 45) की शानदार पारियों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 209 रनों का स्कोर बनाया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ओवर में जेवियर बार्टलेट ने संजू सैमसन (सात) को आउट कर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आयुष म्हात्रे ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। 12वें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने ऋतुराज गायकवाड़ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ऋतुराज गायकवाड़ ने 22 गेंदों में दो चौके लगाते हुए 28 रन बनाये। अगले ही ओवर में विजयकुमार वैशक ने आयुष म्हात्रे का भी शिकार कर लिया। आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में पांच छक्के और छह चौके लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली। कार्तिक शर्मा एक रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। सरफराज खान ने 12 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। उन्हें विजयकुमार वैशक ने आउट किया।

### चेन्नई सुपर किंग्स

**209/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का प्रभसिमरन बो बार्टलेट | 07 |
| रुतुराज गायकवाड़ का वढेरा बो चहल | 28 |
| आयुष म्हात्रे का चहल बो विशाख | 73 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बो यानसेन | 01 |
| सरफराज खान का वढेरा बो विशाख | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 17 रन

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0

### पंजाब किंग्स

**210/5** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो हेनरी | 49 |
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 43 |
| कूपर कोनोली का हेनरी बो कम्बोज | 36 |
| श्रेयस अय्यर का चाहर बो कम्बोज | 50 |
| निहाल वढेरा का नूर अहमद बो हेनरी | 10 |
| शशांक सिंह नाबाद | 14 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 09 |

अतिरिक्त : नौ रन

गेंदबाजी : खलील 3-0-28-0, हेनरी 4-0-54-2, कम्बोज 3.4-0-43-2, नूर 4-0-38-0, चाहर 4-0-46-0

### अंक तालिका


| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 5. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 6. | सनराइजर्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

### ऑरेंज कैप



कूपर कॉनली
पंजाब किंग्स 108
अंगकृष रघुवंशी
केकेआर 103
ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन

### पर्पल कैप



विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
जयदेव उनादकट
हैदराबाद 4 विकेट
ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट

# ग्रीन ने केकेआर का बिगाड़ दिया संतुलन : गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले-टीम को एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना चाहिए

महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करने की बात कही क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सीमित भूमिका ने इस आईपीएल में उनकी टीम का संतुलन बिगाड़ दिया है।

ग्रीन को आईपीएल से संन्यास ले चुके आंद्रे रसेल की जगह नीलामी में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था और वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यभार प्रबंधन के कारण केकेआर के पहले दो मैच में गेंदबाजी नहीं कर पाए। यह बात टीम प्रबंधन को पसंद नहीं आई। गावस्कर ने कहा अगर कैमरन ग्रीन गेंदबाजी नहीं करने वाले हैं तो केकेआर को अपने संयोजन के बारे में सोचना होगा। अगर वह गेंद से योगदान नहीं दे रहे हैं तो उन्हें किसी दूसरे विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना पड़ सकता है। मुंबई इंडियंस से हार से अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद केकेआर को बृहस्पतिवार को सनराजइर्स हैदराबाद से 65 रन से एक और हार का सामना करना पड़ा।

गावस्कर ने कहा हम जानते हैं कि उसने आईपीएल में शतक जड़ा है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर सकता है लेकिन हाल में उसकी फॉर्म अच्छी नहीं रही है।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम पर होगी निगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले मैच में पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे केएल राहुल

दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को यहां जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा, लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है।



अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव (दाएं) और दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निस्संका भी नहीं टिक पाए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया। इसके बाद 22 वर्षीय समीर रिजवी ने 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। रिजवी का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा संकेत है लेकिन शीर्ष क्रम में उसकी कमजोरी चिंता का विषय है। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगुवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। उसके पास दो विकल्प हैं। या तो पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने अभिषेक पोरेल या फिर निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे पृथ्वी साव पर भरोसा दिखाए। दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी। मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया।

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटंस के राशिद खान। एजेंसी

# सूर्यवंशी के सामने टाइटंस के तेज गेंदबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

अहमदाबाद, एजेंसी

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की।

उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्धशतक जड़ दिया था जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है। राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं तथा वह गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे। गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। कप्तान गिल (27 गेंदों में 39 रन) और बटलर (33 गेंदों में 38 रन) दोनों ही मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रंग में नहीं दिखे।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव।

# मेरे स्ट्राइक रेट की आलोचना करने के पीछे खास एजेंडा : रहाणे

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं।

केकेआर की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गयी। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया। गुरुवार को 10 गेंदों में आठ रन बनाने वाले केकेआर के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया।



रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे।

रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। रहाणे ने कहा जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है।

# पहले ही मैच में घबराने की जरूरत नहीं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल में पहले ही मैच के बाद शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट के पहले मैच में शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की मैच विजयी साझेदारी से छह विकेट से जीत हासिल की।

केएल राहुल पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए जबकि पाथुम निसांका को रन बनाने में मुश्किल हुई और नीतिश राणा आक्रामक खेल दिखाने की कोशिश में आउट हो गए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कुलदीप ने कहानीतिश कई साल से खेल रहे हैं और आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी हैं।

सही कदम | पिता योगराज सिंह के विवादित बयानों पर जताया अफसोस

# युवराज ने धोनी और कपिल से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह ने कहा कि उनके पिता योगराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव के बारे में गुस्से में जो बातें कहीं, वे गलत थीं और इसके लिए माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की इन विवादित बातों से सहमत नहीं हैं और इन खिलाड़ियों से दिल से माफी मांगते हैं। युवराज ने 'स्पोर्ट्स तक' के साथ एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में अपने पिता के उस विवादित मुद्दे पर बात की जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय टीम से उनके बाहर होने के लिए धोनी को दोषी ठहराया था और साथ ही उन्होंने बीते समय में चयन के मुद्दों को लेकर भी कपिल को गाली दी थी। युवराज ने कहा मैं कपिल और एम एस धोनी से इन टिप्पणियों के लिए माफी मांगना चाहता हूं क्योंकि कपिल पाजी भारत के लिए एक महान खिलाड़ी रहे हैं। उनके (योगराज और कपिल) बीच कैसा रिश्ता था, मुझे नहीं पता, मैं तो तब पैदा भी नहीं हुआ था।



उन्होंने कहा मैं धोनी के साथ खेला हूं और उनके साथ अपने रिश्ते को लेकर मेरी उम्मीदें थीं। लेकिन मेरे पिता ने उनके बारे में जो कहा, मैंने उनसे कहा कि यह ठीक नहीं है। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक रहे इस आलराउंडर ने कहा मैंने उनसे कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि इसका असर मुझ पर पड़ता है। मैं उनके साथ खेला हूं और मैं चाहूंगा कि आप उनके बारे में ये बातें नहीं कहें।

युवराज ने कहा कि कपिल और धोनी दोनों अच्छी तरह जानते हैं कि उनके पिता के बयान किसी भी तरह से उनके अपने विचारों को नहीं दिखाते हैं। उन्होंने कहा जो कोई भी कारण हों, आप जानते हैं कि वे क्या हैं। लेकिन मैं उन दोनों से इन शब्दों के लिए ईमानदारी से माफी मांगना चाहूंगा लेकिन वे यह भी जानते हैं कि ये शब्द मेरे नहीं हैं। क्रिकेटर के तौर पर, उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है।

### पिता के अंदर दोनों के प्रति भरा है गुस्सा

कपिल उत्तर क्षेत्र और हरियाणा के कप्तान थे और योगराज का कहना है कि तब उन्होंने उन्हें 'बिना किसी वजह' टीम से बाहर कर दिया था जिसके कारण उन्होंने कपिल को उनके घर पर गाली दी और फिर क्रिकेट छोड़ दिया। धोनी के मामले में योगराज ने कहा युवराज के टीम से बाहर होने का कारण वही थे। 2011 में विश्व कप जीतने के बाद युवराज ने क्रिकेट में वापसी करने के लिए कैंसर से लड़ाई लड़ी और जब उन्हें उस साल विश्व कप के लिए नहीं चुना गया तो उन्होंने 2019 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया। योगराज ने कहा युवराज के करियर को बर्बाद करने के लिए धोनी जिम्मेदार थे इसलिए माफ नहीं करेंगे।